मंगलवार, 8 जुलाई 2025
**मौसम**
तापमान 25 – 30
आर्द्रता 77%
सूर्योदय: 4:57 सूर्यास्त: 18:25

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा
कोलकाता, आषाढ़ शुक्लपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये




संविधान की प्रस्तावना बच्चों के लिए माता-पिता की तरह है, इसे बदला नहीं जा सकता : उपराष्ट्रपति धनखड़ पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : स्वयं संघर्ष करने पर किसी वस्तु की असली कीमत समझ में आती है।




RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## एसएससी मामला : हाई कोर्ट ने दागी अभ्यर्थियों को नयी स्कूल नौकरी भर्ती में भाग लेने से रोका

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) को 2016 की चयन प्रक्रिया के चिह्नित दागी अभ्यर्थियों को 2025 की नयी भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने से रोकने का सोमवार को निर्देश दिया, जिसे एसएससी ने हाल ही में उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार अधिसूचित किया है। साथ ही, अदालत ने आदेश दिया कि यदि ऐसा कोई दागी अभ्यर्थी पहले ही नौकरी के लिए आवेदन कर चुका पाया जाता है, तो एसएससी ऐसे आवेदन को रद्द माने। न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य की पीठ ने एसएससी द्वारा जारी 2025 भर्ती दिशा-निर्देशों को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं की सुनवाई के बाद



निर्देश पारित किया और स्पष्ट रूप से कहा कि आयोग को उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित समयसीमा के अनुसार नयी चयन प्रक्रिया पूरी करनी होगी। बता दें कि राज्य सरकार द्वारा सहायता प्राप्त विद्यालयों में रिक्त शिक्षण एवं गैर-शिक्षण पदों पर नयी भर्ती के लिए एसएससी द्वारा 30 मई से एक के बाद एक अधिसूचनाएं जारी की गई हैं, जिसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई है। शिक्षा विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार, शिक्षण पदों के लिए ही अब तक 3.5 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। अदालत ने कहा कि बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार ने पूरी चयन प्रक्रिया को ऐसी क्षति पहुंचाई है जिसकी क्षतिपूर्ति नहीं की जा सकती। अदालत ने 17 अप्रैल को अपने पहले के आदेश में संशोधन करते हुए कहा कि केवल वे शिक्षक ही, जिनकी पहचान बेदाग के रूप में हुई है, नयी भर्ती प्रक्रिया पूरी होने तक अपने संबंधित पदों पर अध्यापन जारी रख सकते हैं तथा उन्हें नयी चयन प्रक्रिया में नए सिरे से भाग लेने की अनुमति दी। उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी तत्काल अपील में याचिकाकर्ताओं ने भर्ती दिशानिर्देशों को चुनौती दी, जिसके तहत 'दागी' शिक्षकों को नए सिरे से आवेदन करने की अनुमति दी गई है और वास्तव में अनुभव के लिए अधिकतम 10 अतिरिक्त अंक दिए गए हैं। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि मौजूदा दिशानिर्देश उच्चतम न्यायालय के आदेश का उल्लंघन हैं। उन्होंने दावा किया कि भर्ती एसएससी द्वारा 2016 में जारी चयन नियमों के अनुसार की जानी चाहिए। तरीकों से नियुक्ति हासिल की। लेकिन अदालत ने उनकी दलील को खारिज कर दिया है।

## देश में पहली बार लोग खुद भर सकेंगे जनगणना का फॉर्म

**नयी दिल्ली :** आगामी जनगणना के दौरान खुद से विवरण देने के लिए एक विशेष वेब पोर्टल शुरू किया जाएगा, जो राष्ट्रीय गणना प्रक्रिया के दोनों चरण के लिए उपलब्ध होगा। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश की पहली डिजिटल जनगणना में गणनाकर्ता एंड्रॉयड और एप्पल मोबाइल फोन पर ऐप का इस्तेमाल करके नागरिकों के आंकड़े एकत्र करेंगे। यह देश में पहली बार होगा कि नागरिकों को एक विशेष वेब पोर्टल के माध्यम से स्वयं विवरण जमा करने का अवसर मिलेगा, जो जनगणना के दोनों चरण- मकान सूचीकरण और आवास जनगणना (एचएलओ) और जनसंख्या गणना के लिए उपलब्ध होगा। एक अधिकारी ने बताया, डिजिटल जनगणना पहल जनगणना प्रक्रिया को आधुनिक बनाने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है। पहली बार, डेटा एकत्र करने और इसे केंद्रीय सर्वर पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेजने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे जनगणना डेटा की शीघ्र उपलब्धता होगी। संग्रहण, प्रेषण और भंडारण के समय डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बहुत कड़े डेटा सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे।

## कल देशव्यापी हड़ताल पर जाएंगे 25 करोड़ कर्मचारी

**नयी दिल्ली :** बैंकिंग, बीमा से लेकर कोयला खनन, राजमार्ग और निर्माण क्षेत्र में लगे 25 करोड़ से अधिक कर्मचारी नौ जुलाई को देशव्यापी आम हड़ताल पर जाने वाले हैं जिससे देशभर में जरूरी सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। दस केंद्रीय श्रमिक संगठनों और उनके सहयोगी इकाइयों के एक मंच ने 'सरकार की मजदूर विरोधी, किसान विरोधी और राष्ट्र विरोधी कॉरपोरेट-समर्थक नीतियों का विरोध करने' के लिए इस आम हड़ताल या 'भारत बंद' का आह्वान किया है।

## अगले वर्ष भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता 'मानवता सर्वप्रथम' दृष्टिकोण पर आधारित होगी : प्रधानमंत्री मोदी

**रियो डी जेनेरियो :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि जलवायु महत्वाकांक्षा और वित्तपोषण के बीच की खाई को पाटने में विकसित देशों पर विशेष जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता में मानवता सर्वप्रथम दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में सोमवार को अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि भारत (ब्रिक्स) समूह को एक नये स्वरूप में परिभाषित करने के लिए काम करेगा और इसका उद्देश्य ''सहयोग एवं स्थिरता के लिए लचीलेपन एवं नवाचार का निर्माण



करना'' होगा। भारत अगले वर्ष ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा। उन्होंने कहा, जिस प्रकार हमने अपनी अध्यक्षता के दौरान जी-20 को व्यापकता दी, एजेंडे में 'ग्लोबल साउथ' के मुद्दों को प्राथमिकता दी, उसी प्रकार ब्रिक्स की अध्यक्षता के दौरान हम इस मंच को जन-केंद्रित और मानवता सर्वप्रथम की भावना के साथ आगे ले जाएंगे। मोदी 'पर्यावरण, सीओपी-30 और वैश्विक स्वास्थ्य' विषय पर आयोजित सत्र में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, भारत के लिए जलवायु न्याय कोई विकल्प नहीं है; यह एक नैतिक कर्तव्य है। भारत का मानना है कि जरूरतमंद देशों को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और किफायती वित्तपोषण के बिना जलवायु कार्रवाई जलवायु वार्ता तक ही सीमित रहेगी।

## अवैध एनआरआई कोटा के जरिये प्रवेश के खिलाफ बंगाल और ओडिशा सरकार ने कार्रवाई नहीं की : ईडी

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि विदेश मंत्रालय की ओर से 'धोखाधड़ी की स्पष्ट जानकारी' प्रदान किये जाने के बावजूद अनिवासी भारतीय (एनआरआई) कोटे के तहत कुछ निजी चिकित्सा कॉलेजों में अयोग्य अभ्यर्थियों के प्रवेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल और ओडिशा की सरकारों ने कोई कार्रवाई नहीं की। संघीय जांच एजेंसी ने कहा कि उसने इस मामले में अतीत में तलाशी के दौरान 'आपत्तिजनक' सबूत जब्त किए हैं। ईडी ने कहा कि पश्चिम बंगाल के एक निजी कॉलेज की 6.42 करोड़ रुपये की सावधि जमा को अस्थायी रूप से कुर्क किया गया है। इसने पहले इन कथित अनियमितताओं में शामिल कुछ कॉलेजों और व्यक्तियों की 12.33 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी। ईडी के मुताबिक, जांच में पाया गया कि इन राज्यों में एमबीबीएस, एमडी और एमएस पाठ्यक्रम प्रदान करने वाले कुछ निजी चिकित्सा कॉलेजों के प्रबंधन ने अभ्यर्थियों के लिए 'फर्जी' कागजात बनाने के लिए एजेंटों के साथ मिलीभगत की जैसे कि एनआरआई संबंधी दूतावास के दस्तावेज और परिवार का ब्योरा। ''ये निजी चिकित्सा कॉलेज फर्जी दस्तावेज तैयार करने के लिए एजेंटों को पैसे दे रहे थे। एजेंटों ने पैसे देकर किसी अन्य एनआरआई से संपर्क किया और उनके प्रमाण-पत्र प्राप्त किए और इनका इस्तेमाल फर्जी दस्तावेज तैयार करने में किया। इसके बाद जाली दस्तावेजों के आधार पर इन एनआरआई को छात्रों के प्रायोजक के रूप में पेश किया।''

## मैं पाकिस्तानी सेना का एजेंट, मुंबई अटैक में था शामिल: तहव्वुर राणा का सबसे बड़ा कबूलनामा

**नयी दिल्ली :** 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा ने पाकिस्तान को लेकर बड़ा खुलासा किया है। तहव्वुर ने कहा है कि वह पाकिस्तानी सेना का सबसे भरोसेमंद एजेंट था। उसने इस बात को भी कबूल कर लिया है कि वह मुंबई में हुए आतंकी हमले की साजिश में शामिल था। तहव्वुर अभी एनआईए की कस्टडी में है और दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच उससे पूछताछ कर रही है। ताजा जानकारी के मुताबिक तहव्वुर ने मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच की पूछताछ के दौरान 2008 में हुए मुंबई अटैक, पाकिस्तान और आईएसआई को लेकर कई बड़े खुलासे किए। तहव्वुर ने दावा करते हुए कहा कि वह पाकिस्तानी सेना का सबसे भरोसेमंद एजेंट था और खाड़ी युद्ध के दौरान सऊदी अरब में तैनात था। तहव्वुर ने



यह भी कहा कि पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के ट्रेनिंग सेंटर में कई बार गया था। उसने यहां ट्रेनिंग ली थी। तहव्वुर ने पूछताछ के दौरान बताया कि मुंबई में हुआ आतंकी हमला पूरे प्लान के साथ हुआ था। वह अटैक से पहले कई जगहों पर घमा था। इनमें छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस शामिल है। राणा का कहना है कि 26/11 हमला पाकिस्तान की आईएमआई की निगरानी में हुआ था। पाक आर्मी ने उसे कई जगहों पर भेजा था। वह भारत के साथ-साथ सऊदी अरब में भी रह चुका है।

### न्यायालय मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के फैसले के खिलाफ 10 जुलाई को सुनवाई करेगा

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय निर्वाचन आयोग के बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 10 जुलाई को सुनवाई करने के लिए सोमवार को राजी हो गया। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले विशेष गहन पुनरीक्षण कराने के निर्वाचन आयोग के फैसले के खिलाफ विपक्षी दलों कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार), शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), समाजवादी पार्टी (सपा), झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) और भाकपा (माले) के नेताओं की संयुक्त याचिका सहित कई नयी याचिकाएं उच्चतम न्यायालय में दायर की गईं।

### रुपया 54 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 85.94 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया सोमवार को 54 पैसे लुढ़ककर 85.94 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी व्यापार शुल्क पर अनिश्चितताओं के बीच घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के कारण रुपये पर और दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.53 पर खुला। दिन में 85.51 से 86.03 प्रति डॉलर के दायरे में कारोबार करने के बाद अंत में यह 85.94 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।






## सहज अभिव्यक्ति पर दुर्भाग्यपूर्ण राजनीति

हमारी राजनीति का स्तर कितना नकारात्मक व अवसरवादी हो चला है कि महाराष्ट्र में हिंदी विरोध को राजनीति साधने का अस्त्र बना लिया गया। विडंबना यह है कि जिस राज्य से सारे देश को एकता के सूत्र में पिरोने की सामाजिक सांस्कृतिक मुहिम संघ द्वारा चलायी जा रही है, उसी राज्य से राष्ट्र की संपर्क भाषा के खिलाफ भाषायी कट्टरपंथ को हवा दी जा रही है। विसंगति देखिए कि मराठी भाषा के नाम पर राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे बीस साल बाद एक मंच पर एकजुट हुए हैं। कहा जा रहा है कि महाराष्ट्र में हिंदी विरोध पर 'भरत मिलाप' हुआ है। कभी हिंदी विरोध के जो सुर तमिलनाडु में सुनायी देते थे, वे अब महाराष्ट्र में भी तेजी से मुखर हो रहे हैं। मुंबई को भारत की आर्थिक राजधानी कहा जाता है, जिसमें योगदान देने के लिये उत्तर भारत के राज्यों के तमाम लोगों योगदान देते हैं। जहां बनने वाली हिंदी फिल्में इस राज्य की समृद्धि का आधार रही हैं। उसी राज्य में हिंदी बोलने वालों लोगों से मारपीट तक के मामले प्रकाश में आ रहे हैं। निश्चय ही ये भारत की संघीय अवधारणा की जड़ों पर प्रहार ही है। निश्चय रूप से इस सोच के मूल में भाजपा के राजनीतिक वर्चस्व को तोड़ना और मुंबई नगर निगम व राज्य की सत्ता पर काबिज होने की महत्वाकांक्षा ही है। लेकिन यह सोच राष्ट्रीय एकता व भाषायी सद्भाव को पलीता लगाने का ही कुत्सित प्रयास है।

यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि आजादी के सात दशक बाद भी देश में जनता को विकास व तार्किक मुद्दों के बजाय संकीर्ण अस्मिता के नाम पर बरगलाया जा रहा है। उन मुद्दों को हवा दी जा रही है जिनके बूते महाराष्ट्र में शिव सेना अस्तित्व में आयी। विडंबना यही है कि ऐसे तत्वों को यदि राजनीतिक मंसूबे पूरा करने में सफलता मिलती है तो इसका नकारात्मक संदेश पूरे देश में जाएगा। बहुत संभव है कि देश के अन्य राज्यों में भी ऐसी संकीर्ण भाषायी विरोध की राजनीति मुखर होने लगे। जो राष्ट्रीय एकता व सद्भाव के लिये एक बड़ी चुनौती होगी। निस्संदेह, भारतीय लोकतंत्र की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि राजनीतिक दल सकारात्मक मुद्दों व विकास की प्राथमिकताओं को अपना एजेंडा बनाएं। दरअसल, सकारात्मक राजनीति में हाशिये पर गए दल ही सफलता के शॉर्टकट के रूप में ऐसे भावनात्मक मुद्दों को हवा देकर अपना उल्लू सीधा करते हैं। आज पूरी दुनिया विज्ञान की क्रांति व अभिव्यक्ति के तकनीकी विकास से एकजुट हो रही है, वहीं हम भाषीय संकीर्णताओं में उलझकर प्रगति के पहिए को थामने की कोशिशों में लगे हुए हैं। भले ही हमारी मातृभाषा कुछ भी हो, लेकिन पूरे देश में एक संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की उपयोगिता को खारिज नहीं किया जा सकता है। कई राज्यों में त्रिभाषा फार्मूले के रूप में शिक्षा के प्रसार में सात समुंदर पार की अंग्रेजी भाषा के अंगीकार में तो कोई परहेज नहीं है, लेकिन तमाम भारतीय भाषाओं के शब्दों को समेटे देश के स्वतंत्रता आंदोलनकारियों द्वारा स्वीकृत हिंदी का विरोध किया जा रहा है। ये दुर्भाग्यपूर्ण ही है।

## बिहार में वोटर लिस्ट जांच पर सबके अपने दावे और विचार



संजय सक्सेना

बिहार में कुछ माह बाद होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिये उठाये गये कदम ने सियासी तूफान खड़ा कर दिया है। विपक्षी दल इस प्रक्रिया को लोकतंत्र पर हमला और गरीब, दलित, पिछड़े, और अल्पसंख्यक समुदायों के मताधिकार को छीनने की साजिश करार दे रहे हैं। दूसरी ओर, चुनाव आयोग इसे नियमित और संवैधानिक प्रक्रिया बताकर अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। यह विवाद अब दिल्ली के निर्वाचन सदन से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है, और बिहार की सियासत में एक बड़ा मुद्दा बन चुका है। दस जुलाई को सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई कर सकता है।

विपक्षी दलों, विशेष रूप से इंडिया गठबंधन के घटक दलों जैसे कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद), समाजवादी पार्टी, और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने इस पुनरीक्षण प्रक्रिया को वोटबंदी करार दिया है। 2 जुलाई 2025 को 11 विपक्षी दलों का 18 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दिल्ली में निर्वाचन सदन पहुंचा और चुनाव आयोग से मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी, राजद के मनोज झा, और सीपीआई (एमएल) के दीपांकर भट्टाचार्य जैसे प्रमुख नेता शामिल थे। इसी क्रम में ओवैसी ने भी अलग से चुनाव आयोग पहुंच कर अपना पक्ष रखा। विपक्ष का कहना है कि यह प्रक्रिया जल्दबाजी में शुरू की गई है और यह गरीब, ग्रामीण, और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को मतदाता सूची से हटाने की साजिश है।

कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि बिहार में लगभग 7.75 करोड़ मतदाता हैं। इतनी बड़ी संख्या की जांच कुछ महीनों में करना असंभव है। यह प्रक्रिया उन लोगों को निशाना बनाएगी जिनके पास जन्म प्रमाणपत्र या माता-पिता की नागरिकता जैसे दस्तावेज नहीं हैं। राजद नेता तेजस्वी यादव ने इसे और तीखे शब्दों में लोकतंत्र पर हमला बताया। उन्होंने सवाल उठाया, 2003 में पूरे देश में पुनरीक्षण हुआ था, लेकिन अब सिर्फ बिहार में क्यों? यह प्रक्रिया मानसून के दौरान, जब बाढ़ आम है, शुरू की गई है। क्या यह गरीब और वंचित वोटरों को बाहर करने की साजिश नहीं है?

विपक्षी नेताओं का तर्क है कि सत्यापन के लिए मांगे गए 11 दस्तावेज, जैसे पासपोर्ट, जन्म प्रमाणपत्र, और माता-पिता की नागरिकता प्रमाण, अधिकांश गरीब और ग्रामीण लोगों के पास उपलब्ध नहीं हैं। तेजस्वी ने दावा किया कि बिहार के 8 करोड़ से अधिक मतदाताओं में से 60 फीसदी को अपनी नागरिकता साबित करनी होगी, जो विशेष रूप से दलित, पिछड़े, और अल्पसंख्यक समुदायों के लिए चुनौतीपूर्ण है। एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इसे अव्यवस्थित और अवैज्ञानिक बताते हुए कहा कि यह प्रक्रिया पहले ही हो चुकी है और इसे दोहराने का कोई औचित्य नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर पोस्ट करते हुए इसे बीजेपी-आरएसएस की साजिश बताया, जिसका मकसद दलितों और वंचितों के वोटिंग अधिकार छीनना है। योगेंद्र यादव ने अनुमान लगाया कि इस प्रक्रिया से 4.76 करोड़ मतदाताओं का नाम हट सकता है, जिसे उन्होंने वोट उड़ाने का खेल करार दिया।

उधर बीजेपी और एनडीए ने विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया निष्पक्षता और पारदर्शिता के लिए जरूरी है। बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने तंज कसते हुए कहा, जिनके राज में बूथ कैप्चरिंग और हिंसा आम थी, उन्हें अब निष्पक्षता से परेशानी हो रही है। हालांकि, एनडीए के कुछ सहयोगी, जैसे जेडीयू और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), ने दबी जुबान में इस प्रक्रिया की समय सीमा पर चिंता जताई है। बहरहाल, कुल मिलाकर लगता है कि बिहार में मतदाता सूची का पुनरीक्षण एक नियमित प्रक्रिया हो सकती है, लेकिन इसकी समय सीमा और दस्तावेजों की मांग ने इसे विवादास्पद बना दिया है। विपक्ष इसे गरीब और वंचित समुदायों के खिलाफ एक साजिश के रूप में देख रहा है, जबकि चुनाव आयोग इसे लोकतंत्र को मजबूत करने का कदम बता रहा है। यह विवाद बिहार की सियासत को और गर्माएगा, और इसका असर 2025 के विधानसभा चुनावों पर पड़ना तय है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला इस मामले में निर्णायक हो सकता है, लेकिन तब तक यह मुद्दा बिहार की जनता और नेताओं के बीच बहस का केंद्र बना रहेगा। विपक्ष की आपत्तियों ने अब कानूनी रूप ले लिया है। सपा सांसद कपिल सिब्बल, तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा, राजद के मनोज झा, और कई गैर-सरकारी संगठनों ने इस प्रक्रिया को रद्द करने की मांग के साथ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट से तत्काल सुनवाई की मांग की, यह तर्क देते हुए कि इतने कम समय में यह प्रक्रिया संभव नहीं है और यह संविधान का उल्लंघन करती है। इस मामले की सुनवाई 10 जुलाई 2025 को होनी है।

चुनाव आयोग ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया पूरी तरह संवैधानिक और नियमित है, जो पिछले 75 वर्षों से समय-समय पर की जाती रही है। आयोग का कहना है कि इसका उद्देश्य अवैध प्रवासियों, जैसे नेपाल, बांग्लादेश, और म्यांमार से आए लोगों, को मतदाता सूची से हटाना और केवल भारतीय नागरिकों को वोटिंग का अधिकार सुनिश्चित करना है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने 4 जुलाई को स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया तय समय पर और पूरी पारदर्शिता के साथ पूरी की जाएगी। इसमें चुनाव कर्मियों और राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी है। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि 2003 की मतदाता सूची को आधार मानकर 4.96 करोड़ मतदाताओं को दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। साथ ही, एक गलतफहमी को दूर करते हुए आयोग ने कहा कि एक अखबार के विज्ञापन में केवल फॉर्म भरने की बात भ्रामक थी। मसौदा सूची में उन मतदाताओं के नाम शामिल होंगे जिनके गणना फॉर्म प्राप्त हो चुके हैं। आयोग ने यह भी बताया कि यह प्रक्रिया बिहार के अलावा असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु, और पश्चिम बंगाल में भी लागू होगी। इसका मकसद मतदाता सूची को अपडेट करना, मृतकों के नाम हटाना, और 18 वर्ष से अधिक उम्र के नए मतदाताओं को जोड़ना है।

-वरिष्ठ पत्रकार

## अखिलेश को बड़ा झटका देने की तैयारी में ब्राह्मण समाज



अजय कुमार

आजमगढ़, उत्तर प्रदेश का एक ऐसा जिला जो समाजवादी पार्टी (सपा) का गढ़ माना जाता है, 3 जुलाई 2025 को एक बार फिर सुर्खियों में था। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने नए आवास और पार्टी कार्यालय, जिसे उन्होंने पीडीए भवन नाम दिया, का उद्घाटन और गृह प्रवेश किया। यह भवन अनवरगंज में 72 बिस्वा जमीन पर बना है, जिसमें अखिलेश का निजी निवास, पार्टी कार्यालय, और समर्थकों के लिए एक बड़ा हॉल शामिल है। लेकिन इस भव्य आयोजन के बीच एक सवाल ने सबका ध्यान खींचा अखिलेश ने गृह प्रवेश की पूजा के लिए काशी के ब्राह्मण विद्वानों को आमंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समुदाय के किसी विद्वान को क्यों नहीं बुलाया? यह सवाल न केवल सियासी गलियारों में, बल्कि सोशल मीडिया और स्थानीय जनता के बीच भी चर्चा का विषय बन गया। बात ब्राह्मण समाज की नाराजगी की कि जाये तो ब्राह्मण सभा ने सपा कार्यालय और आवास के गृह प्रवेश के लिये गये ब्राह्मणों को अपने समाज से निकाल दिया है। ब्राह्मणों की यह नाराजगी सपा को 2027 के चुनाव में भारी पड़ सकती है, यूपी में करीब 10 प्रतिशत ब्राह्मण हैं।

आजमगढ़ में समाजवादी पार्टी का यह नया कार्यालय 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। अखिलेश ने इसे पीडीए भवन नाम देकर अपनी रणनीति को स्पष्ट कर दिया। पीडीए, यानी पिछड़ा, दलित, और अल्पसंख्यक सपा की राजनीतिक रणनीति का आधार रहा है, जिसने 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी को 37 सीटें दिलाकर उत्तर प्रदेश में बीजेपी के विजय रथ को रोकने में मदद की। अखिलेश ने उद्घाटन समारोह में कहा, पीडीए की एकता ही हमें 2027 में सत्ता दिलाएगी। इस भवन को न केवल एक कार्यालय, बल्कि एक प्रशिक्षण केंद्र के रूप में भी देखा जा रहा है, जहां युवाओं को समाजवादी विचारधारा से जोड़ा जाएगा।

लेकिन इस आयोजन की चमक उस समय फीकी पड़ गई, जब यह खबर आई कि अखिलेश ने गृह प्रवेश की पूजा के लिए काशी के ब्राह्मण विद्वानों को बुलाने की इच्छा जताई थी, लेकिन वे नहीं आए। सूत्रों के अनुसार, काशी के पंडितों ने इटावा में हाल ही में हुए एक विवाद, जिसे 'इटावा कथावाचक कांड' कहा जा रहा है, के कारण नाराजगी जताते हुए पूजा कराने से मना कर दिया। इस कांड में अखिलेश के कुछ बयानों को ब्राह्मण समुदाय के खिलाफ माना गया था, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर दान-दक्षिणा और पूजा-पाठ की परंपराओं पर सवाल उठाए थे।

अखिलेश ने अंततः स्थानीय पंडितों से पूजा करवाई, और कुछ स्रोतों के अनुसार, पुजारी चंदन कुशवाहा ने इस कार्य को संपन्न किया। लेकिन सवाल यह उठता है कि पीडीए भवन के उद्घाटन जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर, जब अखिलेश अपनी पीडीए रणनीति को और मजबूत करने की बात कर रहे थे, तब उन्होंने पीडीए समुदाय के किसी विद्वान को पूजा के लिए क्यों नहीं चुना? यह सवाल न केवल उनके विरोधियों, बल्कि उनके समर्थकों के बीच भी चर्चा का विषय बन गया। सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने इसे अखिलेश की रणनीति में विरोधाभास बताया। एक यूजर ने लिखा, भवन का नाम तो रख दिया, लेकिन पूजा ब्राह्मणों से ही करवानी है। क्या पीडीए में कोई विद्वान नहीं था? एक अन्य यूजर ने तंज कसते हुए कहा, अखिलेश जी को कोई पीडीए का पंडित नहीं मिला क्या? कथनी और करनी में अंतर साफ दिखता है। इन टिप्पणियों ने सपा के पीडीए फार्मूले पर सवाल उठाए, जिसे अखिलेश ने हाल के वर्षों में अपनी पार्टी की छवि को यादव-मुस्लिम से हटाकर व्यापक बनाने के लिए अपनाया था।

आजमगढ़ में पूजा के लिए ब्राह्मण विद्वानों को बुलाने की कोशिश को भी इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। अखिलेश शायद यह संदेश देना चाहते थे कि उनकी पार्टी सभी समुदायों को साथ लेकर चल रही है। लेकिन काशी के पंडितों की अनुपस्थिति और स्थानीय पंडितों द्वारा पूजा करवाने ने इस संदेश को कमजोर कर दिया। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि अखिलेश का यह कदम उनकी पीडीए रणनीति को मजबूत करने का प्रयास था, लेकिन यह उल्टा पड़ गया।

इस आयोजन को और चर्चा में लाने वाला एक अन्य पहलू था ब्राह्मण महासभा और विश्व हिंदू महासंघ के सदस्यों का विरोध। कुछ प्रदर्शनकारियों ने अखिलेश के खिलाफ काले झंडे लहराए और उन पर ब्राह्मण समुदाय की छवि खराब करने का आरोप लगाया। इसके अलावा, एक सुरक्षा चूक ने भी सुर्खियां बटोरीं, जब एक युवक बैरिकेडिंग तोड़कर मंच के करीब पहुंच गया। पुलिस ने उसे तुरंत हिरासत में लिया, लेकिन इस घटना ने अखिलेश की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए।

इन विवादों के बावजूद, पीडीए भवन का उद्घाटन समाजवादी पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह भवन न केवल अखिलेश का दूसरा घर है, बल्कि पूर्वांचल में सपा की सियासी रणनीति का केंद्र भी बनेगा। अखिलेश ने अपने भाषण में बीजेपी पर जमकर हमला बोला और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का श्रेय अपनी सरकार को दिया। उन्होंने कहा, लखनऊ से आजमगढ़ पहुंचने में उतना ही समय लगता है, जितना सैफई। यह हमारे द्वारा बनाए गए एक्सप्रेसवे की बदौलत है।

बहरहाल, आजमगढ़ में पीडीए भवन का उद्घाटन और गृह प्रवेश एक सियासी मास्टरस्ट्रोक हो सकता था, लेकिन ब्राह्मण विद्वानों की अनुपस्थिति और पीडीए समुदाय के विद्वानों को न बुलाने का फैसला सवालों के घेरे में आ गया। जहां वे एक तरफ अपने मूल समर्थक वर्ग को मजबूत करना चाहते हैं, तो दूसरी तरफ सवर्ण वोटरों को भी साधने की कोशिश कर रहे हैं। 2027 के चुनावों में यह रणनीति कितनी कारगर होगी, यह तो समय ही बताएगा।

-वरिष्ठ पत्रकार

## भारत के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान पाकिस्तान को बाहरी समर्थन मिलने का दावा 'गलत' : मुनीर

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने सोमवार को कहा कि भारत के साथ हाल में हुए सैन्य संघर्ष के दौरान इस्लामाबाद को बाहरी समर्थन मिलने का दावा 'तथ्यात्मक रूप से गलत' है। इस्लामाबाद स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में स्नातक अधिकारियों को संबोधित करते हुए मुनीर ने भारत पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि पाकिस्तान की संप्रभुता को कमजोर करने के किसी भी दुस्साहस या प्रयास का बिना किसी संकोच के त्वरित और दृढ़ प्रतिक्रिया के साथ जवाब दिया जाएगा।

पाकिस्तानी सेना के प्रमुख ने कहा, 'पाकिस्तान के सफल ऑपरेशन बन्यनम मार्सूस में बाहरी समर्थन के बारे में लगाए गए आरोप गैर-जिम्मेदाराना और तथ्यात्मक रूप से गलत हैं तथा दशकों के रणनीतिक विवेक से विकसित स्वदेशी क्षमता और संस्थागत लचीलेपन को स्वीकार करने में उसकी पुरानी अनिच्छा को दर्शाते हैं।' उन्होंने कहा, 'विशुद्ध रूप से द्विपक्षीय सैन्य संघर्ष में अन्य देशों को भागीदार बताना भी खेमेबाजी की राजनीति करने का एक घटिया प्रयास है...।'

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 08 जुलाई, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, आषाढ़ शुक्लपक्ष त्रयोदशी, 24:36 तक, नक्षत्र : ज्येष्ठा, 27:06 तक, योग : शुक्ला, 22:05 तक, सूर्योदय: 4:56, सूर्यास्त: 18:11, चन्द्रोदय : 16:30, चन्द्रास्त: 02:19, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 15:01 से 16:41

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लिए दिन शुभ है। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन प्रभावशाली रहेगा। नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं और आप उन्हें बखूबी निभाएंगे। आर्थिक रूप से दिन मध्यम रहेगा।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है और आपकी प्रफेशनल छवि सुधरेगी। यदि आप मार्केटिंग, मीडिया, बैंकिंग से जुड़े हैं तो विशेष सफलता के योग हैं।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों के लिए दिन काफी भाग्यशाली है। बौद्धिक कार्यों, मीडिया और कंसल्टिंग से जुड़े लोगों को विशेष सफलता मिलेगी।अभी की गई बचत भविष्य में बहुत काम आएगी।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों का दिन तरक्की और सफलता से भरा होगा। आप साहसिक निर्णय लेने में सफल रहेंगे। उच्च पद की ओर बढ़ने के अवसर बन सकते हैं।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों का दिन शुभ है। आपका आत्मविश्वास आपको भीड़ से अलग करेगा। करियर में कोई बड़ा बदलाव या नई शुरुआत हो सकती है। आर्थिक दृष्टि से दिन लाभकारी है।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों के लिए कार्यक्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। यदि आप सरकारी सेवा, शिक्षा या मेडिकल क्षेत्र से जुड़े हैं, तो सम्मान और उत्तरदायित्व बढ़ सकता है।

**तुला :** तुला राशि के लोगों के लिए करियर में थोड़ी अस्थिरता रहेगी। जो लोग कॉन्ट्रैक्ट या टारगेट आधारित काम में हैं उन्हें धैर्य रखना होगा।अनावश्यक खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों के लिए कार्यक्षेत्र में आपकी योजनाएं फलित होंगी। उच्चाधिकारी आपके कार्य से प्रसन्न रहेंगे। आर्थिक रूप से दिन अच्छा है। निवेश या बीमा से जुड़े कार्यों में लाभ होगा।

**धनु :** धनु राशि पर बृहस्पति की कृपा से आपके कार्यक्षेत्र में सकारात्मकता आएगी। करियर से जुड़ी नई योजनाएं बनेंगी। जो लोग शिक्षा, मैनेजमेंट या लीगल प्रोफेशन में हैं उन्हें अच्छा लाभ मिलेगा।

**मकर :** मकर राशि वालों के लिए कार्यक्षेत्र में अनुशासन और कार्यकुशलता का लाभ मिलेगा। जो लोग निर्माण, मशीनरी या अकाउंटिंग क्षेत्र में हैं उन्हें विशेष लाभ होगा।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों का भाग्य साथ देगा और करियर में स्थिरता आएगी और आपकी कार्यकुशलता लोगों को प्रभावित करेगी। ऑफिस में आपकी सलाह को महत्व दिया जाएगा।

**मीन :** मीन राशि के लोगों की किस्मत साथ देगी और आपको करियर में नए अवसर मिल सकते हैं। प्रमोशन या ट्रांसफर की सूचना आ सकती है। व्यवसाय में धन लगाने से फायदा होगा।

## विदेश की खबरें

### भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अफगानिस्तान पर लाए गए मसौदा प्रस्ताव से बनाई दूरी



**कोलंबो :** संयुक्त राष्ट्र, सात जुलाई (भाषा) भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अफगानिस्तान पर लाए गए एक मसौदा प्रस्ताव पर सोमवार को मतदान से परहेज किया और कहा कि ''सब कुछ सामान्य मान लेने'' वाले दृष्टिकोण से ऐसे परिणाम प्राप्त होने की संभावना नहीं है, जिनकी कल्पना वैश्विक समुदाय ने अफगान लोगों के लिए की है।'अफगानिस्तान की स्थिति' पर जर्मनी द्वारा पेश किए गए एक मसौदा प्रस्ताव को 193-सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मंजूरी दे दी। यह प्रस्ताव 116 मतों से पास हुआ, जबकि दो देशों ने विरोध किया और 12 देशों ने मतदान से दूरी बनाई, जिनमें भारत भी शामिल था।संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि एवं राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने मतदान के स्पष्टीकरण में कहा कि संघर्ष के बाद की स्थिति से निपटने के लिए किसी भी प्रभावी नीति में विभिन्न उपायों का संतुलन होना चाहिए, जिसमें सकारात्मक व्यवहार को बढ़ावा देना और नुकसानदायक कार्यों को हतोत्साहित करना शामिल है। हरीश ने कहा, ''हमारा मानना है कि केवल दंडात्मक उपायों पर केंद्रित दृष्टिकोण के सफल होने की संभावना नहीं है। संयुक्त राष्ट्र और व्यापक अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने अन्य संघर्ष-पश्चात संदर्भों में अधिक संतुलित और सूक्ष्म दृष्टिकोण अपनाया है। उन्होंने कहा कि अगस्त 2021 में तालिबान द्वारा काबुल पर कब्जा करने के बाद से अफगानिस्तान में बिगड़ते मानवीय संकट से निपटने के लिए कोई नई नीतिगत व्यवस्था पेश नहीं की गई है। हरीश ने कहा, नई और लक्षित पहलों के बिना सब कुछ सामान्य मान लेने वाले रवैया से वे परिणाम प्राप्त होने की संभावना नहीं है, जिनकी कल्पना अंतरराष्ट्रीय समुदाय अफगान लोगों के लिए करता है।''

### रूस ने यूक्रेन पर 100 से अधिक ड्रोन दागे, 10 लोगों की मौत

**कीव :** रूस ने यूक्रेन के नागरिक इलाकों को निशाना बनाकर बीती रात 100 से अधिक ड्रोन दागे, जिसके कारण कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और तीन बच्चों समेत 38 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन ने देश के परिवहन प्रमुख को बर्खास्त कर दिया है, क्योंकि सप्ताहांत में यात्रा संबंधी अव्यवस्था के कारण रूसी हवाई अड्डों पर यूक्रेनी ड्रोन हमलों के खतरे के कारण सैकड़ों उड़ानें रद्द कर दी गई थीं। यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि पिछले 24 घंटों में रूसी हमलों में कम से कम 10 लोग मारे गए और तीन बच्चों समेत 38 लोग घायल हो गए। रूस ने हाल ही में यूक्रेन के असैन्य क्षेत्रों पर अपने हवाई हमलों को तेज कर दिया है।


### चीन ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान को दिए गए सहयोग संबंधी सवाल को नहीं दी तवज्जो

**बीजिंग :** चीन ने सोमवार को भारतीय सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह के इस दावे को तवज्जो नहीं दी कि बीजिंग ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान को सक्रिय सैन्य सहयोग प्रदान किया और संघर्ष को विभिन्न हथियार प्रणालियों के परीक्षण के लिए एक 'लाइव लैब' के रूप में इस्तेमाल किया।

विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने यहां प्रेस वार्ता में जनरल सिंह की टिप्पणी के संबंध में पूछे गए सवाल पर कहा, आपने जिन बातों का उल्लेख किया है, मैं उनसे वाकिफ नहीं हूं। मैं सिर्फ इतना कहना चाहती हूं कि चीन और पाकिस्तान करीबी पड़ोसी हैं और उनके बीच पारंपरिक मित्रता है। रक्षा और सुरक्षा सहयोग दोनों देशों के बीच सामान्य सहयोग का हिस्सा है और यह किसी तीसरे पक्ष को निशाना नहीं बनाता है।

माओ ने यह भी कहा कि भारत-चीन संबंध सुधार और विकास के महत्वपूर्ण दौर में हैं और बीजिंग नयी दिल्ली के साथ द्विपक्षीय संबंधों में निरंतर वृद्धि को बढ़ावा देना चाहेगा। माओ ने उन खबरों के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देने से भी इनकार कर दिया, जिनमें कहा गया था कि चीन ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बाद फ्रांस निर्मित राफेल लड़ाकू विमानों के प्रदर्शन के बारे में संदेह फैलाने के लिए अपने दूतावासों को जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा, आपने जो उल्लेख किया है, मैं उससे अवगत नहीं हूं।

## वर्ग पहेली नं. 3146



ऊपर से नीचे:- 1) हटना; इनकार करना, 2) पराकाष्ठा; सीमा, 3) भींगा हुआ, 4) तुच्छ, 5) गायब, 8) अनूठा, 12) शक्तिशाली; हेकड़ीबाज़, 15) जायकेदार, 17) उछल-कूद; हुड़दंग, 19) रुकना, 20) गोबर, 21) घोषणा, 25) यान; सवारी.

(उत्तर: अगले अंक में)

बायें से दायें:- 1) इश्क़, 4) भिन्न, 5) तबाह, 6) ऊँचाई, 7) पावती, 8) चुकता; हावभाव, 9) अल्पधिक, 10) अस्वीकृत, 11) गर्व, 13) उसी समय, 14) मेघ, 16) छींक, 17) चौथाई, 18) पूँजी, 19) अत्यधिक, 20) वक्षस्थल व उदर के बीच का भाग 22) नष्ट, 23) अलमस्त, 24) बरतन मुँह, 26) नशाख़ोर, 27) रुधिरवाहिका.

पिछली पहेली का उत्तर



## सुडोकू-पहेली-3103

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 8 | | | | | | 2 |
| 7 | 4 | | | | | | | |
| | 2 | | | | | 8 | | 7 |
| | | | 6 | 5 | | | 3 | |
| | 9 | 2 | | | 1 | | | |
| | 7 | | 9 | | | 1 | 6 | |
| 8 | | | 3 | 7 | | 5 | | |
| | 5 | | | 9 | | | | |
| | | | | | 4 | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

सूडोकू पहेली - 3102 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 6 | 4 |
| 4 | 6 | 8 | 7 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 6 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 8 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 6 | 4 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 |
| 6 | 7 | 4 | 8 | 2 | 1 | 5 | 9 | 3 |

## ट्रैफिक विभाग में भेजे गये ज्ञानवंत सिंह

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य पुलिस के शीर्ष स्तर पर एक और बड़ा फेरबदल हुआ है। ज्ञानवंत सिंह (आईपीएस) को खुफिया शाखा के एडीजी और आईजीपी पद से हटाकर यातायात एवं सड़क सुरक्षा विभाग में भेजा गया है। सोमवार को राज्य सचिवालय नवान्न की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, एससी आरबी एक डीजी सिद्धनाथ गुप्ता अब खुफिया साखा के डीजी और आईजीपी का नदभार संभालेंगे। वहीं, अब तक यातायात विभाग संभाल रहे डॉ. राजेश कुमार को पश्चिम बंगाल के एडीजी और आईजीपी (पुलिस) के पद पर स्थानांतरित किया जाएगा। हालांकि, सरकारी दिशा-निर्देशों में इस तबादले को 'नियमित प्रशासनिक तबादला बताया गया है, लेकिन आईपीएस बिरादरी के एक वर्ग का मानना है कि जिस तरह से ज्ञानवत सिंह को खुफिया शाखा से ट्रैफिक डिवीजन में भेजा गया है, यह वास्तव में घटते महत्व का संकेत है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच फिर से खुला दक्षिण कलकत्ता लॉ कॉलेज

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के कसबा स्थित लॉ कॉलेज सोमवार को एक सप्ताह से अधिक समय तक बंद रहने के बाद भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच फिर से खोला गया। बता दें कि इस कॉलेज में पिछले महीने एक छात्रा से परिसर में सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई थी। इस दिन, कॉलेज की उप-प्राचार्या नयना चटर्जी ने बताया कि कॉलेज खुलने के पहले दिन केवल बीए एलएलबी प्रथम सेमेस्टर के उन छात्रों को बुलाया गया है जिन्होंने अपनी परीक्षा फॉर्म नहीं भरे थे। कॉलेज परिसर में कोलकाता पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी सुरक्षा की



निगरानी कर रहे थे, जबकि निजी सुरक्षा गार्ड छात्रों के पहचान पत्र की गहन जांच कर रहे थे। कॉलेज के गेट खुलते ही लगभग 100 छात्र कॉलेज पहुंचे। इन छात्रों में कई अपने माता-पिता के सात आए थे। प्रथम सेमेस्टर के एक छात्र के पिता शशांक धारा ने कहा कि हम अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर डरे हुए हैं। परीक्षा के प्रत्येक दिन अपने बेटे को कॉलेज तक लेकर जाएंगे जब तक कि स्थिति सामान्य न हो जाए। कॉलेज प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि दक्षिण कोलकाता के कसबा इलाके में स्थित इस परिसर को फिर से खोलने का निर्णय कोलकाता पुलिस की अनुमति मिलने के बाद लिया गया। उन्होंने बताया कि कॉलेज के छात्रसंघ कक्ष और सुरक्षा गार्ड के कक्ष को पुलिस ने जांच के लिए सील कर दिया है। कॉलेज प्रशासन ने छात्रों से 8 जुलाई से अपनी नियमित कक्षाओं के टाइमटेबल का पालन करने के लिए कहा है।

# नौ जुलाई को बिना अनुमति के छुट्टी नहीं, नवान्न ने जारी की अधिसूचना

**कोलकाता, समाज्ञा :** नौ जुलाई को राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए छुट्टी लेना मान्य नहीं होगा। बुधवार को अगर कोई कर्मचारी अचानक छुट्टी लेते हैं या आधे दिन के लिए ऑफिस आते हैं, तो राज्य प्रशासन उनके खिलाफ कारण बताओ नोटिस (शो-कॉज) जारी कर सकता है। इस बारे में सोमवार को नवान्न की ओर से एक आधिकारिक विज्ञप्ति जारी की गई है। दरअसल, नौ जुलाई को देशभर में मजदूर संगठनों और औद्योगिक महासंघों द्वारा बंद (हड़ताल) का आह्वान किया गया है। लेकिन तृणमूल सरकार 'बंद' संस्कृति की घोर विरोधी है, और इसी कारण सरकार ने सख्ती से सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त कार्यालयों को खुला रखने का निर्देश दिया है। नौ जुलाई को सभी सरकारी और सहायता प्राप्त कार्यालय सामान्य रूप से खुले रहेंगे। सभी कर्मचारियों को उस दिन उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। उस दिन किसी भी कर्मचारी को कैजुअल लीव या हाफ डे की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि कोई कर्मचारी बिना अनुमति के अनुपस्थित रहते हैं, तो उनके वेतन में कटौती की जा सकती है और उन्हें कारण बताओ नोटिस भी भेजा जा सकता है। यदि जवाब संतोषजनक नहीं हुआ, तो प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा। इसके अलावा, अगर कोई कर्मचारी छुट्टी लेना चाहे तो उसे किस परिस्थितियों में मिलेगी छुट्टी इसके लिए भी शर्त जारी किया गया है, कर्मचारी अगर अस्पताल में भर्ती हों। परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु हो जाए या कर्मचारी गंभीर रूप से बीमार हों। यदि वे पहले से यानी आठ जुलाई से ही अनुपस्थित हों। इसके अलावा, अगर उन्होंने पहले से मातृत्व अवकाश, देखभाल की छुट्टी या बीमारी के लिए छुट्टी ले रखी हो। इन विशेष परिस्थितियों को छोड़कर, अगर कोई कर्मचारी नौ जुलाई को अचानक छुट्टी लेते हैं तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**CHANGE OF NAME**

I, Dolan Sarkar, Dolon Sarkar W/o Malin Sarkar R/o flat No.1,60/2/1, Dr. Meghnad Saha Road, P.S. Nager Bazar, Kolkata-700074, have changed my name and shall henceforth be known as Dola Sarkar as declare before the Judicial Magistrate 1st Class Sealdah Court. Vide affidavit No.5628 dated 17.06.2025. Dolan Sarkar, Dolon Sarkar and Dola Sarkar both are same and identical person.

**NAME AND D.O.B CHANGE**

I, Rina Behera wife of Army No. 14665354K, Rank- HAV, Name- Asit Kumar Behera Residing at Village/P.O- Kandhal, Tahasil- Barkote, P.S/Dist.-Deogarh, Odisha-768108. have changed my name and D.O.B from Rina date of birth 06.04.1990 to Rina Behera and date of birth 04.06.1990 Vide affidavit (SI No.3609) Before the Notary Public P.K Dhal at Deogarh, Odisha dated 23.06.2025.

# आरजी कर दुष्कर्म-हत्या मामला : संदीप घोष-अभिजीत मंडल को आज अदालत में पेश होने का आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर अस्पताल के दुष्कर्म और हत्या कांड को एक वर्ष पूरा होने वाला है। सरकारी मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में एक युवा महिला चिकित्सक छात्रा के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या करने के आरोप ने तिलोत्तमा क्षेत्र को हिला कर रख दिया था।

इस गंभीर मामले में अब फिर से चर्चा का केंद्र बने हैं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और ताला थाने के पूर्व थाना प्रभारी अभिजीत मंडल। सियालदह अदालत के न्यायाधीश अरिजीत मंडल ने सोमवार को दोनों आरोपियों को अदालत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का निर्देश दिया है। मंगलवार को दोनों को अदालत में हाजिर होने के आदेश दिए गए हैं। पीड़िता के परिवार की ओर से घटना स्थल का निरीक्षण कराने का आवेदन अदालत में प्रस्तुत किया गया था, जिसकी सुनवाई के दौरान यह निर्णय लिया गया।

न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि आरोपियों को यदि कोई बयान देना हो तो उसे अदालत में ही पेश करना होगा। इस मामले की सुनवाई में राज्य सरकार के वकील को भी अदालत में उप-स्थित रहने का आदेश दिया गया है। इस घटना से जुड़े मामलों में अदालत की कड़ी निगरानी जारी है।

# हाई कोर्ट ने शांतनु सेन के मेडिकल पंजीकरण को निलंबित करने के फैसले को किया रद्द

### पूर्व सांसद को लेटरहेड पर डिप्लोमा फेलोशिप के रूप में पेश करना होगा, कोर्ट का आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल मेडिकल काउंसिल के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें तृणमूल कांग्रेस के पूर्व राज्यसभा सदस्य शांतनु सेन के मेडिकल पंजीकरण को दो साल के लिए निलंबित कर दिया गया था। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की एकल पीठ का यह आदेश सेन के लिए राहत की बात है, क्योंकि अगर उनका मेडिकल पंजीकरण दो साल तक निलंबित रहता, तो वे न तो अपने नाम के आगे डॉ का संक्षिप्त नाम लगा सकते थे और न ही उस अवधि के दौरान कोई मेडिकल प्रिस्क्रिप्शन जारी कर सकते थे। न्यायमूर्ति सिन्हा ने यह भी कहा कि



राज्य चिकित्सा परिषद को पहले सेन को मामले में अपने निष्कर्षों पर एक विस्तृत रिपोर्ट भेजनी चाहिए थी, और फिर सेन की दलीलें सुननी चाहिए थीं, और अंत में निष्कर्ष पर पहुंचना चाहिए था। न्यायाधीश ने यह भी कहा कि मामले में आगे की कार्यवाही के मामले में, राज्य चिकित्सा परिषद को उसी प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह राज्य चिकित्सा परिषद के आदेश के अनुसार, सेन के मेडिकल पंजीकरण को दो साल के लिए निलंबित कर दिया गया था, क्योंकि उन्होंने इस योग्यता को परिषद के साथ पंजीकृत किए बिना इस लेटरहेड पर रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियन (ग्लासगो) के फेलो की स्नातकोत्तर योग्यता का हवाला दिया था। परिषद के एक प्रवक्ता ने कहा कि हाल ही में, ग्लासगो को एक ईमेल भेजा गया था ताकि यह पुष्टि की जा सके कि सेन ने दावा किया था कि उस योग्यता के धारक उस डिग्री का उपयोग लेटरहेड पर कर सकते हैं या नहीं। हालांकि, ग्लासगो से मेल का कोई जवाब नहीं आया।

**CHANGE OF NAME**

I, Labani Roy wife of Army No. 18008272K, Rank- Hav Name- Arindam Roy residing at Vill- Debagram, P.O- Debagram, P.S- Kaliganj, Dist.- Nadia, Pin- 741137 W.B, I have changed my Name from Labani Roy to Labani Chakraborty Roy by Vide affidavit before the Notary Public Md. Tamijuddin Sk (Govt. of W.B) at Krishnagar, Nadia dated- 20.06.2025. that Labani Roy and Labani Chakraborty Roy both are same and one identical person.

## पिकनिक गार्डन में हैजा का मामला सामने आने से दहशत, युवक अस्पताल में भर्ती



**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में हैजा से संक्रमित एक युवक मिलने के बाद संबंधित इलाके में दहशत का माहौल है। बाइपास के किनारे स्थित एक अस्पताल में 26 वर्षीय युवक को भर्ती कराया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह युवक कोलकाता नगर निगम के वार्ड 67 अंतर्गत पिकनिक गार्डन रोड का निवासी है। बताया गया है कि गुरुवार की रात उसे उल्टी, पेट दर्द और अन्य लक्षणों के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसकी किडनी में भी समस्या देखी गई थी। हालांकि अब उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है और उसे सलाइन दी जा रही है। परिवार वालों का कहना है कि वे लोग नगर निगम द्वारा सप्लाई किए जाने वाले नल के पानी का ही उपयोग करते थे। हालांकि, हैजा का जीवाणु उसके शरीर में कैसे पहुंचा, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। अस्पताल प्रशासन की ओर से इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। लेकिन अस्पताल सूत्रों के अनुसार, चूंकि हैजा एक 'नोटिफायड डिजीज' यानी विधिक रूप से सूचित की जाने वाली बीमारी है, इसलिए नियमानुसार युवक की चिकित्सा संबंधी रिपोर्ट स्वास्थ्य भवन को भेजी जाएगी।

# कालीगंज विस्फोट : मृत नाबालिग की मां ने ममता पर पुलिस जांच नहीं करने देने का लगाया आरोप

### राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य पीड़ित परिवार से मिलीं

**कोलकाता, समाज्ञा :** कालीगंज उपचुनाव परिणामों के जश्न के दौरान हिंसा में बम विस्फोट से मारी गई तमन्ना खातून की मां ने सोमवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पुलिस को उनकी बेटी की मौत की उचित जांच नहीं करने दे रही हैं। मृतक की मां सबीना ने कहा कि अगर न्याय नहीं मिला तो वह आमरण अनशन पर बैठ जाएंगी। सबीना ने आरोप लगाया कि आरोपी इलाके में खुलेआम घूम रहे हैं और पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार नहीं किया। सबीना ने आरोप लगाया कि मैं अपनी बेटी के



हत्यारों को सजा दिलाना चाहती हूं। मैं उन्हें खुलेआम घूमते हुए देख रहीं हूं। यह ममता बनर्जी ही हैं जो पुलिस को काम (मामले की जांच) नहीं करने दे रही हैं। ममता मुझे अपनी बेटी को न्याय दिलाने के लिए आमरण अनशन करने पर मजबूर कर रही हैं। सबीना सोमवार को कालीगंज स्थित अपने आवास पर राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की टीम से मुलाकात करने के बाद पत्रकारों से बात कर रही थीं। एनसीडब्ल्यू की सदस्य डॉ. अर्चना मजूमदार के नेतृत्व में आयोग की टीम ने तमन्ना के आवास का दौरा किया और सबीना से बात की। उन्होंने दावा किया कि प्राथमिकी में 24 लोगों के नाम दर्ज हैं और केवल 10 को गिरफ्तार किया गया है। अन्य 14 लोग खुलेआम घूम रहे हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की सदस्य अर्चना मजूमदार ने सोमवार को तमन्ना खातून के घर पहुंचकर उनके परिवार से मुलाकात की तथा औपचारिक रूप से परिजनों का बयान दर्ज किया। अर्चना मजूमदार ने तमन्ना की मां के साथ बंद कमरे में मुलाकात कर उनका बयान दर्ज किया। एनसीडब्ल्यू सदस्य ने कहा कि वह मुआवजे का क्या करेंगी? जांच निष्पक्ष और शीघ्र होनी चाहिए। इस मामले की जांच पर अद्यतन जानकारी लेने के लिए एनसीडब्ल्यू की सदस्य कृष्णानगर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) से भी मुलाकात करेंगी।

## '21 जुलाई को किसी न किसी मंच पर रहूंगा', दिलीप घोष के बयान से मचा हलचल

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की सियासत में फिर एक बार भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिलीप घोष का नाम सुर्खियों में है जिनके तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने की अटकलें इन दिनों तेजी से चल रही है। इस बीच, उनके 'भाजपा मतलब सरप्राइज' वाले बयान से अटकलों को और हवा मिल गई है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे तृणमूल की रैली में मौजूद रहेंगे, तो उन्होंने सीधा जवाब देने से बचते हुए कहा है कि कोई एक मंच होगा या कई मंच होंगे, भाजपा का भी मंच होगा, देखा जाएगा। उनके इस कथन ने राजनीतिक हलकों में सुगबुगाहट तेज कर दी है। गौरतलब है कि 30 अप्रैल को दीघा में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ एक कार्यक्रम में



दिलीप घोष को हंसते-मुस्कराते देखा गया था। तस्वीरें वायरल होते ही भाजपा में बेचैनी दिखने लगी। इसके बाद से वे न तो किसी पार्टी आयोजन में शामिल हुए, न ही प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य के स्वागत समारोह में नजर आए।

## कोयला तस्करी मामले का मुख्य आरोपी वानुअतु द्वीप में छिपा है, सीबीआई ने कोर्ट को दी जानकारी

**आसनसोल :** पूर्व तृणमूल कांग्रेस नेता व कोयला तस्करी मामले का मुख्य आरोपी विनय मिश्रा वर्तमान में वानुअतु द्वीप में एक अलग नाम से छिपा हुआ है, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को आसनसोल में एक विशेष अदालत को सूचित किया। सीबीआई के अनुसार, हालांकि यह काफी समय से ज्ञात था कि वह वानुअतु द्वीप में छिपा हुआ था, अपनी भारतीय नागरिकता को सरेंडर करने के बाद वहां की नागरिकता ले रहा था, लेकिन हाल ही में एक अलग नाम से वहां रह रहा है। सीबीआई ने अदालत को यह भी बताया कि उसके वहां रहने के कारण उसे भारत



वापस लाने में नई बाधा उत्पन्न हुई है। अदालत ने पहले ही विनय मिश्रा को फरार आरोपी घोषित कर दिया था। सीबीआई ने यह भी स्वीकार किया कि कोयला तस्करी मामले की जांच में आगे की प्रगति मिश्रा को भारत वापस लाने में कानूनी बाधाओं के कारण बाधित हो रही थी, क्योंकि वह मामले का मुख्य आरोपी है। सीबीआई के रिकॉर्ड के अनुसार, मिश्रा ने 2020 में भारत छोड़ दिया था, उसके तुरंत बाद सीबीआई और प्रवर्तन निद-ेशालय (ईडी) ने कोयला तस्करी मामले में समानांतर जांच शुरू की थी। उसी वर्ष, उन्होंने अपनी भारतीय नागरिकता छोड़ दी और वानुअतु द्वीप समूह में रहने लगा।

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन**

(ओदश 5 के नियम 1 और 5)

न्यायालय वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश महोदय लक्ष्मणगढ़ जिला-सीकर

संतोष देवी बनाम नगरपालिका आदि

वाद बाबतः- स्थाई निषेधाज्ञा एवं आज्ञादायी व्यादेश

वाद सं0:-03 सन् 2025 आगामी पेशी 17.07.2025

बनाम

1. रामवतार मुरारका आयु 74 वर्ष पुत्र केशर निवासी 545, गोरीनाथ सारानी, बैंगोर एवेन्यू कोलकता-700055 (पश्चिम बंगाल)
2. शंकुतला मुरारका आयु 79 वर्ष धर्मपत्नि रामस्वरुप निवासी 310, रविन्द्र साराणी बीडन स्ट्रीट कोलकाता-700006 (पश्चिम बंगाल)
3. बिमल मुरारका आयु 53 वर्ष पुत्र रामस्वरुप निवासी 310, रविन्द्र त्ताराणी बीडन स्ट्रीट 3 कोलकाता-700006 (पश्चिम बंगाल)
4. सरिता मुरारका आयु 56 वर्ष पत्नि रमेश कुमार मुरारका निवासी 23/1 टेगोर गास्टले, रविन्द्र साराणी बीडन स्ट्रीट कोलकता-700006 (पश्चिम बंगाल)
5. प्रमोद मुरारका आयु 63 वर्ष पुत्र हीरालाल मुरारका निवासी कस्बा लक्ष्मणगढ़ हाल निवास 251, 24 वी मैन नंदिनी होटल के सामने, जेपी नगर, 5 वां फेज बैंग्लोर साउथ कर्नाटक-560078
6. अभिषेक मुरारका आयु 36 वर्ष पुत्र ओमप्रकाश निवासी कस्बा लक्ष्मणगढ़ हाल निवास फ्लेट नं. 4, जी आंगन अपार्टमेंट, काजू बागान, थाना हेहल, ओपी जिला-रांची झारखण्ड-834005
7. संतोष मुरारका आयु 61 वर्ष पुत्र पन्नालाल मुरारका निवासी कस्बा लक्ष्मणगढ़ हाल निवास बलिहार रोड़, 27 ई0-03, मोराबांदी रांची थाना बरियातु जिला-रांची झारखण्ड-834008

वादीया ने आपके विरुद्ध स्थाई निषेधाज्ञा व आज्ञादायी व्यादेश के लिये वाद पंजीयन किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 17.07.2025 को दिन में सुबह 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक् अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में है या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिय्क्षा दाखिल / सुरजाई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे व आपके कब्जे व शक्ति में हो तो अपना प्रतिरक्षा या मुजाराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में. साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह वाद ता. 07 माह 07 सन 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश
लक्ष्मणगढ़ सीकर

**सियालदह मंडल के तहत स्टेशनों पर स्टॉल/आउटलेट**

'एक स्टेशन एक प्रोडक्ट' योजना के अधीन

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह के द्वारा सियालदह मंडल के तहत **111 स्टेशनों पर "एक स्टेशन एक प्रोडक्ट" योजना** में भागीदारी के लिए देशी उत्पादों से जुड़े व्यक्तियों, सेल्फ हेल्प ग्रुप्स (एसएचजी), हाशिए पर रहने वाले या समाज के कमजोर वर्गों आदि से मुहरबंद पैकेट (एकल) में और निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। **योजना की मुख्य विशेषताएँ:-** **(1) परियोजना की अवधि:** टाकी रोड - 30 दिन दिनांक **30.07.2025** से शुरू; टाला, बराहनगर रोड, तालदी, बीरनगर-30 दिन दिनांक **31.07.2025** से शुरू; माझेरहाट, ताहेरपुर, चाँदपाड़ा -30 दिन दिनांक **01.08.2025** से शुरू; आकड़ा, संतोषपुर, कोमागाटा मारू बजबज, काशीनगर हॉल्ट, शासन रोड- 30 दिन दिनांक **02.08.2025** से शुरू; धुबुलिया, अगरपाड़ा, पलता कालिकापुर, बानपुर, बामनगाछी, गोपालनगर, गुमा, गोचरण, जगद्दल, टीटागढ़, इच्छापुर - 30 दिन दिनांक **03.08.2025** से शुरू; सुभाषग्राम- 30 दिन दिनांक **05.08.2025** से शुरू; हासनाबाद-30 दिन दिनांक **06.08.2025** से शुरू; दक्षिण दुर्गापुर, नेतड़ा, चंपाहाटी, घुटियारी शरीफ, मगराहाट, सोण्डालिया- 30 दिन दिनांक **08.08.2025** से शुरू; बनगांव जं., दत्तपुकुर, दक्षिणेश्वर- 30 दिन दिनांक **09.08.2025** से शुरू; हृदयपुर, मालतीपुर, भासिला-30 दिन दिनांक **10.08.2025** से शुरू; बहारु, काकद्वीप, दक्षिण बारासात, बशीरहाट, कल्याणी शिल्पांचल, बीरा- 30 दिन दिनांक **11.08.2025** से शुरू; कल्याणपुर, होटोर - 30 दिन दिनांक **12.08.2025** से शुरू; चंपापुकुर, कल्याणी सीमांत - 30 दिन दिनांक **13.08.2025** से शुरू; माझेरग्राम, बाली घाट, ईडन गार्डेन्स, लालगोला, कासिमबाजार-30 दिन दिनांक **15.08.2025** से शुरू; गंगनापुर, बागबाजार, सुर्ज्यपुर, पगलाचंडी, गेदे, कालीनारायणपुर जं., हबीबपुर- 30 दिन दिनांक **16.08.2025** से शुरू; बीबीडी बाग, प्रिंसेपघाट, बिद्याधरपुर, पियाली - 30 दिन दिनांक **17.08.2025** से शुरू; भगवानगोला, मुड़ागाछा, बेलडांगा, बेथुआडहरी, देबग्राम, रेजीनगर, पलासी, माझदिया, नंगी, न्यू अलीपुर, पायराडांगा, ब्रेसब्रिज -30 दिन दिनांक **18.08.2025** से शुरू; बड़ा बाजार, पातिपुकुर, बसुलडांगा, धपधपी, बगुला, पालपाड़ा - 30 दिन दिनांक **19.08.2025** से शुरू; गड़िया, शांतिपुर- 30 दिन दिनांक **20.08.2025** से शुरू; बादकुल्ला, न्यू गड़िया - 30 दिन दिनांक **21.08.2025** से शुरू; गोबरडांगा, ठाकुरनगर, अशोकनगर रोड, न्यू बैरकपुर, दुर्गानगर-30 दिन दिनांक **23.08.2025** से शुरू; बिशरपाड़ा कोदालिया-30 दिन दिनांक **24.08.2025** से शुरू; जियागंज, आंड़घाटा- 30 दिन दिनांक **25.08.2025** से शुरू; कृष्णपुर, मुर्शिदाबाद, बहरामपुर कोर्ट, फुलिया, कल्याणी घोषपाड़ा, बालीगंज जं., बाघा जतीन, नामखाना, देउला, धामुया, डायमंड हार्बर, संग्रामपुर, कैनिंग, हाड़ोया रोड, चकदह, यादवपुर - 30 दिन दिनांक **26.08.2025** से शुरू। **(2) टोकन पंजीकरण शुल्क:** प्रत्येक स्टॉल हेतु 30 दिनों की आवंटन अवधि के लिए जीएसटी सहित रु.2,000/-मात्र। **(3) आधारभूत संरचना:** (i) स्टॉल/आउटलेट रेलवे द्वारा प्रदान किए जाएंगे। (ii) 15 दिनों के एक चरण के लिए प्रति एक स्टेशन एक प्रोडक्ट आउटलेट हेतु अधिकतम 20 यूनिट बिजली की स्वीकृति पंजीकरण शुल्क में नियमों के अंतर्गत शामिल बुनियादी सुविधा के रूप में दी जाएगी। 20 यूनिट की सीमा से अधिक के बिजली खर्च पर, अतिरिक्त यूनिटों के लिए, वास्तविक आधार पर प्रयोज्य शुल्क लागू रहेगा। **(4) आवेदन जमा किया जाना:** दिनांक 28.07.2025 को 15.00 बजे के अंदर। **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, कक्ष सं. 44, डीआरएम कार्यालय, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014** को संबोधित करते हुए कागजात की प्रतिलिपि (जैसा कि ऊपर पात्रता मानदंड में उल्लिखित है) के साथ संगठन के लेटरहेड/सादे सफेद कागज की शीट में आवेदन संबंधित स्टेशनों के स्टेशन मास्टर/स्टेशन प्रबंधक/बुकिंग सुपरवाइजर के कार्यालय में निर्धारित स्थान पर मुहरबंद लिफाफे में जमा किया जाएगा। **एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में:** दिनांक **28.07.2025 को 16.00 बजे** संबंधित स्टेशनों पर चयन के लिए ओपन लॉटरी/पब्लिक ड्रॉ निकाला जाएगा। चिह्नित उत्पादों सहित स्टेशनों के नाम, भागीदारी के लिए पात्रता मानदंड एवं समर्थित कागजात, जमा किए जाने वाले आवेदन के संपूर्ण विवरण और विस्तृत नियम और शर्तों को आधिकारिक वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है और इन्हें वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे/सियालदह, डीआरएम बिल्डिंग, कक्ष सं. 44, काइज़र स्ट्रीट, कोलकाता-700014 के कार्यालय में सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, सियालदह**

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## नर्सिंग होम विवाद में भाजपा नेता कौस्तभ बागची को अग्रिम जमानत मिली

**कोलकाता, समाज्ञा :** नर्सिंग होम में दादागिरी के विवादित मामले में भाजपा नेता कौस्तभ बागची को बैराकपुर अदालत से अग्रिम जमानत मिल गई है। पुलिस ने उन्हें इस मामले में दो बार थाने तलब कर नोटिस जारी किया था, लेकिन पहली बार जब उन्हें तलब किया गया था, तो उन्होंने हाजिरी नहीं दी थी। इसके बाद, पुलिस ने आगामी मंगलवार को फिर से थाने हाजिरी के लिए बुलाया था। इस बीच, सोमवार को कौस्तभ ने अदालत में अग्रिम जमानत का आवेदन किया था, जिसे मंजूर कर लिया गया। 1 जुलाई को बैरकपुर के वारलेस मोड़ के पास स्थित एक निजी अस्पताल में मरीज की मौत के बाद कौस्तभ बागची पर डॉक्टरों को धमकाने और दबाव बनाने का आरोप लगा था। इस घटना का वीडियो सोशल



मीडिया पर वायरल होने के बाद विवाद और ज्यादा बढ़ गया था। आरोप था कि निजी अस्पताल में केवल भाजपा नेता ही नहीं, बल्कि अन्य लोग भी तनाव और अशांति फैलाने में शामिल थे। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने कौस्तभ बागची समेत एक अन्य व्यक्ति को आरोपी के रूप में चिन्हित किया है। इस घटना ने क्षेत्र में हलचल मचा दी है और अब अदालत में कानूनी प्रक्रिया जारी है।

## रासबिहारी में मानसिक रूप से अवसादग्रस्त नाबालिग छात्र ने की आत्महत्या

**कोलकाता, समाज्ञा :** मानसिक रूप से अवसादग्रस्त एक नाबालिग छात्र का सोमवार को घर से झूलता शव बरामद किया गया। परिवार का दावा है कि उसने गले में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान शौर्य सरकार (16) के रूप में की गई है। उसके पिता कोलकाता पुलिस में काम करते हैं। और उसकी मां शिक्षिका हैं। वे रासबिहारी में रहते हैं। वह दक्षिण कोलकाता के एक निजी अस्पताल में कक्षा 10 का छात्र है।

पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, स्कूली छात्र पिछले कुछ दिनों से अचानक मानसिक अवसाद से ग्रस्त था। परिजनों को इसका एहसास होने के बाद इलाज शुरू हुआ। शौर्य की एनआरएस अस्प-ताल में काउंसलिंग चल रही थी। स्कूली छात्र रविवार की रात अपने कमरे में सोने चला गया। इस दिन, सुबह में माता-पिता ने बच्चे का शव पंखे से लटकता देखा। उसके गले में साड़ी का फंदा था। परिवार के सदस्य उसे तुरंत एसएसकेएम अस्पताल ले गए। हालांकि, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पुलिस ने शुरुआती तौर पर अनुमान लगाया है कि उसकी मौत दम घुटने से हुई है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह साफ हो पाएगी। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि स्कूली छात्र मानसिक अवसाद से क्यों जूझ रहा था। इसके पीछे पढ़ाई का दबाव है या कोई और वजह, इसकी जांच की जा रही है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-10-25, दिनांक** 03.07.2025, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए **निविदा सं. ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-10-25** के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम एवं स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में 2X25 केवी सिस्टम के लिए टीटीसी मास्ट में डबल पोल आइसोलेटर के प्रावधान के लिए अतिरिक्त आइटमों का अनुमानित सूची। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु.3,02,65,560.50, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु.3,01,300/-, **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समय:** 25.07.2025 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलना:** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-178/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



# नरसिंह दत्त कॉलेज में छात्र नेता की 'दादागिरी', नए छात्रों को नग्न कर अत्याचार करने का आरोप

**हावड़ा, समाज्ञा :** कसबा लॉ कॉलेज में हुई दुष्कर्म की घटना के बाद पूरे राज्य में उबाल है। आरोपी मनोजीत मिश्रा कॉलेज का पूर्व छात्र नेता और तृणमूल का छात्र नेता है। नतीजतन, इस घटना का सीधा असर सत्तारूढ़ पार्टी पर पड़ा है। इस स्थिति के बीच अब हावड़ा के एक कॉलेज में सनसनीखेज मामला सामने आया है। पता चला है कि बीते फरवरी में हावड़ा के नरसिंह दत्त कॉलेज के यूनियन रूम में नए छात्रों पर रैगिंग के आरोप राज्य तृणमूल छात्र परिषद के उपाध्यक्ष सौविक रॉय पर लगे थे। इस संबंध में, छात्र परिषद के तत्कालीन अध्यक्ष सौरव प्रसाद ने फरवरी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोपी सौविक रॉय की गिरफ्तारी की मांग की थी। जिस तरह से छात्राओं से पैंट उतारने और गुप्तांग दिखाने को कहा गया, उसका मोबाइल फोन पर वीडियो बना लिया गया था। बाद में, वह तस्वीर वायरल हो गई थी। उस प्रेस कॉन्फ्रेंस में सौरव प्रसाद ने राज्य के कॉलेजों में शिक्षा व्यवस्था की गिरावट पर अपना गुस्सा जाहिर किया था। हालांकि, उस समय तृणमूल के छात्र नेता सौविक रॉय ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों से इनकार किया था।

तृणमूल सूत्रों के अनुसार, सौविक नरसिंह दत्त कॉलेज में पढ़ाई कर रहा है। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने सक्रिय राजनीति में प्रवेश किया। कॉलेज यूनियन ने उनका ख्याल रखा है। जब वह राज्य तृणमूल छात्र परिषद के अध्यक्ष थे, तब रैगिंग का वीडियो वायरल हुआ था।

**❑ क्या कहा प्रिंसिपल ने**

कॉलेज की प्रिंसिपल सोमा बनर्जी की ओर से भी विस्फोटक टिप्पणी की गई। उन्होंने कहा कि छात्रों ने पहले ही इस घटना की शिकायत की थी। जीबी की बैठक में इस पर चर्चा हुई। सौविक को कॉलेज में प्रवेश करने से रोक दिया गया। लेकिन बाहरी लोगों का प्रवेश नहीं रोका जा सकता। अगर उन्हें रोकने की कोशिश की गई, तो सुरक्षा गार्डों को धमकाया गया। कॉलेज में गुंडागर्दी का बोलबाला था। पुलिस को बार-बार सूचना देने पर भी कोई फायदा नहीं हुआ। जिस समय यह घटना हुई, उस समय सौविक पूर्व छात्र थे। लेकिन वह कॉलेज आता था। उसे आज भी कॉलेज के कार्यक्रमों में देखा जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि दुर्व्यवहार करने वाले छात्र शिकायत दर्ज कराने से पहले पुलिस स्टेशन और पार्टी नेताओं के पास गए। लेकिन वे इस वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि करने में असमर्थ थे। शिकायत मिलने के बाद शासी निकाय ने फैसला किया कि बाहरी लोगों को कॉलेज में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। और कॉलेज में परीक्षा के दौरान यूनियन रूम को बंद करने का आदेश दिया गया। लेकिन प्रिंसिपल के लिए 24 घंटे निगरानी रखना संभव नहीं है। अधिकांश समय, वे कॉलेज में प्रवेश करते हैं। वे गार्ड को धमकाते हैं। हालांकि, शासी निकाय द्वारा पर्याप्त उपाय किए गए हैं।

## शालिमार स्टेशन पर मानव तस्करी की कोशिश नाकाम, दो युवक गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** शालिमार रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने मानव तस्करी की एक बड़ी कोशिश को नाकाम करते हुए 6 नाबालिगों को मुक्त कराया और दो युवकों को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह शालिमार स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर दो युवक छह नाबालिगों के साथ संदिग्ध हालत में घूमते नजर आए। गिरफ्तार युवकों की पहचान नीतीश कुमार (21) और बाबुल कुमार (20) के रूप में हुई है। ये दोनों बिहार के अररिया जिले के निवासी हैं। पूछताछ में उन्होंने कबूला कि वे छह नाबालकों को निजी ठेके पर मजदूरी कराने के लिए उड़ीसा के जाजपुर-केओंझर ले जा रहे थे। बच्चों को 12,000 मासिक वेतन का झूठा वादा किया गया था, जबकि उन्हें गंतव्य की कोई जानकारी नहीं थी। बताया जा रहा है कि सभी छह नाबालक अररिया के अलग-अलग गांवों के रहने वाले हैं। परिवारों को भी इस 'सफर' की जानकारी नहीं थी। आरपीएफ ने बच्चों की काउंसलिंग कर उनके परिजनों से संपर्क किया। आरपीएफ ने दो टिकट दलालों से सात रेलवे टिकट भी बरामद किए हैं। आरपीएफ ने ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्टेशन पर निगरानी और सख्ती बढ़ाने की बात कही है।

## चतुर्मास साधना-सिद्धि का अवसर है : मुनिश्री जिनेश कुमार

**कोलकाता, समाज्ञा :** आचार्यश्री महाश्रमण के सुशिष्य मुनिश्री जिनेश कुमार ठाणा-3 का चातुर्मास मंगल प्रवेश लेकटाउन स्थित भिक्षु विहार (डिविनिटी पेवेलियन) में हुआ। इस अवसर पर हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालु श्रावक समाज द्वारा विशाल संयम रैली निकाली गयी। चातुर्मासिक मंगल प्रवेश के पश्चात आयोजित स्वागत समारोह में राज्य के दमकल मंत्री तथा क्षेत्र के विधायक सुजीत बोस ने उपस्थित होकर मुनिप्रवर से आशीर्वाद लिया। मुनिश्री जिनेशकुमार ने विशाल जनमेदिनी को सम्बोधित करते हुए कहा-चतुर्मास आत्मजागरण व साधना सिद्धि का द्वार है। यह आध्यात्मिक वैभव प्राप्त करने तथा भोग से योग की साधना करने का अवसर है। इस अवधि में धर्म का पोषण व अधर्म का शोषण



होता है। यह आत्मनिरीक्षण व शक्ति संवर्धन का सुपथ है। उन्होंने कहा कि गुरुकृपा से आज हमारा चतुर्मास मंगल प्रवेश हुआ है। संत अध्यात्म के आकाश में इंसानियत का इन्द्रधनुष है, संत सौहार्द्र के सितार पर सद्भाव का संगीत है। संत अपनत्व के आंगन में आत्मीयता की आराधना है। संत धरती के कल्पवृक्ष होते हैं, वे भारतीय संस्कृति के अनमोल रत्न होते हैं। चतुर्मास की सफलता के पांच सूत्र-उत्साह, उदारता, आत्मीयता, आराधना, अनुमोदना हैं। इस अवधि में अधिक से अधिक ज्ञान, दर्शन की आराधना करें। मुनिश्री परमानन्दजी ने कहा कि चतुर्मास जागरण का समय है। चतुर्मास में तीन प्र- प्रेम, प्रवचन व प्रत्याख्यान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। मुनिश्री कुणाल कुमारजी ने प्रेरणा गीत का संगान किया। स्वागत भावाभिव्यक्ति के क्रम में तेरापंथी महासभा के पूर्व अध्यक्ष सुरेश गोयल, पूर्वांचल सभा के मुख्य ट्रस्टी बाबूलाल गंग, अणुविभा के अध्यक्ष प्रताप दुगड़, कलकत्ता सभा अध्यक्ष अजय भंसाली, अ.भा तेरापंथ महिला मंडल की संगठन मंत्री रमण पटावरी, जीतो कोलकाता चैप्टर अध्यक्ष धर्मेन्द्र चोरड़िया, दिगम्बर जैन समाज से दिनेश जैन गंगवाल, तेयुप अध्यक्ष राजीव बोथरा, टीपीएफ पूर्वांचल अध्यक्ष विनोद दुगड़, अणुव्रत समिति कोलकाता अध्यक्ष नवीन दुगड़ ने अपने विचार व्यक्त किए। सभा के मंत्री पंकज डोसी ने धन्यवाद ज्ञापन तथा कार्यक्रम का संयोजन प्रकाश चण्डालिया ने किया।



मुनिश्री जिनेश कुमार जी से आशीर्वाद लेते हुए दमकल मंत्री सुजीत बोस

## श्रावणी मेले के दौरान चलेंगी स्पेशल ट्रेनें, 45,600 अतिरिक्त बर्थ होगी उत्पन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने श्रावणी मेले के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस दौरान देवघर-कटिहार और देवघर-डिब्रूगढ़ के बीच श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेनें चलेंगी। जिससे लगभग 45,600 अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके तहत, 05716 कटिहार-देवघर श्रावणी मेला स्पेशल हर गुरुवार को 10 जुलाई से 7 अगस्त 2025 तक (कुल 5 ट्रिप) कटिहार से दोपहर 14:20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 04:15 बजे देवघर पहुंचेगी। वापसी में, 05715 देवघर-कटिहार श्रावणी मेला स्पेशल हर शुक्रवार को 11 जुलाई से 8 अगस्त 2025 तक (5 ट्रिप) सुबह 05:45 बजे देवघर से प्रस्थान करेगी और उसी दिन रात 21:20 बजे कटिहार पहुंचेगी। इसी प्रकार, 05926 डिब्रूगढ़-देवघर श्रावणी मेला स्पेशल, हर गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार, सोमवार और मंगलवार को 10 जुलाई से 9 अगस्त 2025 तक (कुल 23 ट्रिप) सुबह 09:40 बजे डिब्रूगढ़ से प्रस्थान करेगी और अगले दिन रात 20:25 बजे देवघर पहुंचेगी। वापसी में, 05925 देवघर-डिब्रूगढ़ श्रावणी मेला स्पेशल हर शुक्रवार, शनिवार, रविवार, मंगलवार और बुधवार को 11 जुलाई से 10 अगस्त 2025 तक (23 ट्रिप) रात 21:55 बजे देवघर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 08:30 बजे डिब्रूगढ़ पहुंचेगी। इन ट्रेनों का दोनों दिशाओं में बांका, बाराहाट, भागलपुर, सुल्तानगंज और मोंगेर में ठहराव रहेगा।

## प्राइम डे 2025 : अमेजन की 72 घंटे की ब्लॉकबस्टर डील्स और बेस्ट प्रोडक्ट्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन इंडिया ने प्राइम डे 2025 की घोषणा कर दी है, जो 12 जुलाई की मध्यरात्रि से 14 जुलाई की रात तक 72 घंटों तक चलेगा। इस दौरान प्राइम सदस्यों को स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, ब्यूटी, होम-किचन, किराना सहित 400 से अधिक ब्रांड्स पर नए लॉन्च और बेहतरीन डील्स मिलेंगी। अमेजन ने देशभर में डिलीवरी नेटवर्क को मजबूत करने के लिए 30 से ज्यादा नए डिलीवरी स्टेशन शुरू किए हैं, जिससे टियर-2 और टियर-3 शहरों में भी तेज डिलीवरी सुनिश्चित हो सके। कंपनी ने इस नेटवर्क के विस्तार पर 2000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। प्राइम डे पर ग्राहक 'रुफस' एआई शॉपिंग असिस्टेंट का उपयोग कर बेहतर डील्स खोज सकेंगे। प्राइम मेंबरशिप 1,499 रुपये, प्राइम लाइट 799 रुपये और प्राइम शॉपिंग एडिशन 399 रुपये में उपलब्ध है। अमेजन का दावा है कि यह प्राइम डे अब तक का सबसे बड़ा और खास अनुभव लेकर आएगा।

## मोतीलाल ओसवाल एएमसी ने लॉन्च किया नया अभियान द ग्रोथ मैनेजर्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के प्रमुख इक्विटी-केंद्रित फंड हाउस मोतीलाल ओसवाल एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एमओएएमसी) ने अपने नए एकीकृत ब्रांड अभियान द ग्रोथ मैनेजर्स की शुरुआत की है। यह पहल भारतीय निवेशकों को उच्च गुणवत्ता वाले विकासोन्मुख इक्विटी पोर्टफोलियो प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। भारत में म्यूचुअल फंड उद्योग का आकार पिछले दशक में 15 लाख करोड़ से बढ़कर 72 लाख करोड़ से अधिक हो गया है। मोतीलाल ओसवाल एएमसी ने विशिष्ट रूप से इक्विटी पर ध्यान केंद्रित करते हुए निवेशकों को दीर्घकालिक लाभ पहुंचाया है। बीते वर्ष, जहां उद्योग में फोलियो में 36% की वृद्धि हुई, वहीं कंपनी ने 218% की शानदार वृद्धि दर्ज की। एमओएएमसी के सीबीओ एवं ईडी अखिल चतुर्वेदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लगातार बढ़ता इक्विटी निवेश राज्य की वित्तीय जागरूकता को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि कंपनी नए फंड्स लॉन्च करने की योजना पर भी कार्य कर रही है।

## स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग स्पेसेस लिमिटेड का आईपीओ 10 जुलाई से खुलेगा

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्मार्टवर्क्स कोवर्किंग स्पेसेस लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 10 जुलाई 2025 को खुलेगा और 14 जुलाई 2025 को बंद होगा। प्रति शेयर 387 से 407 के प्राइस बैंड पर यह ऑफर जारी किया जाएगा। पात्र कर्मचारियों को 37 की छूट दी जाएगी। न्यूनतम 36 शेयरों और उसके गुणकों में बोली लगाई जा सकती है। इस ऑफर में 4,450 मिलियन का फ्रेश इश्यू और 33,79,740 शेयरों का ऑफर फॉर सेल शामिल है। ऑफर से प्राप्त राशि का उपयोग बकाया ऋण चुकाने, नए सेंटर्स के लिए पूंजीगत व्यय और सामान्य कॉर्पोरेट जरूरतों के लिए किया जाएगा। एंकर निवेशकों के लिए बोली 9 जुलाई को खुलेगी। कंपनी के शेयर बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। इस आईपीओ का संचालन जेएम फाइनेंशियल, बीओबी कैपिटल, आईआईएफएल कैपिटल और कोटक महिंद्रा कैपिटल करेंगे। यह ऑफर बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के अंतर्गत एसईबीआई नियमों के अनुसार किया जाएगा।

## पूर्वांचल तेरापंथ युवक परिषद द्वारा रक्तदान अमृत महोत्सव बैनर का अनावरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** तेरापंथ युवक परिषद् पूर्वांचल कोलकाता द्वारा आगामी 17 सितंबर को होने वाले रक्तदान अमृत महोत्सव 2.0 के बैनर का अनावरण किया गया। परिषद् अध्यक्ष राजीव बोथरा ने बताया कि अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् भारत सरकार के साथ मिलकर राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश डागा के नेतृत्व में 362 शाखाओं के माध्यम से आगामी 17 सितंबर को विश्वव्यापी रक्तदान शिविरों का आयोजन करने जा रही है। रक्तदान बैनर का अनावरण प्रकाश चण्डालिया ने किया। इस अवसर पर पूर्वांचल तेयुप के उपाध्यक्षद्वय धनपत बरड़िया, आशीष लिंगा, सहमंत्री द्वय लोकेश दुगड़, नैतिक भादानी, कोषाध्यक्ष रीतेश बैद, संगठन मंत्री मनोज श्यामसुखा, निवर्तमान अध्यक्ष




नवीन सिंघी सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्य व क्षेत्रीय सहयोगी तथा तथा एटीडीसी के संयोजक रवि दुगड़, वरिष्ठ समाजसेवी अशोक बैद, बाबुलाल दुधेड़िया सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। अ.भा. तेरापंथ युवक परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री अमित नाहटा ने बताया कि 2022 में संस्था द्वारा भारत सरकार के साथ मिलकर एक ही दिन में 6000 से अधिक रक्तदान शिविरों से 2.5 लाख यूनिट से अधिक रक्त इकट्ठा कर अनोखा रिकॉर्ड बनाया था। अपने इन्हीं सेवा कार्यों से गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड, वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड आदि में अ.भा. तेरापंथ युवक परिषद का नाम दर्ज है। मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव के राष्ट्रीय प्रभारी हितेश भांडिया का कहना हैं कि देश में रक्त की कमी की आपूर्ति को ध्यान में रखते हुए 17 सितम्बर को भारत सरकार एवं देश और विदेश के विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर विश्व स्तर पर लगभग 8000 से अधिक रक्तदान शिविरों का आयोजन करने जा रहे हैं। आयोजन के राष्ट्रीय सहप्रभारी सौरभ पटावरी द्वारा संपूर्ण देशवासियों से आह्वान किया गया कि मानवता के इस महायज्ञ में अपनी आहुति अवश्य प्रदान करें। परिषद् मंत्री सिद्धार्थ दुधेड़िया ने बताया कि पूर्वांचल कोलकाता शाखा द्वारा भी कई स्थानों पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### हरिदास दास बाबाजी के 'श्री श्री गौड़ीय वैष्णव अभिधान' का डिजिटल संस्करण हुआ जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** डिजिटल युग में वैष्णव विद्वान और लेखक हरिदास दास बाबाजी द्वारा रचित 'श्री श्री गौड़ीय वैष्णव अभिधान' ग्रंथ को वैश्विक स्तर पर शोधकर्ताओं और वैष्णव अनुयायियों तक पहुंचाने का बीड़ा भक्तिवेदांत रिसर्च सेंटर ने उठाया है। इस वेबसाइट पर 'चरितावली', 'ग्रंथावली' जैसे खंडों को क्रमशः प्रस्तुत किया गया है। इसमें चैतन्य महाप्रभु से लेकर 20वीं सदी तक के प्रमुख व्यक्तित्वों की जीवनियां और उनसे संबंधित साहित्यिक सार हैं। इस डिजिटल संस्करण का उद्घाटन नवद्वीप के हरिबोल कुटीर आश्रम में एक विशेष समारोह के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर भक्तिवेदांत रिसर्च सेंटर के डीन डॉ. सुमंत रूद्र, परियोजना संपादक डॉ. अभिषेक बसु, नित्यानंद वंश के प्रमुख प्रभुपाद नित्यगोपाल गोस्वामी, नवद्वीप पुरातत्त्व परिषद के प्रतिनिधि और नवद्वीप गौड़ीय वैष्णव समाज के अनेक विद्वान व संतजन उपस्थित थे।

## हावड़ा मंडल ने मनाई सरायघाट एक्सप्रेस की गौरवमयी 30वीं वर्षगांठ




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने डीआरएम संजीव कुमार के मार्गदर्शन में सरायघाट एक्सप्रेस की 30वीं वर्षगांठ बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाई। यह समारोह 6 जुलाई को सॉर्टिंग यार्ड कोचिंग कॉम्प्लेक्स में आयोजित हुआ, जिसमें वरिष्ठ रेल अधिकारी, कर्मचारी और शुभचिंतक बड़ी संख्या में शामिल हुए। 6 जुलाई 1995 को अपनी पहली यात्रा शुरू करने वाली सरायघाट एक्सप्रेस ने बीते तीन दशकों में उल्लेखनीय प्रगति की है। प्रारंभ में पारंपरिक आईसीएफ कोच और डीजल इंजन के साथ संचालित यह ट्रेन अब आधुनिक एलएचबी कोच और 25 जून 2025 से संपूर्ण मार्ग पर विद्युत इंजन द्वारा संचालित होने लगी है। यह परिवर्तन भारतीय रेल की आधुनिकता, सुरक्षा, ऊर्जा दक्षता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस अवसर पर सारायघाट एक्सप्रेस के कोचों को आकर्षक रूप से सजाया गया और ट्रेन की गौरवशाली विरासत व तकनीकी उन्नतियों को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ डीएमई (चेंज एंड टीएस), वरिष्ठ डीएमई (एनएचएम एवं फ्रेट) सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लेकर इस ऐतिहासिक उपलब्धि को सम्मानित किया।

## लायंस क्लब ऑफ कोलकाता कांकुड़गाछी में नए बोर्ड का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न


**कोलकाता, समाज्ञा :** लायंस क्लब ऑफ कोलकाता कांकुड़गाछी का नए बोर्ड का शपथ ग्रहण समारोह 6 जुलाई को भव्यता और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर लायन अमित अग्रवाल को क्लब का नया अध्यक्ष, लायन अनुभव जायसवाल को सचिव और लायन रूपक केडिया को कोषाध्यक्ष के रूप में शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की शपथ अधिकारी लायन संगीता जातिया, लायंस क्लब्स इंटरनेशनल की बोर्ड अपॉइंटी रहीं। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लायन ए.पी. सिंह, जो लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के 2025-26 के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, ने क्लब के सदस्यों को आशीर्वाद दिया और उन्हें नई ऊर्जा के साथ समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। इस शुभ अवसर पर क्लब में 50 नए सदस्यों का प्रवेश हुआ, जिनका शपथ ग्रहण लायन त्रिलोक राजगढ़िया, पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने कराया। कार्यक्रम के दौरान क्लब द्वारा 7 एमजेएफ



और 4 नए क्लब प्रायोजित किए गए। नए बोर्ड को आशीर्वाद देने के लिए लायन स्वाति गोस्वामी (डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2025-26), लायन अशिष झुनझुनवाला (फर्स्ट वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर) और लायन नितिन अग्रवाल (सेकंड वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर) भी उपस्थित रहे। इस विशेष दिन पर लायन महेंद्र जैन, लायन अमित बोथरा, लायन के.के. पोद्दार, लायन मुरारी मुरारका, लायन गोपी धुवालिया, लायन गोपाल अग्रवाल, लायन बी.पी. यादुका, लायन कनक दुगड़ और लायन विजय जोधानी की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त लायन मन मोहन बागड़ी (कैबिनेट सचिव), लायन सारिका वर्शनेया (कैबिनेट कोषाध्यक्ष), लायन मोहित अग्रवाल (जीएलटी), लायन अमरेश रॉय (जीएटी वाइस चेयरमैन) सहित अन्य जिला गणमान्यजन इस कार्यक्रम के साक्षी बने। कार्यक्रम का माहौल उत्साह और सौहार्द से परिपूर्ण रहा, जिसमें समाज सेवा के प्रति सभी का संकल्प और भी दृढ़ हुआ।

## हावड़ा मंडल में एटीवीएम के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष डिजिटल अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के वाणिज्य विभाग ने सोमवार को एटीवीएम प्रचार अभियान आयोजित किया। इस अभियान का उद्देश्य यात्रियों को ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना और यूपीआई, भीम व क्यूआर कोड आधारित एप्स के माध्यम से डिजिटल भुगतान अपनाने के लिए प्रेरित करना था। यह अभियान कामरकुंडु, बारुईपाड़ा, बेलमुड़ी, गुराप सहित कई स्टेशनों पर चलाया गया। हावड़ा के मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के मार्गदर्शन में इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को तेज,



सुविधाजनक और कैशलेस टिकटिंग विकल्प प्रदान करना था ताकि टिकट काउंटरों पर भीड़ कम की जा सके और टिकटिंग प्रणाली को और अधिक आधुनिक बनाया जा सके। अभियान के दौरान यात्रियों को एटीवीएम से अनारक्षित टिकट निकालने की प्रक्रिया विस्तार से बताई गई। यह पहल न केवल रेलवे परिचालन को डिजिटल और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि मैनुअल टिकटिंग और कागज की खपत को घटाकर रेलवे की परिचालन दक्षता को भी बढ़ा रही है।

## सीकर नागरिक परिषद ने 'सुरंगों राजस्थान' के चौथे संस्करण में रचा संस्कृति और परंपरा का संगम

**कोलकाता, समाज्ञा :** सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) द्वारा राजस्थानी संस्कृति और लोक कलाओं को समर्पित सुरंगों राजस्थान का चौथा संस्करण सेफायर बैंक्वेट हॉल, रैक्का में बड़े ही भव्य और पारंपरिक अंदाज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण स्वरूप गणेश वंदना और सेवा गीत से की गई। इस अवसर पर पद्मश्री प्रहलाद राय अग्रवाल और पश्चिम बंगाल सरकार की मंत्री डॉ. शशि पांजा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। डॉ. पांजा ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि कार्यक्रम में शामिल होकर ऐसा प्रतीत हुआ मानो वे राजस्थान की धरती पर हों। उन्होंने कहा कि राजस्थानियों ने न केवल उद्योग जगत में अपनी पहचान बनाई है,



बल्कि अपनी संस्कृति, परंपराओं और लोक कलाओं को भी जीवित रखा है। मंच पर अतिथियों का स्वागत पारंपरिक राजस्थानी नगाड़ों की गूंज के बीच किया गया। कार्यक्रम की शोभा घूमर नृत्य की शानदार प्रस्तुति ने और बढ़ा दी, जिसका उपस्थित सभी लोगों ने भरपूर आनंद लिया।

इस अवसर पर अध्यक्ष अरविंद बियानी ने कहा कि, इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य राजस्थानी संस्कृति और लोक कलाओं को बढ़ावा देने के साथ-साथ प्रवासी राजस्थानियों को अपनी मिट्टी से जोड़े रखना भी हैं। अध्यक्ष एमिरेट्स घनश्याम प्रसाद सोभासरिया ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम ही नहीं बल्कि सभी राजस्थानी प्रवासियों को अपने राजस्थान की समृद्ध संस्कृति और परंपरा से अगली पीढ़ी को जोड़ने का प्रयास हैं। इस कार्यक्रम को सजाने में संयोजिका सुनीता लोहिया, रश्मि सराफ, किरण सोढ़ानी, सह संयोजिका टीना सिंघी, रेखा चौधरी, विभी सीकरिया, ललिता सारडा, सुमन सीकरिया, प्रीति बियानी, चंचल मित्तल एवं रवि लोहिया का भरपूर सहयोग रहा। सचिव रवि शंकर सीकरिया ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित सीए ममता बियानी, फिल्म अभिनेत्री ऋचा शर्मा, फनी मारवाड़ी कंटेंट क्रियेटर गौतम शर्मा रहे। इस दौरान विभिन्न प्रकार की राजस्थानी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें लगभग 80 प्रतिभागियों ने प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। जिसमें श्रृंगार (साज-सज्जा) के लिए रानी संयुक्ता, नृत्य एवं गीत के लिए मीरा बाई सम्मान से विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही, रील का भी कंपटीशन हुआ। रील कंटेंट क्रियेटर गौतम शर्मा द्वारा चयनित कर पुरस्कृत किया गया। मंच संचालन संगीता करेल एवं नवनी दुग्गड़ ने किया। निर्णायकगण के रूप में नैना मोर, रितिका सीकरिया, उमा बागड़ी, नीता सिंध्वी, शिल्पी चौधरी, दिव्या केडिया की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में ट्रस्टी धरम चंद जैन, ट्रस्टी श्रीप्रकाश सोमानी, पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मी कुमार बियानी, पवन मोदी, उपाध्यक्ष दामोदर प्रसाद बिदावतका, उपाध्यक्ष विनोद कुमार अग्रवाल, नवनीत सोढ़ानी, केशव सोमानी, श्रीमोहन चौधरी की उपस्थिति रही।

## पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने श्रावणी मेले के लिए की व्यापक तैयारियां

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने तारकेश्वर में आयोजित श्रावणी मेले के दौरान बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाजनक, सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। रेलवे द्वारा 9 जोड़ी अतिरिक्त ईएमयू स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इनमें से 4 जोड़ी ट्रेनें हावड़ा-तारकेश्वर तथा 5 जोड़ी ट्रेनें शेउराफुली-तारकेश्वर के बीच चलाई जाएंगी। ये स्पेशल ट्रेनें रविवार, सोमवार और अन्य विशेष दिनों - 10, 13, 14, 20, 21, 27, 28, 29 जुलाई एवं 3, 4, 9, 10, 11, 15, 16, 17, 18 अगस्त 2025 को चलेंगी। हावड़ा से तारकेश्वर ईएमयू स्पेशल ट्रेनें 00:30, 04:15, 12:40 और 13:20 बजे रवाना होंगी, जबकि वापसी में 02:30, 10:55, 11:35 और 21:17 बजे प्रस्थान करेंगी। शिउराफुली से तारकेश्वर स्पेशल ट्रेनें 06:55, 09:20, 11:05, 16:15 और 19:35 बजे चलेंगी, जबकि तारकेश्वर से शिउराफुली की वापसी ट्रेनें 05:55, 08:20, 10:05, 14:46 और 18:35 बजे प्रस्थान करेंगी। इन विशेष ट्रेनों के अतिरिक्त, तारकेश्वर स्टेशन पर 10 अतिरिक्त टिकट काउंटर खोले गए हैं। यात्री एटीवीएम, यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप और क्यूआर कोड आधारित डिजिटल भुगतान के जरिए भी टिकट खरीद सकते हैं। पहली बार, स्टेशन पर 6 मोबाइल यूटीएस टर्मिनल भी लगाए गए हैं ताकि तेज और सरल टिकटिंग सुविधा उपलब्ध हो सके। श्रद्धालुओं की सहायता के लिए स्काउट्स और गाइड्स प्रमुख बिंदुओं पर मौजूद रहेंगे, वहीं आपात चिकित्सा सेवाओं के लिए प्राथमिक उपचार काउंटर भी स्थापित किया जाएगा। सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्टेशन परिसर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

### जेएसडब्ल्यू इन्फ्रास्ट्रक्चर को कोलकाता बंदरगाह से 740 करोड़ रुपये की मिली परियोजना

**कोलकाता, समाज्ञा :** जेएसडब्ल्यू इन्फ्रास्ट्रक्चर को श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट प्राधिकरण से 740 करोड़ रुपये की बंदरगाह परियोजना के लिए आवंटन पत्र मिला है। इस परियोजना का उद्देश्य बंदरगाह पर कंटेनर रखरखाव क्षमता को बढ़ाना है। कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि परियोजना आवंटन पत्र नेताजी सुभाष गोदी पर पर बर्थ (जहाज रुकने का स्थान) आठ के पुनर्निर्माण और बर्थ सात के मशीनीकरण के लिए है। कंपनी ने कहा कि परियोजना पीपीपी मॉडल के तहत बनाओ, वित्त पोषण, परिचालन और सौंप दो (डीबीएफओटी) के आधार पर दी गयी है। इसमें 30 साल की रियायत अवधि दी गयी है। यह सरकार की बंदरगाह निजीकरण पहल के तहत अपने टर्मिनल पोर्टफोलियो का विस्तार करने की जेएसडब्ल्यू इन्फ्रास्ट्रक्चर की रणनीति के अनुरूप है।

# फायर सेफ्टी पर एसओपी तैयार कर रही है सरकार

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर केएमसी में फायर कमिटी ने उच्च स्तरीय बैठक की

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में बढ़ती आग की घटनाओं को देखते हुए राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर गठित स्टेट लेवल फायर कमिटी की दूसरी बैठक सोमवार को कोलकाता नगर निगम (केएमसी) में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कोलकाता के मेयर और मंत्री फिरहाद हकीम ने की। इस बैठक में राज्य सरकार के मंत्री अरूप विश्वास, सुजीत बोस, प्रदीप मजूमदार और जावेद खान, विभिन्न विभागों के सचिव, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डी.पी. सिंह और दमकल विभाग के महानिदेशक रणवीर कुमार मौजूद थे।



बैठक में कोलकाता समेत पूरे राज्य में आग की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी मंत्रियों ने अपने-अपने सुझाव रखे और एक सुसंगठित एस-ओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर) तैयार करने पर सहमति जताई। मेयर फिरहाद हकीम ने बताया कि यह एसओपी खासतौर पर रूफटॉप रेस्टोरेंट्स, स्कूलों, अस्पतालों और शॉपिंग मॉल्स जैसे सार्वजनिक स्थलों के लिए तैयार किया जा रहा है। जल्द ही इसे अंतिम रूप देकर राज्य कैबिनेट के सामने पेश किया जाएगा। फिरहाद हकीम ने कहा कि हम एक ऐसी व्यवस्था लागू करने जा रहे हैं, जिसमें फायर ऑडिट और नियमित फायर ड्रिल अनिवार्य होंगे। हमारा उद्देश्य सिर्फ आग बुझाना नहीं, बल्कि समय रहते खतरे को टालना है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार अब 'सक्रिय रोकथाम' की नीति पर काम करेगी, जिससे आगजनी की घटनाओं से पहले ही निपटा जा सके। फिरहाद हकीम ने कहा कि यह घटना फायर सेफ्टी एसओपी की जरूरत को और ज्यादा मजबूती से सामने लाती है। हम ऐसी व्यवस्था बना रहे हैं, जिससे इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। राज्य सरकार ने सभी व्यावसायिक और शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे फायर सेफ्टी नियमों का सख्ती से पालन करें। लापरवाही बरतने वालों पर अब कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# तृणमूल विधायक हमायूं कबीर का शर्मनाक वीडियो वायरल, शुभेंदु अधिकारी ने किया पोस्ट

### सरकारी अफसर को उसी के ऑफिस में घुसकर पीटा, भाजपा ने कार्रवाई की मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल विधायक व पूर्व आईपीएस हमायूं कबीर पर एक सरकारी अधिकारी के साथ मारपीट करने का आरोप लगा है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो को नेता प्रतिपक्ष व भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है, जिसमें तृणमूल विधायक कबीर एक अधिकारी को उसी के दफ्तर में पिटाई करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में प्रलय चक्रवर्ती जो कि पश्चिम बंगाल यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (डब्ल्यूबीयूएचएस) के असिस्टेंट रजिस्ट्रार हैं, अपने दफ्तर में बैठे नजर आ रहे हैं। उसी समय विधायक हमायूं कबीर आते हैं और



उन पर थप्पड़ों और लातों-घूंसे की बरसात कर देते हैं। यह घटना साल्टलेक इलाके की बताई जा रही है। नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि वीडियो उसी ऑफिस की सीसीटीवी फुटेज का हिस्सा है। उन्होंने सवाल खड़े करते हुए कहा कि यह घटना ममता बनर्जी की सरकार में बढ़ते अराजकता और अहंकार का उदाहरण है। विधायक हमायूं कबीर जो कि पूर्व आईपीएस अधिकारी भी रह चुके हैं, उन्होंने खुलेआम एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी को पीटा और अफसर को अपनी जान बचाकर ऑफिस से भागना पड़ा। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि हमायूं कबीर ने प्रलय चक्रवर्ती को कई बार जूते पहनकर लात मारी और बार-बार घूंसे भी मारे। यह सब उस सरकारी ऑफिस में हो रहा था जहां आमतौर पर जनता न्याय और सहयोग की उम्मीद लेकर आती है। तृणमूल की ओर से अब तक इस मुद्दे पर कोई बयान सामने नहीं आया है। वहीं, हमायूं कबीर खुद मीडिया के सामने नहीं आए हैं।

### फर्जी आईपीएस अधिकारी बनकर लाखों रुपये की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** खुद को आईपीएस अधिकारी बताकर एवं नीली बत्ती लगाकर वाहन चलाकर लोगों से लाखों रुपये की ठगी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। हरोआ थाने की पुलिस उक्त फर्जी आईपीएस अधिकारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम रंजय चटर्जी (27) है। वह एयरपोर्ट से सटे नारायणपुर इलाके का निवासी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रंजय खुद को आईपीएस अधिकारी बताता था। आरोप है कि उसने इस झूठी पहचान के साथ कई युवतियों से संपर्क भी बनाया था। रंजय ने हरोआ थाना क्षेत्र की दो युवतियों से झूठी पहचान के तहत करीब 13.5 लाख रुपये लिए थे। आरोप है कि जब उन्होंने पैसे वापस मांगे तो उसने संपर्क तोड़ दिया। इसके बाद, दोनों युवतियों को हरोआ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच के दौरान उसे न्यूटाउन इलाके से गिरफ्तार किया। अदालत ने उसे 10 दिनों की पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया। पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद सोमवार को उसे फिर बशीरहाट उपजिला अदालत पेश किया गया। पुलिस जांच में कई जानकारियां सामने आई हैं। पता चला है कि आरोपी नीली बत्ती वाली गाड़ी में घूमता था। वह फर्जी पहचान का इस्तेमाल कर अलग-अलग लोगों को ठगता था। बताया जा रहा है कि वह असली नाम के अलावा कई फर्जी नामों का इस्तेमाल करता था। जांचकर्ताओं का माननाहै कि सिर्फ दो युवतियों के साथ ही नहीं, बल्कि कई अन्य लोगों के साथ भी ठगी की गई है। कितने पैसे ठगे गए? ठगे गए पैसे कहां रखे गए? पुलिस यह जानकारी हासिल करने की कोशिश कर रही है। क्या युवक अकेले ही यह गोरखधंधा करता था? या उसके साथ एक से अधिक लोग शामिल थे? या फिर इस घटना के पीछे कोई बड़ा जालसाज गिरोह है? जांचकर्ता इस बात की भी जांच कर रहे हैं।

## न्यूटाउन बस स्टैंड पर खून के धब्बे फैलने से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के न्यूटाउन स्थित गीतांजलि बस स्टैंड पर सोमवार की सुबह कई जगहों पर खून के धब्बे पाए जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। यह क्षेत्र आमतौर पर सूचना प्रौद्योगिकी हब के रूप में जाना जाता है, जहां बड़ी संख्या में कार्यालयकर्मी और स्थानीय लोग आते-जाते हैं। इस असामान्य दृश्य को देखकर लोग दहशत में आ गए और घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों और ऑफिस जाने वाले यात्रियों ने जब बस स्टैंड की ज़मीन पर फैले गाढ़े खून के धब्बे देखे, तो उनके मन में सवाल उठने लगे क्या यहां कोई आपराधिक वारदात हुई है? क्या किसी की हत्या की गई? कहीं रात के अंधेरे में किसी को गंभीर रूप से घायल तो नहीं कर दिया गया? सूचना मिलते ही टेक्नो सिटी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे इलाके को घेर लिया। घटनास्थल से खून के नमूने एकत्र किए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है। प्राथमिक जांच में यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यह खून इंसान का है या किसी जानवर का। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि घटना के पीछे की सच्चाई सामने आ सके। जांच से जुड़े सूत्रों का कहना है कि संभव है कि किसी युवक को तपेदिक (टीबी) की शिकायत हो और उसी ने बस स्टैंड पर खून की उल्टी की है।

## मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी अस्पताल में लगी आग, कर्मचारियों की सतर्कता से टला बड़ा हादसा

### सुरक्षा के मद्देनजर मरीजों को अन्य अस्पतालों में किया गया स्थानांतरित

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के रविंद्र सारणी क्षेत्र में स्थित मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी अस्पताल में सोमवार की दोपहर अचानक आग लग गई। दमकल विभाग की तीन गाड़ियां तत्काल घटनास्थल पर पहुंची, हालांकि दमकल के आने से पहले ही कर्मचारियों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई के चलते आग पर प्राथमिक स्तर पर काबू पा लिया गया था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण विद्युत प्रणाली में खराबी (इलेक्ट्रिकल डिसऑर्डर) बताया गया है, हालांकि वास्तविक नुकसान का आंकलन अभी किया जा रहा है। इस घटना के चलते बिल्डिंग की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे वहां भर्ती मरीजों को असुविधा का सामना करना पड़ा। स्थिति को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने तत्परता दिखाते हुए सभी मरीजों को तत्काल कोलकाता के विभिन्न अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया, ताकि किसी के इलाज में कोई रुकावट न आए। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ और न ही किसी के फंसे होने की सूचना है। पोस्ता थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## निवेदिता सेतु के पास बस दुर्घटनाग्रस्त, 12 यात्री घायल

**हावड़ा, समाज्ञा :** कोलकाता के निवेदिता सेतु के पास एक भीषण सड़क हादसे में 10 से 12 यात्री घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब आसनसोल-




दुर्गापुर से कोलकाता की ओर आ रही यात्रियों से भरी एक ग्रीन लाइन बस निवेदिता सेतु पार करते समय अचानक नियंत्रण खो बैठी और सीधे गार्ड रेल से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक बुजुर्ग यात्री बस से छिटककर नीचे गिर गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल यात्रियों को तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही बाली थाना की पुलिस और बाली ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंच गई। साथ ही, निवेदिता सेतु के कर्मचारियों ने भी बचाव कार्य में हाथ बंटाया। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती अनुमान है कि तेज रफ्तार और ड्राइवर द्वारा नियंत्रण खो देने के चलते यह हादसा हुआ।

### तृणमूल कांग्रेस ने बॉबी कोले को किया पार्टी से निष्कासित

**पश्चिम मेदिनीपुर :** खड़गपुर में वामपंथी नेता की सरेआम पिटाई को लेकर जारी विवाद के बीच तृणमूल कांग्रेस ने कड़ा कदम उठाते हुए बॉबी कोले को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश मजूमदार ने सोमवार को मेदिनीपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तृणमूल के प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बक्सी के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। दरअसल, 30 जून को खड़गपुर में वामपंथी नेता अनिल दास की पिटाई का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में बॉबी कोले सहित तीन अन्य महिलाएं अनिल दास को सार्वजनिक रूप से पिटती हुई नजर आईं थी। इस मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया था। विवाद के बाद तृणमूल कांग्रेस की ओर से खड़गपुर थाने में बॉबी कोले के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी।

# कृष्णानगर में चलती बस का पहिया खुला, 30 यात्री घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कृष्णानगर इलाके में हे-लीपेड मोड़ के पास नवद्वीप-कृष्णनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार की सुबह एक यात्री बस का आगे का पहिया अचानक निकल जाने से बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस सवार करीब 30 यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय शक्तिनगर जिला अस्पताल ले जाया गया है। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह से इलाके में रुक-रुक कर बारिश हो रही थी। इसी दौरान, एक निजी बस यात्रियों को लेकर बर्दवान से नवद्वीप होते हुए कृष्णनगर की ओर जा रही थी। सुबह का समय



होने के कारण बस में दफ्तर जाने वाले और दैनिक यात्रियों की भारी भीड़ थी। रास्ते में एक बंपर पर चढ़ने के दौरान बस के सामने के पहिया निकल गया और बस थोड़ी दूरी पर जाकर सड़क के बीचों-बीच पलट गई। घटना के चलते यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। जोरदार आवाज सुनकर स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और बस में फंसे यात्रियों को खिड़कियों से निकालने में मदद की। पुलिस को तुरंत सूचना दी गई। कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से बस को हटाया गया। इस दौरान इलाके में भारी जाम लग गया था, जिसे काफी मशक्कत के बाद हटाया गया।

# खड़गपुर में रेलवे क्वार्टर से दंपत्ति का शव बरामद

### जांचकर्ताओं का अनुमान, पत्नी की हत्या के बाद पति ने की आत्महत्या

**पश्चिम मेदिनीपुर :** रेलवे क्वार्टर के एक कमरे से दंपत्ति के शव बरामद किए गए। पता चला है कि पत्नी का खून से लथपथ शव बिस्तर पर पड़ा था। उसकी 3 साल की बेटी उसके बगल में सो रही थी। जबकि, पति का शव उसी कमरे में लटक रहा था। यह वीभत्स घटना पश्चिम मेदिनीपुर जिले के खड़गपुर शहर के वार्ड नंबर 15 के जयहिंदनगर इलाके में हुई। खड़गपुर टाउन पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मृत पत्नी का नाम दीपा महतो (26) और उसके पति का नाम विक्रम पुट्टा (37) है। पुलिस को संदेह है कि यह घटना रविवार की रात को हुई। जांचकर्ता प्रारंभिक रूप से यह अनुमान लगा रहे है कि पारिवारिक अशांति के कारण व्यक्ति ने अपनी पत्नी की



'हत्या' की और फिर 'आत्महत्या' कर ली। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, विक्रम की शादी 15 साल पहले शहर के वार्ड 13 के नीमपुरा इलाके की निवासी पी सोनी नाम की युवती से हुई थी। उनका एक 14 साल का बेटा और 12 साल की जुड़वां बेटियां हैं। बाद में, दोनों अलग हो गए। पेशे से ड्राइवर विक्रम ने बाद में खड़गपुर निवासी दीपा महतो से शादी कर ली। उनकी एक तीन साल की बेटी भी है। हाल ही में, ऐसी खबरें आईं कि दीपा और विक्रम के बीच अक्सर विवाद और लड़ाई-झगड़े होते थे। यह भी आरोप है कि विक्रम की अपनी पहली पत्नी सोनी के साथ फिर से नजदीकियां बढ़ने लगी थी। सोनी ने दावा किया कि विक्रम हाल ही में कभी-कभी रात में जयहिंदनगर स्थित उनके घर जाता था। रविवार की रात विक्रम उस घर में नहीं गया था। इसीलिए, सोमवार की सुबह करीब 10 बजे सोनी विक्रम के घर गई। घर का दरवाजा गीला था। जैसे ही उसने दरवाजा धक्का देकर अंदर प्रवेश किया तो बिस्तर पर दीपा की रक्तरंजित लाश पड़ी थी। बगल में उसकी तीन साल की बेटी सो रही थी। उसी कमरे में विक्रम फंदे से लटका हुआ था। घटना को देखकर सोनी ने खड़गपुर टाउन थाने में फोन कर इसकी सूचना दी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। दोनों शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। क्या विक्रम का पहले पक्ष की पत्नी से संपर्क बढ़ने से अशांति बढ़ी? क्या इसी वजह से यह घटना हुई? यह सवाल उठ खड़ा हुआ है। क्या दीपा भी विवाहेतर संबंध में शामिल थी? यह सवाल भी उठ खड़ा हुआ है। जांचकर्ता सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं। घटना से इलाके में दहशत फैल गई है।

### रामपुरहाट में डायन के शक में महिला को अर्धनग्न कर नचाया, दो गिरफ्तार

**बीरभूम :** जिले के रामपुरहाट थानांतर्गत तांतबांदा गांव में एक गृहवधू के शरीर में डायन का वास बताकर अर्धनग्न करके उसके साथ अत्याचार किया गया। पुलिस ने इस मामले में दो ओझा को गिरफ्तार किया है। उनमें एक महिला शामिल हैं। पीड़िता को रामपुरहाट मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता काफी समय से मानसिक बीमारी से ग्रसित है। विभिन्न जगहों पर इलाज कराने के बाद भी कोई सुधार नहीं होने पर घरवाले उसे एक ओझा के पास ले गए। ओझा ने उसके शरीर में डायन का वास बताकर कहा कि उसे भगाने के लिए विशेष पूजा करनी होगी, जिसमें काफी खर्च आएगा। इसके बाद, घरवालों ने गांव के 50-60 परिवारों से चंदा लेकर रुपये जुटाए। इसके बाद वह ओझा एक महिला ओझा को साथ लेकर उनके गांव पहुंचा। वहां एक सार्वजनिक जगह पर पूजा शुरू की गई। इस दौरान, महिला को अर्धनग्न करके जबरन नचवाया गया और उसपर तरह-तरह से अत्याचार किए गए। गांव के एक व्यक्ति ने इसकी रामपुरहाट थाने को खबर की। खबर पाकर विशाल पुलिस बल मौके पर पहुंचा और महिला का उद्धार किया। पुलिस ने दोनों ओझा को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों झारखंड के निवासी हैं। पीड़िता के पति को भी थाने में रोककर पूछताछ की जा रही है।

### कुमारगंज में तीन दिनों से लापता नाबालिग का शव बरामद, दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप

**दक्षिण दिनाजपुर :** जिले के कुमारगंज थाना अंतर्गत मोहना जहरपुकुर इलाके में तीन दिनों से लापता नाबालिग का शव सोमवार को बरामद किया गया। आरोप है कि नाबालिग से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की गई है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पता चला है कि कुमारगंज के ताजपुर इलाके की निवासी नाबालिग बालूपाड़ा निवेदिता हाई स्कूल की पांचवीं कक्षा की छात्रा थी। शुक्रवार को वह घर से थोड़ी दूर स्थित एक दुकान पर जाने के लिए निकली थी। हालांकि, रात होने के बाद भी वह घर नहीं लौटी। परिवार के सदस्यों ने उसे विभिन्न जगहों पर खोजा। रात में जब बेटी का पता नहीं चला तो उसके पिता अमित हांसदा ने कुमारगंज थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने जांच शुरू की और विभिन्न जगहों पर तलाशी शुरू की। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह में नाबालिग के घर से करीब तीन किलोमीटर दूर एक तालाब में उसका शव तैरता हुआ मिला। खबर मिलने पर परिवार के सदस्य मौके पर गए। शव की पहचान हुई। मृतका के शरीर के ऊपरी हिस्से पर कोई कपड़ा नहीं था। शव बरामद होने के बाद इलाके में तनाव फैल गया। सूचना मिलने पर कुमारगंज थाने से बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए बालुरघाट जिला अस्पताल भेज दिया गया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि लड़की के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या की गई है।

### मालदह में पानी से भरे गड्ढे में गिरने से 2 भाइयों की मौत

**मालदह :** मुहर्रम के दिन घर के पास मेला लगा हुआ था। दोपहर में दोनों भाई मेला देखने जा रहे थे। इसी बीच, लगातार बारिश हो रही थी। घर के सामने पानी भरा हुआ था लेकिन दोनों भाई हाथ पकड़कर मेला देखने निकल पड़े। बारिश के पानी में फंसने से दोनों सड़क किनारे खाई में डूब गए। एक की उम्र पांच साल और दूसरे की उम्र चार साल थी। यह दुखद हादसा लाठी खेलने और मुहर्रम के दौरान मेला देखने के लिए जाते समय हुआ। यह घटना मालदह के रतुआ थाने के देबीपुर प्रधान पारा इलाके में हुई। पुलिस ने बताया कि मृतक भाइयों के नाम एसके आयत (5) और एसके फैजान (4) हैं। वे स्थानीय स्कूल में नर्सरी और केजी 1 में पढ़ते थे।

## ताहेरपुर में नाबालिग छात्रा से यौन उत्पीड़न के आरोप में तृणमूल नेता गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में फिर एक तृणमूल नेता को यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पता चला है कि बीरनगर नगरपालिका क्षेत्र के एक तृणमूल नेता पर सातवीं कक्षा की छात्रा से यौन उत्पीड़न का आरोप लगा है। नाबालिग के परिवार की ओर से थाने में दर्ज कराई शिकायत के बाद ताहेरपुर थाने की पुलिस ने आरोपी तृणमूल नेता को गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के अनुसार, बीरनगर शहर तृणमूल कांग्रेस के एसटी एससी ओबीसी सेल के अध्यक्ष के परिवार ने सातवीं कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म का प्रयास करने को लेकर शनिवार को ताहेरपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पेशे से ट्यूटर छात्रा तृणमूल नेता से निजी ट्यूशन लेती थी। आरोप है कि कुछ दिन पहले तृणमूल



नेता ने छात्रा को पढ़ाते समय अकेली पाकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया था। मामले की जानकारी मिलने के बाद नाबालिग के परिवार ने ताहेरपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। ताहेरपुर पुलिस ने आरोपी बीरनगर शहर तृणमूल एसटी एससी ओबीसी सेल के अध्यक्ष को रविवार की रात गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ के बाद पूरा मामला पता चल सकेगा।

## हरिहरपाड़ा में अत्याधुनिक आग्नेयास्त्र के साथ तृणमूल कार्यकर्ता गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद :** जिले के हरिहरपाड़ा में एक तृणमूल कार्यकर्ता को अत्याधुनिक आग्नेयास्त्र कार्बाइन और एक गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार, गत रविवार की रात हरिहरपाड़ा थाने की पुलिस ने गुप्त सूत्र से सूचना मिलने के बाद रामगोपाल बागान से सटे इलाके में



छापेमारी की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस दौरान, शाहजमाल शेख उर्फजमाल शेख नामक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में घूम रहा था। हिरासत में लेकर तलाशी लेने पर आग्नेयास्त्र बरामद किया गया। वह हरिहरपाड़ा के कांदीपाड़ा इलाके का निवासी है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, वह सक्रिय तृणमूल कार्यकर्ता और पूर्व पंचायत प्रधान का पति है। गिरफ्तार व्यक्ति को सोमवार को बहरामपुर जिला अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने उसकी सात दिनों की हिरासत के लिए आवेदन किया है। जांचकर्ताओं ने कहा कि यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि शाहजमाल ने अत्याधुनिक आग्नेयास्त्र कहां से लाया था और वह इसे किसे सौंपने की योजना बना रहा था।

### टैफे और एजीसीओ के बीच ब्रांड और शेयरधारिता को लेकर समझौता

**कोलकाता, समाज्ञा :** ट्रैक्टर और कृषि उपकरण निर्माता कंपनी टैफे ने एजीसीओ के साथ ब्रांड अधिकार, वाणिज्यिक समझौते और शेयरधारिता को लेकर एक व्यापक समझौता किया है।इस समझौते के तहत टैफे को भारत, नेपाल और भूटान में मैसी फर्ग्यूसन ब्रांड पर पूर्ण स्वामित्व मिलेगा। टैफे, 260 मिलियन डॉलर में एजीसीओ की टैफे में हिस्सेदारी (20.7%) वापस खरीदेगा और पूरी तरह टैफे समूह की सहायक कंपनी बन जाएगा। टैफे, एजीसीओ में अपनी 16.3% हिस्सेद-ारी बरकरार रखेगा और भविष्य में भी एजीसीओ का समर्थन करता रहेगा। दोनों कंपनियों के बीच सभी पुराने वाणिज्यिक समझौते समाप्त कर दिए जाएंगे, लेकिन टैफे बकाया आपूर्ति आदेशों का पालन करेगा।साथ ही, सभी लंबित कानूनी मामले भी वापस ले लिए जाएंगे।

### भूमिहार एकता मंच की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** भूमिहार एकता मंच, पश्चिम बंगाल प्रदेश की कार्यकारिणी की बैठक रविवार को खेयादा बाजार स्थित श्रेय वर्ल्ड बैंक्वेट हॉल में मंच



के अध्यक्ष त्रिभुवन कुमार मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन मंच के संयोजक जितेंद्र नाथ राय ने किया। कार्यक्रम के संयोजक और मंच के संरक्षक, व्यवसायी मुकेश कुमार ठाकुर ने अतिथियों और सदस्यों का भव्य स्वागत किया। बैठक में सतीश पांडे और अशोक कुमार ओझा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश की लगभग 14 शाखाओं से बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान संगठन के पूर्व क्रियाकलापों की समीक्षा, भावी योजनाओं पर चर्चा, और मंच के स्थायी कार्यालय हेतु भूमि व्यवस्था पर विचार किया गया। साथ ही, आगामी महीनों में सोधपुर, उत्तर कोलकाता और दक्षिण कोलकाता शाखाओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय भी लिया गया। कार्यक्रम के अंत में दक्षिण कोलकाता शाखा के संरक्षक संजीव ठाकुर के पुत्र के असामयिक निधन पर एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक के बाद भाई मिलन सह भाई भोज का आयोजन हुआ, जिसमें सदस्यों ने पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया।

## पश्चिम बंगाल गारमेंट एसोसिएशन ने 58वां बायर्स एंड सेलर्स मीट और बी2बी एक्सपो किया आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल गारमेंट मैन्युफैक्चरर्स एंड डीलर्स एसोसिएशन की ओर से 58वां गारमेंट बायर्स एंड सेलर्स मीट और बी2बी एक्सपो का भव्य आयोजन कोलकाता के साइंस सिटी में 7 से 9 जुलाई, 2025 तक किया गया। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम लगभग दो लाख वर्ग फीट क्षेत्र में फैला हुआ है। इस आयोजन में राज्य के व्यापारिक अवसरों को बढ़ावा देने की उम्मीद है, क्योंकि यह उद्योग पिछले 60 वर्षों से क्षेत्र का अहम हिस्सा रहा है। इस मेले में 1000 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड शामिल हुए हैं, जो बच्चों, पुरुषों और महिलाओं के लिए रेडीमेड गारमेंट्स का विस्तृत चयन प्रस्तुत कर रहे हैं। आयोजकों के अनुसार, इस कार्यक्रम से थोक बाजार में करीब 1200 से 1500 करोड़ रुपये



के वाणिज्यिक सौदे होने की संभावना है। उद्घाटन समारोह में मंत्री सुजीत बोस मुख्य अतिथि थे। इसके अलावा, डब्ल्यूबीजीएमडीए के अध्यक्ष हरि किशन राठी, डब्ल्यूबीजीएमडीए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय करिवाला, डब्ल्यूबीजीएमडीए के उपाध्यक्ष प्रदीप मुरारका, मानद सचिव देवेंद्र बैद, सीडब्ल्यूबीटीए के अध्यक्ष सुशील पोद्दार, कार्यकारी समिति के सदस्य मनीष अग्रवाल, सहित कई अन्य प्रमुख हस्तियां मौजूद थीं। प्रमुख सदस्यों में कन्हैयालाल लखोटिया (कोषाध्यक्ष), प्रेम कुमार सिंहल (संयुक्त कोषाध्यक्ष), के साथ कार्यकारी समिति के सदस्यों में अमरचंद जैन, तरूण कुमार झाझरिया, आशीष झवर, मनीष राठी, कमलेश केडिया, किशोर कुमार गुलगुलिया, विक्रम सिंह बैद, सौरव चांडक, साकेत खंडेलवाल, अजय सुल्तानिया, राजीव केडिया, संदीप राजा, भुवन आरोड़ा, मोहित दुगड़, सज्जन शर्मा, मयंक चौधरी, अनिल सोमानी और कार्यकारी समिति के सदस्य और पूर्व अध्यक्ष हरि प्रसाद शर्मा एवं चांदमल लड्ढा इस आयोजन को सफल बनाने में अपनी प्रमुख भूमिका निभाई।

## न्यूज इन ब्रीफ

### झारखंड के जंगलों से 16 आईईडी बरामद, निष्क्रिय किए गए

**चाईबासा :** झारखंड में पश्चिमी सिंहभूम जिले के एक वन क्षेत्र से सुरक्षाबलों ने सोमवार को 16 परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) बरामद किए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पश्चिमी सिंहभूम जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) राकेश रंजन ने बताया कि सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम द्वारा नक्सल विरोधी अभियान के तहत कोटसोना और लांजी गांवों के बीच जंगल में ये विस्फोटक बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विस्फोटक उपकरण का वजन करीब दो किलोग्राम था, जिसे बम निरोधक दस्ते ने मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया। एसपी ने कहा, '' आईईडी का उद्देश्य चल रहे अभियान में बाधा डालना और इसमें लगे सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाना था।''

### झारखंड: मुहर्रम जुलूस में आग के करतब दिखाते समय 15 लोग झुलसे

**हजारीबाग :** झारखंड के हजारीबाग जिले में मुहर्रम के जुलूस के दौरान आग के करतब दिखाते समय कम से कम 15 लोग झुलस गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना रविवार रात तुराउन-पोटा गांव में हुई, जब मुहर्रम के जुलूस में शामिल लोग आग के साथ करतब कर रहे थे। मुफस्सिल थाना प्रभारी कुनाल किशोर ने बताया कि डीजल कंटेनर के आग पकड़ने से जुलूस में शामिल कई लोग झुलस गए। घायलों को तुरंत शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसबीएमसीएच) ले जाया गया। एसबीएमसीएच के अधीक्षक ए.के. पुर्ती ने बताया, ''अस्पताल में रविवार रात 15 लोगों को लाया गया था। सोमवार सुबह परिजनों के अनुरोध पर इनमें से 10 को छुट्टी दे दी गई।'' उन्होंने बताया कि वर्तमान में चार लोग अस्पताल में भर्ती हैं जबकि गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को रांची स्थित रिम्स रेफर किया गया है। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि जिस कंटेनर से डीजल डाला जा रहा था, वह आग की चपेट में आ गया, जिससे यह दुर्घटना हुई।

### पंचगव्य से 19 बीमारियों के उपचार को बढ़ावा देगी उप्र सरकार

**लखनऊ :** पारंपरिक औषधियों को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार आयुर्वेदिक उत्पादों के उत्पादन में पंचगव्य का उपयोग करने की पहल शुरू कर रही है। पंचगव्य गाय के पांच उत्पादों अर्थात् दूध, दही, घी, मूत्र और गोबर से बना एक जैविक मिश्रण है। सरकार द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक, पंचगव्य के आधार पर बड़े पैमाने पर उत्पाद बनाए जाएंगे जिससे ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा और गोशालाओं की उपयोगिता भी पहले से अधिक बढ़ जाएगी। इस योजना के तहत, गोमूत्र आधारित औषधियों का उपयोग मधुमेह, हृदय रोग, गठिया, त्वचा रोग, अस्थमा, साइनसाइटिस और एनीमिया सहित 19 रोगों के उपचार में किया जाएगा। उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि आयुष विभाग के सहयोग से पंचगव्य आधारित उत्पादों के निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

### नौकरी में प्रोन्नति का झांसा देकर दो वर्ष तक दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**बलिया (उप्र) :** जिले के बांसडीह थाना क्षेत्र में 26 वर्षीय युवती को नौकरी में प्रोन्नति का झांसा देकर करीब दो वर्ष तक दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान रेगहां गांव के मनोज यादव के तौर पर हुई है। थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि इस मामले में पीड़ित युवती की तहरीर पर यादव के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत रविवार को मुकदमा दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि यादव और युवती दोनों एक मार्केटिंग नेटवर्किंग कंपनी में काम करते हैं। सिंह के मुताबिक, पुलिस ने आरोपी को थाना क्षेत्र के बांसडीह चौराहे से गिरफ्तार किया।

# बिहार के पूर्णिया में जादू-टोना करने के संदेह में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या, शव जलाए गए

**पूर्णिया :** बिहार के पूर्णिया जिले में कथित तौर पर जादू-टोना करने के संदेह में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या कर दी गई और उनके शवों को जला दिया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हत्या के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है तथा अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस मृतकों की पहचान का पता लगाने की कोशिश कर रही है। पूर्णिया के पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रमोद कुमार मंडल ने 'पीटीआई भाषा' से कहा, शुरुआती जांच से पता चलता है कि टेटमा गांव में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की पहले जादू-टोना करने के शक में हत्या



की गई। ऐसा लगता है कि आरोपियों ने फिर उनके शवों को झाड़ियों में जला दिया। घटना रविवार रात की है। मंडल ने बताया कि आरोपियों के एक ही परिवार के होने का संदेह है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं और जांचकर्ताओं की सहायता के लिए फॉरेंसिक विशेषज्ञ तथा श्वान दस्ता भी मौजूद है।

### बिहार में 24 घंटे के भीतर चार जगहों पर 9 लोगों की हत्याएं

**पूर्णिया/नालंदा (बिहार) :** बिहार में पिछले 24 घंटे के भीतर चार घटनाओं में कम से कम नौ लोगों की हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। ये हत्याएं पूर्णिया, नालंदा, मुजफ्फरपुर और पटना जिलों में हुईं। पूर्णिया जिले में जादू-टोना करने के संदेह में ग्रामीणों ने एक ही परिवार के पांच सदस्यों की हत्या कर दी और उनके शवों को आग लगा दी नालंदा जिले में आपस में पड़ोसी दो परिवारों के बच्चों के बीच विवाद के बाद हिंसा में 22 वर्षीय एक युवती और एक अन्य व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मुजफ्फरपुर में एक कनिष्ठ अभियंता की उसके परिवार के सामने कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई और पटना में 50 वर्षीय कारोबारी को गोली मार दी गई। पुलिस के अनुसार प्राथमिक जांच से पता चला है कि पूर्णिया के टेटमा गांव में एक परिवार के पांच सदस्यों की जादू-टोना करने के संदेह में हत्या की गई।

## गोरखपुर की छात्रा ने स्कूल में फिर से प्रवेश मिलने पर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को दिया धन्यवाद

**गोरखपुर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हस्तक्षेप के बाद सोमवार को गोरखपुर की छात्रा पंखुड़ी त्रिपाठी कंधों पर बस्ता टांगे फिर से स्कूल पहुंची। चार माह पहले आर्थिक तंगी के कारण स्कूल की फीस नहीं भर पाने के कारण पंखुड़ी की पढ़ाई छूट गई थी। शहर के पक्की बाग इलाके की निवासी पंखुड़ी के लिए यह भावुक पल था। विद्यालय के पहले दिन पंखुड़ी के पिता राजीव त्रिपाठी उसे सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल लेकर गए और मां मीनाक्षी ने टिफिन में उसकी पसंदीदा पूड़ी-सब्जी दी। मां ने कहा, ''यह उसका पहला दिन है। मैंने वही बनाया, जो उसे पसंद है।'' स्कूल जाने से पहले, सातवीं कक्षा की छात्रा ने अपने माता-पिता के पैर छुए और कृतज्ञता में हाथ जोड़कर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। पंखुड़ी ने कहा, ''वह (आदित्यनाथ) अपना



वादा निभाते हैं।'' यह मामला उस समय चर्चा में आया, जब एक जुलाई को गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री के जनता दर्शन के दौरान पंखुड़ी ने अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए फीस में छूट का अनुरोध किया। उसके अनुरोध पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि उसकी शिक्षा बाधित नहीं होगी। हालांकि, आश्वासन के बावजूद स्कूल ने अगले चार दिन तक कोई जवाब नहीं दिया। पांच जुलाई को पंखुड़ी और उसका परिवार औपचारिक आवेदन लेकर स्कूल गया, लेकिन प्राचार्य ने कथित तौर पर फीस माफ करने से इनकार कर दिया।

## राम मंदिर में ध्वजारोहण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हो सकते हैं प्रधानमंत्री

**अयोध्या (उप्र) :** अयोध्या में रामलला के मंदिर में ध्वजारोहण कार्यक्रम नवंबर में होने की संभावना है जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और हजारों विशिष्ट अतिथियों के शामिल होने की संभावना है। मंदिर ट्रस्ट के एक अधिकारी ने सोमवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि राम मंदिर ट्रस्ट ने इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए नवंबर में दो तिथियां छांटी हैं। अधिकारी ने कहा कि इस आयोजन के लिए तैयारियां गति पकड़ रही हैं। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हो सकते हैं।'' मंदिर सूत्रों के मुताबिक, इस मंदिर के 161 फुट ऊंचे शिखर पर राम ध्वज फहराया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, इसके अलावा, परिसर के भीतर स्थित अन्य सभी मंदिरों के शिखरों पर भी ध्वज फहराए जाएंगे जो इस मंदिर के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कीर्तिमान होगा। राम मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी अनिल मिश्रा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''कार्यक्रम अभी तैयार किया जा रहा है। जैसे ही यह तैयार हो जाएगा, मीडिया से साझा किया जाएगा।'' मंदिर सूत्रों ने बताया कि ध्वजारोहण कार्यक्रम, राम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम जितना भव्य होने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि ट्रस्ट अतिथियों की एक विस्तृत सूची तैयार कर रहा है जिसमें संत, धार्मिक नेता, गणमान्य अतिथि और भारत एवं विदेश से श्रद्धालु शामिल होंगे।

## बिहार चुनाव तक विशेष गहन पुनरीक्षण पर रोक लगाई जाए: तेजस्वी यादव

**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने निर्वाचन आयोग से सोमवार को आग्रह किया कि बिहार में विधानसभा चुनाव होने तक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य पर रोक लगाई जानी चाहिए। राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यादव ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सहयोगियों की उपस्थिति में यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह मांग की। पूर्व उपमुख्यमंत्री यादव ने दावा किया, ''इस कवायद को चुनावों तक रोक देना चाहिए। निर्वाचन आयोग को बूथ स्तर के अपने अधिकारियों से बात करनी चाहिए, जिन्हें डेटा एकत्र करते समय मतदाताओं की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है।'' उन्होंने कहा कि



आधार कार्ड और मनरेगा जॉब कार्ड, जो अधिकतर लोगों के पास उपलब्ध हैं, को स्वीकार्य पहचान प्रमाण की सूची से बाहर रखे जाने से लोगों को काफी असुविधा हो रही है। यादव ने कहा, ''यह हैरान करने वाली बात है कि आधार कार्ड, जो बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद बनाए जाते हैं और जिन्हें निर्वाचन आयोग संबंधित मतदाता पहचान पत्रों से जोड़ने का इरादा रखता है, उन्हें स्वीकार नहीं किया जा रहा है।'' उन्होंने निर्वाचन आयोग से इस प्रक्रिया के अंतर्गत आने वाले मतदाताओं का विधानसभा क्षेत्रवार ब्योरा दैनिक आधार पर जारी करने को कहा।

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने स्कूलों के विलय के खिलाफ दायर याचिका खारिज की

**लखनऊ :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार के 50 से कम छात्रों वाले प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों को नजदीकी संस्थानों के साथ विलय करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सोमवार को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की पीठ ने यह फैसला सुनाया। न्यायालय ने शुक्रवार को कृष्णा कुमारी और अन्य द्वारा दायर दो अलग-अलग याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित रखा था, जो राज्य सरकार के 16 जून के आदेश को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। याचिकाकर्ताओं के वकील एलपी मिश्रा और गौरव मेहरोत्रा ने दलील दी कि राज्य सरकार की कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद 21ए का उल्लंघन करती है, जो छह से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए शिक्षा के अधिकार की गारंटी देता है। उनकी दलील थी कि निर्णय के कार्यान्वयन से बच्चे अपने पड़ोस में शिक्षा के अधिकार से वंचित हो जाएंगे। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि सरकार को अधिक छात्रों को आकर्षित करने के लिए स्कूलों के मानक को सुधारने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि सरकार ने आर्थिक लाभ या हानि को दरकिनार करते हुए जन कल्याण की दिशा में काम करने के बजाय इन स्कूलों को बंद करने का आसान तरीका चुना है।

## उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**प्रयागराज :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने चुनाव के समय फर्जी शैक्षणिक डिग्री पेश करने और एक पेट्रोल पंप हासिल करने में उस डिग्री का उपयोग करने के आरोपों को लेकर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने प्रयागराज के दिवाकर नाथ त्रिपाठी नाम के व्यक्ति द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी। इस मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने के अनुरोध के साथ दंउ प्रक्रिया संहिता की धारा 156(3) के तहत दायर अर्जी खारिज किए जाने के बाद त्रिपाठी ने उच्च न्यायालय का रुख किया था। याचिकाकर्ता ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश को उच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी थी। हालांकि, फरवरी, 2024 में अदालत ने याचिका दायर करने में विलंब के आधार पर उनकी पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी थी। इसका आधार यह था कि त्रिपाठी ने निचली अदालत के आदेश के 300 से अधिक दिनों बाद यह याचिका दायर की थी। हालांकि, इस साल जनवरी में उच्चतम न्यायालय ने इस विलंब को माफ करते हुए उच्च न्यायालय को इस मामले में गुण-दोष के आधार पर विचार करने का निर्देश दिया था।

### भारतीय सेना ने करगिल के नायक कैप्टन विक्रम बत्रा को श्रद्धांजलि दी

**चंडीगढ़ :** भारतीय सेना ने 1999 के करगिल युद्ध के नायक कैप्टन विक्रम बत्रा को सोमवार को यहां डीएवी कॉलेज में श्रद्धांजलि दी। कैप्टन बत्रा सात जुलाई 1999 को ऑपरेशन विजय के दौरान युद्ध में शहीद हो गए थे। उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत 13 जेएके राइफल्स के कैप्टन विक्रम बत्रा की वीरतापूर्ण सेवा के परिचय के साथ हुई। कैप्टन बत्रा के पिता जी एल बत्रा और उनके जुड़वां भाई विशाल बत्रा को सेना की ओर से एक स्मृति चिह्न और आभार पत्र भेंट किया गया। बयान के अनुसार, यह कार्यक्रम शहीदों के परिवारों से जुड़ने के लिए एक विशेष अभियान का हिस्सा था।

## बिहार विधानसभा चुनावों में राजद को पूर्ण समर्थन देगी सपा

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि बिहार के आगामी विधानसभा चुनावों में उनकी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) को पूर्ण समर्थन देगी। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा किए गए ''घोटालों'' को पूरे बिहार में उजागर किया जाएगा। यादव ने पत्रकारों से कहा, ''हम बिहार चुनाव में लालू प्रसाद यादव जी और तेजस्वी जी का पूरा समर्थन करेंगे। उत्तर प्रदेश में भाजपा द्वारा किए गए घोटालों का खुलासा बिहार में किया जाएगा और लोगों को सच्चाई बताई जाएगी।'' जनता दल-यूनाइटेड (जद-यू) के साथ गठबंधन को लेकर भाजपा पर कटाक्ष करते हुए उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावी फायदे के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम और चेहरे का इस्तेमाल कर रही है, लेकिन उन्हें फिर से मुख्यमंत्री बनाने का कोई इरादा नहीं है। यादव ने दावा किया, ''वे (भाजपा) नीतीश कुमार जी के नाम और चेहरे का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन वे उन्हें फिर से मुख्यमंत्री नहीं बनाएंगे। हम एक बार उन्हें प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाना चाहते थे, लेकिन अब देखिए- वह मुख्यमंत्री पद से ही 'रिटायर' हो जाएंगे। भाजपा उन्हें 'रिटायर' होने के लिए मजबूर करेगी।''

## उत्तर प्रदेश में वन महोत्सव के दौरान नदियों के किनारे लगाए जाएंगे 3.5 करोड़ पौधे

**लखनऊ :** पर्यावरण संरक्षण और नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए एक महत्वाकांक्षी कदम के तहत प्रदेश में वन महोत्सव के दौरान वन विभाग ने प्रमुख नदियों के किनारे लगभग 3.5 करोड़ पौधों का रोपण करने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश सरकार ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि इस महा अभियान के तहत प्रदेश की प्रमुख नदियों- गंगा, यमुना, गोमती, केन, बेतवा आदि के किनारे पांच किलोमीटर के क्षेत्र में पौधारोपण किया जाएगा। इसके मुताबिक, प्रदेश में जैव विविधता संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के



कई विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। बयान में कहा गया है कि एक जुलाई से पौधरोपण के महाभियान के तहत वन विभाग ने प्रदेश की सभी प्रमुख नदियों के किनारे 21,313.52 हेक्टेयर क्षेत्र में 3,56,26,329 पौधों का रोपण करने का लक्ष्य रखा है। इस अभियान के तहत गंगा, यमुना, सरयू, गोमती, केन, बेतवा, राप्ती, सोन, रामगंगा, छोटी गंडक, चंबल, हिंडन, और अन्य नदियों के किनारे पांच किलोमीटर के दायरे में पौधरोपण किया जाएगा। वन विभाग ने इसके लिए विस्तृत योजना तैयार की है।

## मतदाता सूची के पुनरीक्षण के खिलाफ आयोजित विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे राहुल

**पटना :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी नई श्रम संहिता और बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ आयोजित ''चक्का जाम'' में शामिल होने के लिए बुधवार को पटना पहुंचेंगे। इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस (इंडिया) के नेताओं ने यह जानकारी दी। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार, बिहार के कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु और वाम दलों के नेताओं के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा की गई। कुमार ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पटना में आयोजित विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे। यहां चुनाव आयोग के कार्यालय तक मार्च प्रस्तावित है। तेजस्वी यादव ने कहा, ''हम पटना में राहुल गांधी के साथ रहेंगे, लेकिन आंदोलन पूरे बिहार में किया जाएगा। हम श्रम संहिता के खिलाफ चक्का जाम को समर्थन दे रहे हैं जो मतदाता सूची के पुनरीक्षण के समान ही लोकतंत्र पर हमला है।''

## बिहार: सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर' मनीष कश्यप प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी में शामिल

**पटना :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हाल में अलविदा कहने वाले बिहार के सोशल मीडिया 'इन्फ्लुएंसर' मनीष कश्यप ने सोमवार को प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी का दामन थाम



लिया। वह यहां किशोर की मौजूदगी में अपने समर्थकों के साथ जन सुराज पार्टी में शामिल हुए। कश्यप के यूट्यूब अकाउंट पर लगभग एक करोड़ सब्सक्राइबर हैं। वह कुछ साल पहले पहली बार तब सुर्खियों में आए थे, जब उन्हें तमिलनाडु पुलिस ने दक्षिणी राज्य में बिहारी प्रवासियों के साथ दुर्व्यवहार के कथित फर्जी वीडियो पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। पिछले साल लोकसभा चुनाव से पहले वह भाजपा में शामिल हुए थे, लेकिन टिकट नहीं दिया गया। कश्यप ने जून में एक वीडियो संदेश में भाजपा से अपने इस्तीफे की घोषणा की थी और आरोप लगाया था कि भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनावों तक उनका इस्तेमाल किया और उसके बाद उन्हें मझधार में छोड़ दिया।

## खनिज संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग से स्थानीय रोजगार के मौके बढ़ेंगे: शर्मा

**जयपुर :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को कहा कि राजस्थान में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध खनिज संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग से न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा बल्कि स्थानीय रोजगार और क्षेत्रीय विकास को भी गति मिलेगी। शर्मा तथा केन्द्रीय कोयला व खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने यहां मुख्यमंत्री निवास पर खान विभाग की समीक्षा बैठक की। इसमें मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सरकार राज्य में खनन से राजस्व अर्जन के साथ खनन और पर्यावरण के मध्य संतुलन पर भी विशेष जोर दे रही है। केन्द्र एवं राज्य सरकार के



बेहतरीन सामंजस्य से प्रदेश में खनन के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हो रहा है। आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में असीम खनिज संपदा की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए नए खनिज ब्लॉक की पहचान की जाए। साथ ही, नीलामी प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि केन्द्र सरकार से समन्वय करते हुए इस क्षेत्र में पर्यावरण मंजूरी में भी गति लायी जाए जिससे समयबद्ध खनन सुनिश्चित हो सके।

## व्यक्ति ने शराब के लिए रुपये देने से मना करने पर पत्नी की हत्या की

**आजमगढ़ (उप्र) :** जिले के जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के अंजानशहीद गांव में एक व्यक्ति ने शराब के लिए पैसे ना देने पर सोमवार को अपनी पत्नी की कथित रूप से चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मुंबई में मजदूरी करने वाला नूर-ए-आलम मुहर्रम के मद्देनजर चार दिन पहले गांव आया था। उन्होंने बताया कि सोमवार दोपहर उसने अपनी पत्नी रोशन (40) से शराब पीने के लिए पैसे मांगे, लेकिन पत्नी के इनकार करने पर दोनों के बीच विवाद हो गया जिसके बाद गुस्से में आकर आलम ने घर में रखे धारदार चाकू से रोशन के सीने पर वार कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि गंभीर रूप से घायल रोशन को तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आरोपी घूम-घूम कर हत्या के बारे में लोगों को बता रहा था।

# राजस्थान में मानसून मेहरबान, सामान्य से 126 प्रतिशत अधिक बारिश

**जयपुर :** राजस्थान में दक्षिण पश्चिम मानसून की मेहरबानी से इस सीजन में अब तक औसतन सामान्य से 126 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग का कहना है कि राज्य के अनेक भागों में बारिश का दौर अभी जारी रहने की उम्मीद है। विभाग के अनुसार राज्य में इस साल एक जून से सात जुलाई तक की अवधि में अब तक कुल मिलाकर 183.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई जो सामान्य 81.3 प्रतिशत से 126 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान पूर्वी राजस्थान में 284.5 मिलीमीटर (सामान्य 111.7 मिलीमीटर से 155 प्रतिशत अधिक) व पश्चिमी राजस्थान में 103.2



मिलीमीटर (सामान्य 57 मिलीमीटर से 81 प्रतिशत अधिक) बारिश हुई है। जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पूर्वी राजस्थान में सबसे अधिक बारिश वाले पांच जिलों में करौली, भीलवाड़ा, धौलपुर, दौसा व टोंक है। करौली में इस मानसून सीजन में अब तक सामान्य 95.5 मिलीमीटर की तुलना में 258 प्रतिशत अधिक 341.8 मिलीमीटर बारिश हुई है। इसी तरह पश्चिमी राजस्थान, जहां अधिकांश जिलों में मानसून आमतौर पर सबसे बाद में और थोड़ी बारिश के साथ पहुंचता है, वहां भी इस बार अच्छी बारिश हुई है। जालोर में इस अवधि में आमतौर पर 70.6 मिलीमीटर बारिश होती है लेकिन इस बार अब तक 209 प्रतिशत अधिक 218.1 मिलीमीटर बारिश हुई है।

## अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की अगली पीढ़ी तैयार करने को सरकारी स्कूलों में एस्ट्रो लैब की जा रही स्थापित

**लखनऊ :** अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की अगली पीढ़ी तैयार करने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ब्लॉक स्तर पर सरकारी स्कूलों में अंतरिक्ष प्रयोगशाला स्थापित कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वर्तमान में प्रदेश के कई जिलों में ब्लॉक के सरकारी स्कूलों में पीपीपी मॉडल पर अंतरिक्ष प्रयोगशाला (एस्ट्रो लैब) बनकर तैयार भी हो गई हैं। प्रदेश सरकार ने सोमवार को एक बयान जारी कर कहा कि इन प्रयोगशालाओं में बच्चे केवल किताबों से ही नहीं, बल्कि टेलीस्कोप और माइक्रोस्कोप के जरिए अंतरिक्ष के रहस्यों से रूबरू हो रहे हैं। बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री आदित्यनाथ प्रदेश के



बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और तकनीक-समर्थ शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र अंतरिक्ष, प्रकाश, गुरुत्वाकर्षण जैसे जटिल सिद्धांतों को प्रयोगशाला के जरिये समझ पा रहे हैं। इसमें बताया गया है कि सरकार ने इस अंतरिक्ष प्रयोगशाला को 'अमृत काल लर्निंग सेंटर' का नाम दिया है। इसे सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर तैयार किया जा रहा है। इनमें डॉबसोनियन टेलीस्कोप, पीआर हेडसेट, माइक्रोस्कोप और मानव शरीर रचना मॉडल जैसे अत्याधुनिक उपकरणों के जरिये बच्चों के ज्ञान को बढ़ाया जा रहा है। बलिया के जिलाधिकारी मंगला प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप बलिया के सभी 17 ब्लॉकों में विज्ञान एवं खगोलशास्त्र प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया जा रहा है। बलिया के सीडीओ ओजस्वी राज ने बताया कि अंतरिक्ष प्रयोगशाला को स्थापित करने में 2.5 से 3 लाख रुपये का खर्च आ रहा है और इसमें उपकरण व शिक्षकों का प्रशिक्षण भी शामिल है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### अबू सलेम को राहत नहीं, अदालत ने कहा– 25 साल की जेल अभी खत्म नहीं हुई

**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को गैंगस्टर अबू सलेम को राहत देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि प्रथम दृष्टया उसकी राय है कि उसने (सलेम) पुर्तगाल से प्रत्यर्पण की शर्तों के तहत भारत की जेल में अभी तक 25 साल पूरे नहीं किए हैं। सलेम ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर उसे जेल से रिहा करने का अनुरोध किया है। उसने दलील दी है कि अगर अच्छे आचरण के लिए छूट को शामिल किया जाए, तो वह पहले ही 25 साल के कारावास की सजा काट चुका है। याचिका में कहा गया है कि जब सलेम को पुर्तगाल से प्रत्यर्पित किया गया था, उस समय भारत सरकार ने आश्वासन दिया था कि उसे किसी भी मामले में मौत की सजा नहीं दी जाएगी और उसे 25 साल से अधिक की जेल की सजा भी नहीं दी जाएगी। न्यायमूर्ति ए एस गडकरी और न्यायमूर्ति राजेश पाटिल की पीठ ने सोमवार को सलेम की याचिका स्वीकार कर ली, लेकिन कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार, सलेम की गिरफ्तारी अक्टूबर 2005 में हुई थी और इसलिए प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट है कि 25 साल की अवधि अभी पूरी नहीं हुई है। पीठ ने कहा कि वह इस याचिका पर अंतिम सुनवाई उचित समय पर करेगी।

### दिल्ली के द्वारका में अवैध रूप से रह रहे 18 बांग्लादेशियों समेत 29 विदेशी नागरिक पकड़े गए

**नयी दिल्ली :** देश में अवैध रूप से रह रहे 18 बांग्लादेशियों सहित 29 विदेशी नागरिकों को दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के द्वारका से पकड़ा गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हिरासत में लिए गए व्यक्तियों के निर्वासन के आदेश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि कुल 29 विदेशी नागरिकों में से 18 बांग्लादेश के हैं, चार आइवरी कोस्ट से, तीन नाइजीरिया से, दो लाइबेरिया से तथा एक-एक तंजानिया और बेनिन से हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सभी विदेशी नागरिक देश में तय समय से ज्यादा समय तक या अवैध रूप से रहते हुए पाए गए। अधिकारी ने बताया कि इन लोगों को पकड़े जाने के बाद निर्वासन के लिए विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) को सौंप दिया गया है।

### आय से अधिक संपत्ति मामले में हुड्डा के पूर्व प्रधान सचिव की 14 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

**नयी दिल्ली :** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के प्रधान सचिव रह चुके भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के एक सेवानिवृत्त अधिकारी की 14 करोड़ रुपये कीमत की नौ आवासीय इकाइयों को उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले की जांच के तहत कुर्क किया गया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। ईडी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत चंडीगढ़, दिल्ली और गुरुग्राम स्थित इन संपत्तियों को कुर्क करने से जुड़ा अनंतिम आदेश 30 जून को जारी किया गया था।

### नवीन पटनायक को सर्जरी के बाद मुंबई के अस्पताल से छुट्टी मिली

**भुवनेश्वर :** बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष नवीन पटनायक को ग्रीवा गठिया संबंधी रीढ़ की सफल सर्जरी के बाद मुंबई के एक निजी अस्पताल से सोमवार को छुट्टी दे दी गई। पार्टी के एक नेता ने यह जानकारी दी। ओडिशा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की 22 जून को मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में चिकित्सा प्रक्रिया हुई थी। बीजद नेता संतृप्त मिश्रा ने कहा, "नेता प्रतिपक्ष को सोमवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वह अभी मुंबई में ही रहेंगे। चिकित्सक बताएंगे कि वह कब ओडिशा लौट सकते हैं।" अस्पताल सूत्रों ने बताया कि पटनायक की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार होने के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित कई लोगों ने सर्जरी के बाद पटनायक के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की।

# शांति का समय कुछ और नहीं बल्कि 'भ्रम' है: राजनाथ




**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सशस्त्र बलों द्वारा दिखाए गए पराक्रम की सराहना करते हुए कहा कि शांति का समय एक "भ्रम" के अलावा कुछ नहीं है और भारत को अपेक्षाकृत शांत अवधि के दौरान भी अनिश्चितता के लिए तैयार रहना चाहिए। सिंह ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अभियान में स्वदेश निर्मित उपकरणों और प्रणालियों के प्रदर्शन से भारत निर्मित सैन्य उत्पादों की वैश्विक मांग बढ़ी है। उन्होंने कहा, "विश्व हमारे रक्षा क्षेत्र को नए सम्मान की दृष्टि से देख रहा है। वित्तीय प्रक्रियाओं में एक भी देरी या त्रुटि अभियानगत तैयारियों को सीधे प्रभावित कर सकती है।" सिंह ने कहा, "अधिकतर उपकरण जो हम पहले आयात करते थे, अब भारत में बनाए जा रहे हैं। हमारे सुधार उच्चतम स्तर पर स्पष्ट दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता के कारण सफल हो रहे हैं।" रक्षा मंत्री रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) के नियंत्रकों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रक्षा विभाग से रक्षा में निजी क्षेत्र की बढ़ती भागीदारी के साथ तालमेल बिठाते हुए "नियंत्रक" से "सुविधाकर्ता" बनने का आह्वान किया। व्यापक भू-राजनीतिक स्थिति पर प्रकाश डालते हुए रक्षा मंत्री ने 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट' के विश्लेषण का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि 2024 में वैश्विक सैन्य व्यय 2.7 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर तक पहुंचा। उन्होंने कहा कि इससे भारत के स्वदेशी रक्षा उद्योगों के लिए अपार अवसर खुलेंगे। रक्षा मंत्री ने रक्षा विभाग के नए आदर्श वाक्य "सतर्क, सक्रिय, अनुकूल" की प्रशंसा की तथा कहा कि ये महज शब्द नहीं हैं, बल्कि आज के तेजी से विकसित हो रहे रक्षा परिवेश में आवश्यक कार्य संस्कृति का प्रतिबिंब हैं। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे केवल बाहरी 'ऑडिट' या सलाहकारों पर निर्भर रहने के बजाय आत्मावलोकन के माध्यम से आंतरिक सुधार करें। सिंह ने कहा कि आंतरिक मूल्यांकन के माध्यम से किए गए सुधार जीवंत संगठन बनाते हैं और ये सुधार अधिक बेहतर होते हैं, जिनमें कम बाधाएँ होती हैं।

### बहुजन छात्रों की शिक्षा का खुला विरोध कर रही है भाजपा : राहुल

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को एक खबर का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बहुजन छात्रों की शिक्षा का खुला विरोध कर रही है। उन्होंने एक अखबार की खबर का उल्लेख किया, जिसमें कहा गया है कि राष्ट्रीय विदेशी छात्रवृत्ति में चयनित 106 में से 66 वंचित छात्रों को विदेश में पढ़ने की छात्रवृत्ति नहीं मिल पाई, क्योंकि सरकार के पास फंड नहीं है। राष्ट्रीय विदेशी छात्रवृत्ति के तहत अनुसूचित जातियों, विमुक्त घुमंतू और अर्ध-घुमंतू जनजातियों, भूमिहीन कृषि मजदूरों और पारंपरिक कारीगरों जैसे हाशिए पर मौजूद समुदायों के कम आय वाले छात्रों को विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की तरफ से फिलहाल इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## भारत, म्यांमा के बीच कलादान परियोजना 2027 तक शुरू हो जाएगी: सोनोवाल

**गुवाहाटी :** केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सोमवार को कहा कि भारत और म्यांमा के बीच महत्वाकांक्षी कलादान परियोजना 2027 तक शुरू हो जाएगी। इस परियोजना का उद्देश्य देश के बाकी हिस्सों से पूर्वोत्तर की दूरी को कम करना है। सोनोवाल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि परियोजना के पूरा हो जाने के बाद आइजोल और कोलकाता के बीच की दूरी 700 किलोमीटर कम हो जाएगी। उन्होंने कहा, "(म्यांमा में) सितवे बंदरगाह तैयार है। अब आइजोल तक सड़क बनाने का काम जारी है। पूरी कलादान मल्टी-मॉडल पारगमन परिवहन परियोजना 2027 तक शुरू हो जाएगी।" पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सोनोवाल ने बताया कि उनका मंत्रालय परियोजना के लिए जलमार्ग विकसित करने में 1,000 करोड़ रुपये का निवेश कर रहा है, जबकि अन्य एजेंसी बाकी का काम संभाल रही हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र भारत की आर्थिक समृद्धि को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सोनोवाल ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि परिवहन के माध्यम से परिवर्तन किया जाना चाहिए। हम उनके निर्देश के अनुसार पूर्वोत्तर को दक्षिण एशिया के व्यापार केंद्र के रूप में विकसित करना चाहते हैं। इसमें जलमार्ग महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।" कलादान परियोजना का उद्देश्य भारत के पूर्वी बंदरगाहों से म्यांमा तक तथा दक्षिण-पूर्व एशियाई देश के माध्यम से पूर्वोत्तर तक माल की ढुलाई के लिए परिवहन का एक बहु-मॉडल माध्यम तैयार करना है।

## पूर्वोत्तर क्षेत्र में पिछले 11 साल के दौरान पांच लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया : सिंधिया

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार पूर्वोत्तर क्षेत्र को देश के विकास का इंजन बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है और इस क्षेत्र में पिछले 11 साल के दौरान पांच लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री सिंधिया ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा, "हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के अनुसार पूर्वोत्तर क्षेत्र को देश के विकास का इंजन बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इस क्षेत्र में पिछले 11 वर्षों के दौरान पांच लाख करोड़ रुपये का निवेश हो चुका है। इसके आधार पर पूर्वोत्तर क्षेत्र के आठों राज्य बुनियादी ढांचे, सामाजिक विकास और अन्य क्षेत्रों में नयी तीव्रता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की विकास की दर छह से सात प्रतिशत के बीच है, जबकि पूर्वोत्तर क्षेत्र के आठों राज्यों में यह दर 11 से 13 प्रतिशत के बीच बनी हुई है। सिंधिया ने रेखांकित किया कि मई के दौरान आयोजित 'राइजिंग नॉर्थ ईस्ट' निवेशक सम्मेलन में चार लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। उन्होंने कहा, "हमें उम्मीद है कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के आठों राज्य न केवल भारत के लिए, बल्कि पूरे 'ग्लोबल साउथ' के लिए विकास का नया उदय लेकर आएंगे।" केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि बिहार के अगले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसके गठबंधन के साथी दलों की सरकार निश्चित तौर पर बनेगी।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने भारतीय टीवी को फिर से परिभाषित किया: स्मृति ईरानी

**नयी दिल्ली :** नेता एवं अभिनेत्री स्मृति ईरानी क्योंकि सास भी कभी बहू थी में तुलसी विरानी की भूमिका के साथ अभिनय में वापसी कर रही हैं। ईरानी ने सोमवार को कहा कि 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में आदर्श बहू तुलसी विरानी की भूमिका निभाना महज एक भूमिका में वापस आना नहीं है, बल्कि एक ऐसी कहानी की ओर लौटना है, जिसने भारतीय टेलीविजन को फिर से परिभाषित किया और उनके जीवन को आकार दिया। स्टार प्लस पर 2000 से 2008 तक प्रसारित होने वाला और एक व्यवसायी परिवार में होने वाली गतिविधियों को दर्शाने वाला हिट शो, मंच पर एक नए अवतार में लौट रहा है। सोमवार को चर्चा और तेज हो गई जब ईरानी



की मैरून साड़ी पहने एक तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई। कई लोगों ने इसे शो से उनका पहला लुक बताया। ईरानी ने कुछ यात्राएं पूर्ण चक्र में होती हैं–पुरानी यादों के लिए नहीं, बल्कि उद्देश्य के लिए शीर्षक से एक बयान में कहा, इस अगले अध्याय में योगदान देकर, मैं 'क्योंकि...' की विरासत का सम्मान करने की आशा करती हूं – और एक ऐसे भविष्य को आकार देने में मदद करूंगी, जहां भारत के रचनात्मक उद्योगों का न केवल सम्मान किया जाएगा, बल्कि उन्हें वास्तव में सशक्त बनाया जाएगा। ईरानी ने कहा, 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में वापसी करना केवल एक भूमिका में वापस आना नहीं है, बल्कि एक ऐसी कहानी में वापसी है, जिसने भारतीय टेलीविजन को फिर से परिभाषित किया और मेरे अपने जीवन को नया आकार दिया। इसने मुझे व्यावसायिक सफलता से कहीं अधिक दिया– इसने मुझे लाखों घरों से जुड़ने का मौका दिया, एक पीढ़ी के भावनात्मक ताने-बाने में जगह दी।

## कांवड़ मेले के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए: पुलिस महानिरीक्षक

**ऋषिकेश :** इसी सप्ताह शुरू हो रहे श्रावण कांवड़ मेले को बिना किसी अड़चन के संपन्न कराए जाने के लिए पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी । एक पखवाड़े तक चलने वाला कांवड़ मेला 11 जुलाई से शुरू हो रहा है। इस दौरान शिवभक्त कांवड़िए हरिद्वार से गंगा जल भर कर ले जाते हैं और उससे सावन शिवरात्रि के दिन अपने गांवों और शहरों के शिवालयों में भोले बाबा का अभिषेक करते हैं। गढ़वाल के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) राजीव स्वरुप ने यहां 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि कांवड़ मेला क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस बार चप्पे चप्पे पर सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे। उन्होंने बताया कि कावंड़ यात्रा के दौरान आतंकवादी और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए गंगा घाटों, रेलवे स्टेशनों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों के अलावा होटल, धर्मशाला और आश्रम जैसे संभावित शरण स्थलों पर नियमित जांच की जाएगी। स्वरूप ने बताया कि मेले के दौरान सीसीटीवी एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों को क्रियाशील स्थिति में रखा जाएगा तथा सोशल मीडिया की भी सजग निगरानी कर भ्रामक सूचनाओं या अफवाहों का तत्काल खंडन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कावंड यात्रा मार्ग पर मेले के दौरान मांस की दुकानों को प्रतिबन्धित किया जाएगा तथा तेज आवाज में संगीत बजाने पर भी रोक रहेगी। आईजी ने बताया कि भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबन्ध, पार्किंग व्यवस्था, लाउडस्पीकर, खोया-पाया केंद्र, अग्निशमन दल एवं घाटों पर जल पुलिस की समुचित व्यवस्था की जाएगी।

## संविधान की प्रस्तावना बच्चों के लिए माता-पिता की तरह है, इसे बदला नहीं जा सकता : उपराष्ट्रपति धनखड़

**कोच्चि :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि भारतीय संविधान की प्रस्तावना बच्चों के लिए माता-पिता की तरह है और इसे बदला नहीं जा सकता, चाहे कोई कितनी भी कोशिश कर ले। उन्होंने कहा, "संविधान की प्रस्तावना को लेकर कई मुद्दे रहे हैं। भारतीय संविधान की प्रस्तावना बच्चों के लिए माता-पिता की तरह है। आप चाहे जितनी कोशिश कर लें, आप अपने माता-पिता की भूमिका को नहीं बदल सकते। यह संभव नहीं है।" कोच्चि स्थित 'नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ एडवांस्ड लीगल स्टडीज' (एनयूएएलएस) में छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि




ऐतिहासिक रूप से किसी भी देश के संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन भारत के संविधान की प्रस्तावना में आपातकाल के दौरान बदलाव किया गया। उन्होंने कहा, "हमारे संविधान की प्रस्तावना उस समय बदली गई जब सैकड़ों और हजारों लोग जेल में थे, जो कि हमारे लोकतंत्र का सबसे अंधकारमय काल यानी आपातकाल था।" उनका यह बयान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा संविधान की प्रस्तावना में शामिल शब्दों 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' की समीक्षा की हाल ही में की गई मांग के संदर्भ में आया है।

### बेंगलुरुः चार करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ बरामद, तीन नाइजीरियाई गिरफ्तार

**बेंगलुरु :** कर्नाटक के केंपेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास तीन नाइजीरियाई लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनके पास से 2.8 किलोग्राम सिंथेटिक मादक पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उनके पास से करीब 400 किलोग्राम हाइड्रो गांजा भी बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत चार करोड़ रुपये से अधिक है। बेंगलुरु ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सी. के. बाबा के अनुसार, विदेशी नागरिक मेडिकल वीजा पर भारत आए थे और पाया गया कि वे निर्धारित अवधि से अधिक समय तक भारत में रुके हुए थे।

## सामान बांध लिया है, सरकारी आवास छोड़ दूंगा : पूर्व प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़



**नयी दिल्ली :** सरकारी आवास पर निर्धारित समय से अधिक वक्त तक रहने को लेकर उठे विवाद के मद्देनजर भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने सोमवार को स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि सामान बांध लिया गया है और वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ जल्द ही किराये पर सरकारी आवास में चले जाएंगे। चंद्रचूड़, उनकी पत्नी कल्पना और बेटियां प्रियंका व माही पांच कृष्ण मेनन मार्ग, नयी दिल्ली स्थित प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) के आधिकारिक आवास में रह रहे हैं। प्रियंका और माही दोनों दिव्यांग हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने बंगले में निर्धारित समय से अधिक वक्त तक रहने के कारणों को विस्तार से बताते हुए 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हमने वास्तव में अपना सामान बांध लिया है। हमारा सामान पहले ही पूरी तरह बांधा जा चुका है। कुछ सामान पहले ही नए घर में भेज दिया गया है और कुछ यहां भंडार कक्ष में रखा हुआ है।आठ नवंबर, 2024 को कार्यालय से सेवानिवृत्त हुए 50वें प्रधान न्यायाधीश, कथित रूप से अधिक समय तक रहने के कारण आधिकारिक बंगला खाली करने के लिए उच्चतम न्यायालय प्रशासन द्वारा केंद्र को भेजे गए पत्र का जवाब दे रहे थे। पूर्व प्रधान न्यायाधीश ने विवाद पर दुख जताया और अपनी बेटियों की चिकित्सा स्थिति का हवाला दिया, जिन्हें !'व्हीलचेयर' अनुकूल घर की आवश्यकता थी। उन्होंने कहा, मैं आपको नहीं बताऊंगा कि मैं कैसा महसूस करता हूं, लेकिन आप कल्पना कर सकते हैं कि मैं इसके बारे में कैसा महसूस करता हूं...।

## नेशनल हेराल्डः यंग इंडियन ने आयकर विभाग के बयान का हवाला देकर ईडी के मामले पर उठाया सवाल

**नयी दिल्ली :** यंग इंडियन ने सोमवार को दलील दी कि आयकर विभाग ने 'नेशनल हेराल्ड' समाचारपत्र की प्रकाशक एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को दिए गए 90 करोड़ रुपये के कथित ऋण को दिखावटी लेनदेन बताया था और कहा था कि "पैसे कहीं नहीं गए", लेकिन यह ईडी के मामले का आधार बन गया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोनिया और राहुल गांधी, दिवंगत कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडीस, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा और एक निजी कंपनी यंग इंडियन पर 'नेशनल हेराल्ड' अखबार प्रकाशित करने वाली एजेएल की 2,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियों के धोखाधड़ी से अधिग्रहण पर साजिश और धनशोधन का आरोप लगाया है। ईडी का आरोप है कि गांधी परिवार के पास यंग इंडियन के 76 प्रतिशत शेयर थे, जिसने 90 करोड़ रुपये के ऋण के बदले में धोखाधड़ी करके एजेएल की संपत्ति हड़प ली। आयकर विभाग के कथित बयान का हवाला देते हुए यंग इंडियन के वकील ने सोमवार को सवाल किया, "अगर सरकार के दो अंग अलग-अलग रुख अपना रहे हैं, तो अपराध कैसे संभव है?" उन्होंने दलील दी कि शिकायत "बेतुकी बातों से भरी हुई थी" और इसमें "स्वाभाविक रूप से बेबुनियाद आरोप" थे। वकील ने कहा, ईडी को आरोपों की सत्यता की जांच करना वैधानिक रूप से आवश्यक था।

## जासूसी मामलाः यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की न्यायिक हिरासत 21 जुलाई तक बढ़ाई गई

**हिसार (हरियाणा) :** यहां की एक अदालत ने जासूसी के संदेह में गिरफ्तार की गई सोशल मीडिया 'इंफ्लुएंसर' ज्योति मल्होत्रा की न्यायिक हिरासत सोमवार को 14 दिनों के लिए बढ़ा दी। हिसार पुलिस ने यूट्यूब चैनल 'ट्रैवल विद जेओ' चलाने वाली मल्होत्रा को 16 मई को गिरफ्तार किया था। हिसार की रहने वाली यूट्यूबर को न्यू अग्रसेन एक्सटेंशन से गिरफ्तार किया गया था और उसके खिलाफ आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया। मल्होत्रा फिलहाल न्यायिक हिरासत में है, लेकिन अदालत ने



उसकी हिरासत अवधि को बढ़ा दिया है। मल्होत्रा के वकील कुमार मुकेश ने कहा, "उसकी न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है और सुनवाई की अगली तारीख 21 जुलाई तय की गई है।" तैंतीस वर्षीय यूट्यूबर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अदालत में पेश हुई। यहां की एक अन्य अदालत ने 9 जून को उसकी नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी थी। पुलिस ने जमानत का विरोध करते हुए तर्क दिया था कि इस मामले में जांच अभी जारी है। मल्होत्रा को 16 मई को गिरफ्तार किये जाने के बाद अदालत ने पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था, लेकिन आगे की पूछताछ के लिए पुलिस के अनुरोध पर इस हिरासत अवधि को चार दिन के लिए और बढ़ा दिया था। अदालत ने 26 मई को उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया, जिसे बाद में बढ़ा दिया गया था।

## हिमाचल प्रदेश में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 52 लोगों की मौत

### 28 लापता व्यक्तियों की तलाश तेज




**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में अब तक बारिश से संबंधित घटनाओं में 52 लोगों की मौत हो चुकी है और लापता हुए 28 लोगों की तलाश जारी है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 20 जून को मानसून की शुरुआत के बाद से राज्य में प्राकृतिक आपदा की कई घटनाएं घटी हैं जिनमें 23 बार अचानक बाढ़ आना, 19 बार बादल फटना और 16 जगह भूस्खलन होना शामिल है। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा प्रभावित मंडी जिले में खोज और बचाव अभियान तेज कर दिया गया है और पिछले हफ्ते थुनाग, गोहर और करसोग उपखंडों में लापता हुए 28 लोगों का पता लगाने के लिए ड्रोन और खोजी कुत्तों का इस्तेमाल किया जा रहा है। सोमवार को बिलासपुर जिले के साई खारसी इलाके में भूस्खलन हुआ और पहाड़ का एक बड़ा हिस्सा पेट्रोल पंप पर गिर गया। हालांकि, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पहाड़ से अचानक भारी मात्रा में मलबा और चट्टानें पेट्रोल पंप पर गिरने लगीं। अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय एवं राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, सेना, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और होमगार्ड के लगभग 250 जवान प्रशासन और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर तलाश एवं बचाव अभियान में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा 20 टीम लगातार जानकारी जुटा रही हैं और दुर्गम क्षेत्रों में राशन एवं मेडिकल किट वितरित कर रही हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, राज्य में 20 जून से अब तक 80 मौतें हुई हैं, जिनमें से 52 मौतें बादल फटने, अचानक बाढ़ और भूस्खलन जैसी बारिश से जुड़ी घटनाओं के कारण हुई हैं। अधिकारियों ने बताया कि बाकी 28 मौतें सड़क हादसों से जुड़ी हैं। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, मंडी की सांसद कंगना रनौत, नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर, प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और कई कैबिनेट मंत्रियों के अलावा अन्य नेताओं ने प्रभावित इलाकों का दौरा किया है। उपमुख्यमंत्री अग्निहोत्री ने कहा कि क्षेत्र में करीब 241 जलापूर्ति परियोजनाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं, जिनमें सेराज और बालीचौकी क्षेत्रों में 121 करोड़ रुपये की सबसे बड़ी योजना भी शामिल है।

## कर्पूरीग्राम स्टेशन का उन्नयन एवं सब-वे निर्माण का केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया शिलान्यास




**हाजीपुर,समाज्ञा :** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को बिहार के समस्तीपुर ज़िले के कर्पूरीग्राम स्टेशन का उन्नयन और पश्चिमी छोर पर नए सब-वे निर्माण का शिलान्यास किया। इस मौके पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, दरभंगा के सांसद श्री गोपाल जी ठाकुर, समस्तीपुर सांसद श्रीमती शांभवी, और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। रेल मंत्री ने बताया कि 3.30 करोड़ की लागत से कर्पूरीग्राम स्टेशन का आधुनिकरण किया जाएगा, जिसमें स्टेशन रिमॉडलिंग और यात्री सुविधाओं का विकास होगा। साथ ही, 18 फीट चौड़ा एफओबी और 14 करोड़ की लागत से सब-वे का निर्माण किया जाएगा, जो आसपास के गांवों को जोड़ने में मदद करेगा। इससे पहले उन्होंने दीघा ब्रिज हाल्ट से कर्पूरीग्राम तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। बाद में समस्तीपुर पहुंचकर स्टेशन और कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया और यात्रियों से बातचीत की। समस्तीपुर मंडल सभागार में हुई समीक्षा बैठक में रेल मंत्री ने परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि रेलवे में माल यातायात की हिस्सेदारी बढ़कर 29% हुई है और इसे 35% तक ले जाने का लक्ष्य है। साथ ही, पिछले 11 वर्षों में 35,000 किमी नया रेलवे ट्रैक बिछाया गया है। उन्होंने रेल नियुक्तियों हेतु वार्षिक कैलेंडर में सुधार, आरओबी/लाइट आरओबी निर्माण, कंटेनर डिपो स्थापना और पूर्व मध्य रेल को पहला 100% इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग ज़ोन बनाने की बात कही। पटना में संवाददाताओं से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बिहार के रेल बजट को 10 गुना बढ़ाकर 10,000 करोड़ कर दिया गया है। उन्होंने कई नई रेल परियोजनाओं की घोषणा की, जिनमें:

भागलपुर-जमालपुर तीसरी लाइन (1156 करोड़),बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया दोहरीकरण (2017 करोड़),रामपुरहाट-भागलपुर दोहरीकरण (3000 करोड़) शामिल हैं। इसके साथ ही जल्द ही पाटलिपुत्र (53 करोड़) और दरभंगा (10 करोड़) में दो नए सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क का उद्घाटन किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान पूर्व मध्य रेल के जीएम छत्रसाल सिंह सहित दानापुर, सोनपुर एवं समस्तीपुर मंडलों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### वैष्णव ने बिहार के लिए चार नयी अमृत भारत ट्रेन शुरू करने की घोषणा की

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के लिए दिल्ली समेत अन्य शहरों से बहुत जल्द चार नयी अमृत भारत ट्रेन शुरू किए जाने की सोमवार को घोषणा की। रेलवे की कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने के लिए बिहार आए वैष्णव ने कहा कि चार अमृत भारत ट्रेन नयी दिल्ली-पटना, दरभंगा-लखनऊ, मालदा टाउन-लखनऊ और सहरसा-अमृतसर के बीच चलेंगी।

## मनु भाकर एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय निशानेबाजी टीम में

**नयी दिल्ली :** ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर कजाकिस्तान के श्यामकेंट में 16 से 30 अगस्त तक होने वाली 16वीं एशियाई चैम्पियनशिप के लिए सोमवार को घोषित 35 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल एकमात्र ऐसी निशानेबाज हैं जो दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भाग लेगी। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) द्वारा घोषित अन्य टीमें सितंबर-अक्टूबर में यहां होने वाले आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप और जूनियर एशियाई चैंपियनशिप के लिए हैं, जो सीनियर प्रतियोगिता के साथ ही होगी। एनआरएआई ने चीन के निंगबो में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/पिस्टल) के लिए सीनियर टीम की घोषणा भी कर दी है। यह प्रतियोगिता सात से 15 सितंबर तक आयोजित की जाएगी। इस प्रमुख एशियाई प्रतियोगिता के लिए सीनियर टीम में 35 सदस्य हैं, जो तीन मिश्रित टीम सहित 15 स्पर्धाओं में भाग लेंगे। भाकर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

# बहन के योगदान ने आकाश दीप को बनाया मैच विजेता क्रिकेटर

## मेरी बहन कैंसर से पीड़ित है, यह प्रदर्शन उसे समर्पित: आकाश दीप

**कोलकाता :** इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन मैदान पर खेले गए टेस्ट मैच के भारतीय नायक आकाश दीप के क्रिकेटर बनने में उनकी बहन अखंड ज्योति का बड़ा योगदान रहा है, जो खुद अबकोलोन कैंसर के तीसरे चरण से जूझ रही हैं। आकाश दीप ने 2015 में छह महीने के अंतराल में अपने पिता रामजी सिंह और अपने सबसे बड़े भाई को खो दिया था तब उनके क्रिकेट करियर पर संकट छा गया था। निराशा के उस क्षण में अखंड ज्योति ने अपने सबसे छोटे भाई के सपने को पूरा करने के लिए लगातार प्रेरित किया। उस समय उनकी बहन ने कहा था, ''इसी फील्ड (क्षेत्र) में आगे बढ़े।'' इस वाक्ये के कई साल के बाद उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 10 विकेट




लेकर भारत की ऐतिहासिक जीत की नींव रखी। इस तेज गेंदबाज ने अपने प्रदर्शन को मैच के बाद भावुक होकर अपनी बहन को समर्पित किया। आकाश दीप ने मैच की पहली पारी में 88 रन देकर चार विकेट लेने के बाद दूसरी पारी में 99 रन देकर छह विकेट लेकर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनके इस प्रदर्शन से भारत ने 336 रन की जीत के साथ पांच मैचों की श्रृंखला को 1-1 से बराबर किया। इस तेज गेंदबाज के इस प्रदर्शन के पीछे एक भावुक कहानी छिपी है। अखंड ज्योति 14 मई को कोलन कैंसर की सर्जरी करवाने के बाद अब कीमोथेरेपी पर हैं। ज्योति के पति नितेश कुमार सिंह सेना से सेवानिवृत्त है और अब बैंक में काम कर रहे हैं। उन्होंने लखनऊ से पीटीआई को बताया, ''यह पूरे परिवार के लिए गर्व की बात है। पिता की मृत्यु के बाद आकाश दिल्ली में क्लब क्रिकेट खेल रहे थे, लेकिन उन्हें वह सफलता नहीं मिल रही थी । यह ज्योति ही थीं जिन्होंने उनसे कहा, 'इसे गंभीरता से लो। अगर जरूरत पड़े तो कहीं और जाओ और इस सपने को पूरा करो'।''

## पहले ही श्रृंखला जीत चुकी भारतीय अंडर-19 टीम इंग्लैंड से सात विकेट से हारी

**वॉर्सेस्ट :** भारतीय अंडर-19 टीम सोमवार को यहां पांचवें युवा वनडे मैच में इंग्लैंड अंडर-19 से सात विकेट से हार गयी। भारत ने हालांकि शनिवार को चौथा मैच 55 रन से जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली थी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद नौ विकेट पर 210 रन बनाए। इंग्लैंड ने इस लक्ष्य को 113 गेंदें शेष रहते हुए आसानी से हासिल कर लिया। भारत की शुरुआत खराब रही। कप्तान आयुष म्हात्रे (1) और विहान मल्होत्रा (1) तीन ओवर के अंदर ही आउट हो गए। उस समय स्कोर सिर्फ नौ रन था। युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी (42 गेंदों में 33 रन) अपनी आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन नहीं कर पाए, लेकिन उन्होंने राहुल कुमार (21) के साथ मिलकर 51 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी कर पारी को संभाला। यह साझेदारी खतरनाक होती उससे पहले ही सूर्यवंशी तीन चौके और दो छक्के लगाने के बाद सेबस्टियन मॉर्गन की गेंद पर एलेक्स ग्रीन को कैच देकर आउट हो गये।




राहुल कुमार भी ज्यादा देर टिक नहीं पाए और ग्रीन की गेंद पर बीजे डॉकिन्स को कैच थमा बैठे। विकेटकीपर हरवंश पंगालिया (24), कनिष्क चौहान (24) और दीपेश देवेंद्रन (0) लगातार अंतराल विकेट गंवाते रहे आरएस अंबरीश ने 81 गेंदों में छह चौकों की मदद से जुझारू 66 रन बनाकर एक छोर संभाले रखा और टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचाया। इंग्लैंड ने बेन मेयस के नाबाद 82, बीजे डॉकिन्स के 66 और कप्तान थॉमस रेव के 37 गेंदों में नाबाद 49 रनों की मदद से लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। मेयस ने अपनी 76 गेंदों की पारी में 11 चौके और एक छक्का लगाया, जबकि डॉकिन्स ने अपनी 53 गेंदों की पारी में नौ चौके और तीन छक्के जड़े। भारत के लिए लेग-स्पिनर नमन पुष्पक ने 65 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि दीपेश देवेंद्रन ने अपने सात ओवरों में 34 रन देकर एक विकेट हासिल किया।

## पूर्व भारतीय कप्तान धोनी 44 बरस के हुए

**मुंबई :** भारत के पूर्व दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी सोमवार को 44 बरस के हो गए। धोनी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास के एकमात्र कप्तान हैं जिन्होंने एकदिवसीय विश्व कप, टी20 विश्व कप और



चैंपियन्स ट्रॉफी तीनों खिताब जीते हैं। धोनी की कप्तानी में भारतीय टेस्ट टीम 18 महीने तक दुनिया की नंबर एक टीम भी रही। पिछले महीने धोनी को 2025 के आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। धोनी ने लगभग पांच साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था लेकिन लगातार घुटने की चोट से परेशान रहने के बावजूद इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से खेल रहे हैं। इस साल के आईपीएल में धोनी ने अधिकांश समय सुपरकिंग्स के नियमित कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की जगह जिम्मेदारी संभाली क्योंकि वह कोहनी की चोट के कारण बाहर हो गए थे। उनकी अगुआई में टीम ने सत्र के अंत में कुछ प्रभावशाली जीत दर्ज की।

## डीपीएल में आमने-सामने होगा कोहली का भतीजा और सहवाग का बेटा

**नयी दिल्ली :** दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सत्र में दो हाई-प्रोफाइल खिलाड़ियों विराट कोहली के भतीजे आर्यवीर कोहली और वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर सहवाग का जलवा देखने को मिल सकता है। इन दोनों को रविवार को हुई नीलामी के दौरान अलग-अलग फ्रैंचाइजी टीमों ने खरीदा। उभरते हुए लेग-स्पिनर आर्यवीर कोहली विराट के बड़े भाई विकास के बेटे हैं जिन्हें साउथ दिल्ली सुपरस्टारज ने खरीदा। इस टीम में लीग के सबसे महंगे खिलाड़ियों में शुमार लेग-स्पिनर दिग्वेश राठी (38 लाख रुपये) भी शामिल हैं। इस लीग के शुरुआती सत्र में किसी टीम से बोली हासिल करने में नाकाम रहे अंडर-19 बल्लेबाज आर्यवीर सहवाग को सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने आठ लाख रुपये में खरीदा।

## मुल्डर ने लारा के सम्मान में 400 रन से पहले पारी घोषित की

**बुलावायो :** दक्षिण अफ्रीका के कार्यवाहक कप्तान वियान मुल्डर ने कहा कि उन्होंने ब्रायन लारा के नाबाद 400 रन के रिकॉर्ड के करीब होने के बावजूद पारी घोषित करने का फैसला किया क्योंकि उनका मानना है कि वेस्टइंडीज के दिग्गज 'रिकॉर्ड बनाए रखने के हकदार हैं'। मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन नाबाद 367 रन की पारी खेली लेकिन टीम की पारी को 626 रन पर घोषित कर दिया जबकि वह लारा के ऐतिहासिक रिकॉर्ड को तोड़ने से सिर्फ 34 रन पीछे थे। मुल्डर ने दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा, ''सबसे पहले मुझे लगा कि हमारे पास पर्याप्त रन हैं और हमें गेंदबाजी करने की




जरूरत है। दूसरा, ब्रायन लारा एक दिग्गज हैं। उनके कद का व्यक्ति यह रिकॉर्ड बनाए रखने का हकदार है।'' उन्होंने कहा, ''अगर मुझे दोबारा ऐसा करने का मौका मिला तो मैं बिल्कुल ऐसा की करूंगा। मैंने शुक्स (शुकरी कॉनराड) से बात की और उन्हें भी ऐसा ही लगा। ब्रायन लारा एक महान खिलाड़ी हैं और वह इस रिकॉर्ड को बनाए रखने के हकदार हैं।'' लारा टेस्ट पारी में 400 रन बनाने वाले एकमात्र बल्लेबाज हैं। उन्होंने यह स्कोर 2004 में एंटीग में इंग्लैंड के खिलाफ बनाया था।

## झारखंड के राज्यपाल ने डूरंड का ट्रॉफी का अनावरण किया

**जमशेदपुर :** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने सोमवार को एशियाई की सबसे पुरानी फुटबॉल प्रतियोगिता 134वें डूरंड कप की ट्रॉफी का अनावरण किया। यह प्रतियोगिता 23 जुलाई को कोलकाता में शुरू होगी। इस प्रतियोगिता के लिए 24 टीम को छह ग्रुप में बांटा गया हैं जहां वे विश्व के तीसरे सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट को जीतने के लिए चुनौती पेश करेंगी। प्रतियोगिता का आयोजन पांच राज्यों पश्चिम बंगाल, झारखंड, मणिपुर, मेघालय और असम में




किया जाएगा। इस टूर्नामेंट के साथ भारतीय फुटबॉल के नए सत्र की शुरुआत होगी। जमदेशपुर ग्रुप सी के मुकाबलों की मेजबानी करेगा जिसमें भारतीय सेना, नेपाल के त्रिभुवन एफसी, लद्दाख एफसी और जमशेदपुर एफसी को जगह मिली है। इसके अलावा 16 अगस्त को यहां एक क्वार्टर फाइनल भी खेला जाएगा।



## ट्रैवल फूड सर्विसेज के आईपीओ को पहले दिन 10 प्रतिशत अभिदान

**नयी दिल्ली :** ट्रैवल फूड सर्विसेज लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को सोमवार को बोली के पहले दिन 10 प्रतिशत अभिदान मिला। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, इस आईपीओ को 13,90,766 शेयरों के लिए बोलियां मिलीं जबकि पेशकश 1,34,12,842 शेयरों की की गई है। खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों के हिस्से को 14 प्रतिशत अभिदान मिला जबकि पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के हिस्से को सात प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ। गैर-संस्थागत निवेशकों के हिस्से को छह प्रतिशत अभिदान मिला।

## जियो ब्लैकरॉक म्यूचुअल फंड ने पहले एनएफओ से 17,800 करोड़ रुपये जुटाए

**नयी दिल्ली :** जियो ब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने सोमवार को अपनी पहली नई कोष पेशकश (एनएफओ) से कुल 17,800 करोड़ रुपये का निवेश जुटाया है। कंपनी का यह एनएफओ अब बंद हो गया है। जियो ब्लैकरॉक एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (जेएफएसएल) और ब्लैकरॉक के बीच 50-50 प्रतिशत हिस्सेदारी वाला संयुक्त उद्यम है। यह राशि तीन नकद/ऋण म्यूचुअल फंड योजनाओं - जियोब्लैकरॉक ओवरनाइट फंड, जियोब्लैकरॉक लिक्विड फंड और जियोब्लैकरॉक मनी मार्केट फंड से जुटाई गई।

## जगुआर लैंड रोवर की थोक, खुदरा बिक्री अप्रैल-जून तिमाही में घटी

**नयी दिल्ली :** जगुआर लैंड रोवर ने 30 जून को समाप्त पहली तिमाही में डीलरों को 87,286 इकाइयां भेजी हैं। यह सालाना आधार पर कंपनी की थोक बिक्री में 11 प्रतिशत की गिरावट है। जेएलआर ने सोमवार को बयान में कहा कि पिछले साल की तुलना में पहली तिमाही में उत्तरी अमेरिका, यूरोप और ब्रिटेन में थोक बिक्री में क्रमश: 12 प्रतिशत, 14 प्रतिशत और 25 प्रतिशत की गिरावट आई है।

# ब्रिक्स समावेशी बहुपक्षवाद को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण मंच: सीतारमण

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि ब्रिक्स समावेशी बहुपक्षवाद को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि खासकर ऐसे समय जब वैश्विक संस्थाएं वैधता और प्रतिनिधित्व के संकट का सामना कर रही हैं, इसकी भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। सीतारमण ने ब्राजील के रियो डी जिनेरियो में ब्रिक्स वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नर (एफएमसीबीजी) की बैठक में कहा कि भारत ने मजबूत घरेलू मांग, सूझबूझ वाले वृहद आर्थिक प्रबंधन और लक्षित राजकोषीय उपायों के माध्यम से मजबूत दिखायी है। वित्त मंत्रालय की तरफ से सोशल मीडिया मंच पर 'एक्स' पर दी गयी जानकारी के मुताबिक, वित्त मंत्री ने कहा कि



व्यापार और वित्तीय प्रतिबंधों के संदर्भ में भारत ने नीतिगत उपायों के जरिये बाजारों में विविधता लाने, बुनियादी ढांचे की अगुवाई में वृद्धि को बढ़ावा देने और प्रतिस्पर्धी क्षमता और उत्पादकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संरचनात्मक सुधारों को लागू करने पर ध्यान दिया है। सीतारमण ने भारत के नजरिये को रखते हुए कहा कि ब्रिक्स समावेशी बहुपक्षवाद को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। ऐसे समय जब वैश्विक संस्थान वैधता और प्रतिनिधित्व के संकट का सामना कर रहे हैं, ब्रिक्स को सहयोग को मजबूत करके, भरोसेमंद सुधारों की वकालत करके और वैश्विक दक्षिण की आवाज को बढ़ाकर उदाहरण पेश करना चाहिए। उन्होंने कहा, ''जलवायु और विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में दक्षिण-दक्षिण सहयोग महत्वपूर्ण बना हुआ है। वैश्विक दक्षिण से जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने को लेकर प्रमुख रूप से बोझ उठाने की उम्मीद नहीं की जानी चाहिए। ब्रिक्स देश सतत विकास के लिए सहयोग को प्रगाढ़ बनाने को लेकर अच्छी स्थिति में हैं।'' सीतारमण ने ब्रिक्स सदस्य देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नर की बैठक के मौके पर, रूस और चीन के वित्त मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं और द्विपक्षीय सहयोग और हितों के मुद्दों पर चर्चा की।

## कर्ज प्रतिभूतिकरण की मात्रा बढ़कर अप्रैल-जून में 49,000 करोड़ रुपये हुई

**मुंबई :** इस साल अप्रैल-जून, 2025 के दौरान ऋण प्रतिभूतिकरण की मात्रा बढ़कर 49,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। सोमवार को एक रिपोर्ट में बताया गया कि एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 45,000 करोड़ रुपये था। क्रिसिल रेटिंग्स ने कहा कि प्रतिभूतिकरण शुरू करने वाली इकाइयों की संख्या लगभग 90 थी। प्रतिभूतिकरण आरंभ करने वालों से आशय ऐसा बैंकों या वित्तीय संस्थानों से है, जो एक या कई ऋण छूट के साथ एक नई इकाई को प्रतिभूति या बॉन्ड के रूप में बेचते हैं। घरेलू रेटिंग एजेंसी ने कहा कि बड़ी कंपनियों की अगुवाई में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) द्वारा जारी किए गए निर्गमों में 24 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एनबीएफसी कंपनियों ने बाजार में 92 प्रतिशत का योगदान दिया, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा 74 प्रतिशत था।

## ड्रोन से 2030 तक भारत की विनिर्माण क्षमता 23 अरब डॉलर तक बढ़ सकती है: रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** ड्रोन उद्योग से 2030 तक देश की विनिर्माण क्षमता 23 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ सकती है। एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताते हुए कहा गया है कि रक्षा, कृषि, लॉजिस्टिक और बुनियादी ढांचा जैसे क्षेत्रों से बढ़ती मांग के कारण ऐसा होगा। 'नेक्सजेन' की रिपोर्ट के मुताबिक, ड्रोन आधुनिक युद्ध रणनीतियों में एक प्रमुख माध्यम के रूप में उभर रहा है। गौरतलब है कि पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के कारण देश में ड्रोन को अपनाने में उल्लेखनीय बदलाव हुए हैं। रिपोर्ट 15 शहरों की 150 कंपनियों के सर्वेक्षण पर आधारित है। इसके मुताबिक, 40 प्रतिशत ड्रोन कंपनियों का मानना है कि रक्षा क्षेत्र के बाद 2030 तक भारत में कृषि क्षेत्र में ड्रोन की सबसे अधिक मांग होने का अनुमान है। इसके अनुसार, वैश्विक कृषि ड्रोन बाजार का आकार 2030 तक 5.89 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। इस गति को और आगे बढ़ाने के अपने प्रयास में दिल्ली 31 जुलाई से एक अगस्त, 2025 तक 'ड्रोन इंटरनेशनल एक्सपो 2025' की मेजबानी कर रही है। नेक्सजेन एग्जिबिशन के इस आयोजन में रूस, ताइवान, कनाडा, यूक्रेन और भारत सहित छह से अधिक देशों के नवीनतम नवाचार को प्रदर्शित किया जाएगा। एक्सपो में 50 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ड्रोन निर्माता अपने उत्पाद नवाचारों का प्रदर्शन कर रहे हैं।

## अमेरिकी शुल्क लागू होने की समयसीमा करीब आने से निवेशक सतर्क: सेंसेक्स, निफ्टी स्थिर रुख के साथ बंद

**मुंबई :** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी सोमवार को लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुए। एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी के बीच अमेरिकी शुल्क लागू होने की नौ जुलाई की समयसीमा करीब आने के साथ निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 9.61 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की नाममात्र तेजी के साथ 83,442.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक ऊंचे में 83,516.82 अंक तक गया और नीचे में 83,262.23 अंक तक आया। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी स्थिर बंद हुआ। निफ्टी के 22 शेयर लाभ में जबकि 28 नुकसान में रहे। दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों



(एफएमसीजी) तथा पेट्रोलियम कंपनियों के शेयरों में लाभ ने आईटी तथा धातु शेयरों में हुए नुकसान की भरपाई की। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर चिंता से बाजार में उतार-चढ़ाव आया। अमेरिका के भारत समेत विभिन्न देशों पर लगाये गये शुल्क को 90 दिन के लिए टाले जाने की अवधि नौ जुलाई को समाप्त हो रही है। अमेरिका में आयात होने वाले भारतीय उत्पादों पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त आयात शुल्क लगाये जाने की घोषणा की गयी है। आशिका इंस्टिट्यूशनल इक्विटी के तकनीकी और डेरिवेटिव विश्लेषक सुंदर केवट ने कहा, ''सोमवार को भारतीय शेयर बाजार स्थिर बंद हुए। मानक सूचकांक निफ्टी 25,450 पर खुला। कारोबार के दौरान यह नीचे में 25,407 पर आया और ऊंचे में 25,489 के स्तर तक गया। पूरे सत्र के दौरान सूचकांक ने एक सीमित दायरे में कारोबार किया। इसका कारण निवेशक अमेरिकी शुल्क को लेकर सतर्क हैं। उन्होंने कहा, ''बाजार प्रतिभागी आक्रामक रुख अपनाने को लेकर अनिच्छुक दिखे, जिससे सूचकांक सीमित दायरे में रहे।'' सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, कोटक महिंद्रा बैंक, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स और आईटीसी लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि., टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति और इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) शामिल हैं।

## सरकार तिलहन, दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए राज्यवार योजना तैयार करेगी: चौहान

**नयी दिल्ली :** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कहा कि सरकार तिलहन और दलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए राज्यवार और फसलवार योजना तैयार करेगी। इसका उद्देश्य देश की आयात पर निर्भरता को कम करना है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की 96वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुए चौहान ने इन जिंसों में अनुसंधान को मजबूत करने और केंद्र-राज्य सहयोग को बढ़ाने का आह्वान किया। मंत्री ने कहा, ''भविष्य के अनुसंधान के रास्ते, राज्य के अनुसार तय करने होंगे।'' उन्होंने कहा, ''मांग आधारित शोध करने की आवश्यकता है। शोध, केवल कागजी औपचारिकताओं के लिए नहीं होना चाहिए, बल्कि किसानों




की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए।'' देश ने खाद्यान्न उत्पादन में उल्लेखनीय प्रगति की है, जो रिकॉर्ड स्तर को छू रहा है, इस बात को स्वीकार करते हुए चौहान ने कहा कि चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं। उन्होंने कहा, ''उत्पादन को और बढ़ाने के लिए दलहन और तिलहन में और अधिक शोध किये जाने की आवश्यकता है, जिसके लिए राज्यवार और फसलवार कार्ययोजना तैयार की जाएगी।'' मंत्री ने बताया कि फसलवार बैठकों की एक श्रृंखला शुरू हो गई है, जिसमें हाल ही में मध्य प्रदेश के इंदौर में सोयाबीन पर एक बैठक हुई। इसी तरह की बैठकें कपास, गन्ना और अन्य फसलों पर भी होंगी।

## वनप्लस आज लॉन्च करेगा नॉर्ड 5 श्रृंखला और बड्स 4

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनी वनप्लस ने घोषणा की है कि वह 8 जुलाई को दोपहर 2 बजे अपनी नई नॉर्ड 5 श्रृंखला और वनप्लस बड्स 4 को लॉन्च करेगी। वनप्लस नॉर्ड 5 में शक्तिशाली स्नैपड्रैगन 8 श्रृंखला का प्रोसेसर, 50 मेगापिक्सल दोहरा कैमरा, और बेहतर गेमिंग अनुभव के लिए 144 छवियों प्रति सेकंड तक का समर्थन मिलेगा। नॉर्ड सीई 5 में 7,100 मिलीएम्पियर घंटे की बड़ी बैटरी, डायमेंसिटी 8350 प्रोसेसर, और 50 मेगापिक्सल कैमरा होगा, जो तेज़ चार्जिंग और दमदार प्रदर्शन देगा। वनप्लस बड्स 4 में 45 घंटे की बैटरी, 3डी ध्वनि तकनीक, लो-लेटेंसी गेम मोड , स्थिर ब्लूटूथ आउटडोर के लिए स्टेडी कनेक्ट और वास्तविक समय में भाषा रूपांतरण के लिए एआई ट्रांसलेशन का आनंद ले सकते हैं। ये सभी उपकरण क्रमशः 9 जुलाई और 12 जुलाई से बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। अधिक जानकारी के लिए वनप्लस की आधिकारिक वेबसाइट या अपने नज़दीकी स्टोर पर संपर्क करें।

## अमेज़न प्राइम डे 12 जुलाई से, नए लॉन्च और शानदार डील्स के साथ तैयार है इंडिया

**कोलकाता समाज्ञा :** अमेज़न इंडिया ने प्राइम डे 2025 की घोषणा कर दी है, जो 12 जुलाई की मध्यरात्रि से 14 जुलाई की रात 11:59 बजे तक चलेगा। यह 72 घंटे का शॉपिंग इवेंट खासतौर पर प्राइम सदस्यों के लिए होगा। इस दौरान स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, होम-किचन, ब्यूटी, किराना और कई श्रेणियों में 400 से अधिक ब्रांडों के नए लॉन्च और बेहतरीन छूट मिलेंगी। ग्राहकों को तेज़ डिलीवरी देने के लिए अमेज़न ने देश के टियर-2 और टियर-3 शहरों जैसे पंचकूला, मोहाली, नागपुर, इंदौर और हावड़ा में 30 से अधिक नए डिलीवरी स्टेशन शुरू किए हैं। अमेज़न ने बताया कि 'रुफस' नामक एआई आधारित शॉपिंग सहायक अब डेस्कटॉप पर भी उपलब्ध है, जो खरीदारी को आसान बनाता है।प्राइम सदस्यता तीन रूपों में उपलब्ध है:वार्षिक प्राइम 1,499,प्राइम लाइट 799,प्राइम शॉपिंग एडिशन 399,अमेज़न ने हाल ही में भारत में अपने लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को मजबूत करने के लिए 2,000 करोड़ का निवेश भी किया है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3290 अंक 100, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in